नई दिल्ली

नई दिल्ली, बुधवार 4 सितंबर 2019

भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष, षष्ठी वर्ष : 23, अंक : 168 पृष्ठ 14 मूल्य 3.00

मौसम अधि. 37.5 न्यून. 25.9

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



13 मिताली राज ने टी-20 क्रिकेट को कहा अलविदा





विचार पेज 08 एनआरसी पर हंगामा क्यों


## खबर संक्षेप

### पीएम मोदी आज से दो दिवसीय रूस दौरे पर




**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय रूस दौरे पर रवाना हो गए हैं। पीएम मोदी बुधवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से द्विपक्षीय बातचीत भी करेंगे। पीएम मोदी यहां ईस्टर्न इकोनॉमिक फोरम और दोनों देशों के बीच के 20वें वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का रूस का दो दिवसीय दौरा बुधवार से शुरू हो रहा है। ईईएफ को रूस ने 2015 में शुरू किया और इसमें पूर्व वाणिज्य व उद्योग मंत्री ने 2018 में भाग लिया और पूर्व विदेश मंत्री ने 2017 में भाग लिया। प्रधानमंत्री रूस के एक प्रमुख पोर्ट शहर व्लादिवोस्तोक में चार सितंबर को सुबह पहुंचेंगे।

### रतुल पुरी 17 सितंबर तक न्यायिक हिरासत में



**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने बैंक कर्ज धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन के एक मामले में मंगलवार को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री कमलनाथ के भांजे एवं कारोबारी रतुल पुरी को 17 सितंबर तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। बैंक कर्ज धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन मामले की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) जांच कर रहा है। विशेष न्यायाधीश संजय गर्ग ने पुरी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। ईडी ने 20 अगस्त को पुरी को बैंक कर्ज धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन मामले में गिरफ्तार किया था।

### ओएनजीसी संयंत्र में आग, चार की मौत



**मुंबई।** नवी मुंबई स्थित ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (ओएनजीसी) के संयंत्र में आग लगने की घटना में चार लोगों की मौत हो गई और अन्य तीन घायल हो गए। मरने वालों में सीआईएसएफ के तीन कर्मियों भी शामिल हैं। ओएनजीसी ने बताया कि इसका गैस प्रसंस्करण पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। गैस को गुजरात के सूरत जिले के हजीरा संयंत्र की ओर मोड़ दिया गया है। उसने कहा कि आग जल निकासी क्षेत्र में आज सुबह आग लगी, जिस पर दो घंटे के भीतर काबू पा लिया गया।

### इजराइल के पीएम ने भारत यात्रा रद्द की



**यरुशलम।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मंगलवार को देश में मध्यावधि चुनाव का हवाला देकर नौ सितंबर की भारत की अपनी निर्धारित यात्रा रद्द कर दी। वह एक दिन की यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करने वाले थे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक बयान जारी करके बताया कि दोनों नेताओं ने फोन पर बात की और वे इस बात पर सहमत हुए कि कार्यक्रम की व्यस्तता के कारण प्रधानमंत्री की यात्रा 17 सितंबर में होने वाले चुनाव के बाद होगी।

## नजरिया




## अनुच्छेद-370 हटाए जाने के बाद भारत के साथ व्यापार पर लगा दी थी रोक

# महीने भर में घुटनों के बल पाक भारत से मांगी जीवन रक्षक दवाएं

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद/नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद-370 हटाए जाने के बाद पाकिस्तान ने बौखलाहट में भारत के साथ व्यापार पर रोक लगा दी थी। यह रोक पाकिस्तान को भारी पड़ने लगी है। वह भारत के सामने घुटनों के बल आ गया है। पाकिस्तान में जीवनरक्षक दवाओं की भारी कमी हो गई है। इसके बाद पाकिस्तान ने भारत से जीवनरक्षक दवाओं के आयात को मंजूरी दे दी।

जियो टीवी की मंगलवार की रपट के अनुसार पाकिस्तान के वाणिज्य मंत्रालय ने एक वैधानिक आदेश जारी कर भारत से दवाओं के आयात-निर्यात की मंजूरी प्रदान कर दी है। पाकिस्तान ने कश्मीर के मुद्दे को लेकर पिछले महीने भारत के साथ राजनयिक संबंध का स्तर कर दिया था और व्यापारिक संबंधों को भी निलंबित कर दिया था। दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंध पुलवामा हमले के बाद से ही तनावपूर्ण बने हुए हैं। भारत ने उस घटना के बाद पाकिस्तान से आयात किए जाने वाले सामान पर 200 प्रतिशत का सीमाशुल्क लगा दिया था। पाकिस्तान ने पिछले 16 महीनों में भारत से 3.6 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक मूल्य के रेबीज-रोधी और जहर-रोधी वैक्सीन आयात किए हैं।

### खास बातें

- पाक में जीवनरक्षक दवाओं की हुई भारी कमी
- पाक ने पिछले 16 महीनों में भारत से 3.6 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक मूल्य के रेबीज-रोधी और जहर-रोधी वैक्सीन आयात किए हैं



### भारत पर नहीं पड़ा असर

पाकिस्तान द्वारा व्यापार पर लगाई गई रोक का भारत पर कोई बड़ा असर नहीं पड़ा है। भारत पर लगाए प्रतिबंध को अभी एक महीना भी नहीं हुआ है और पाकिस्तान में जरूरत की चीजें बमुश्किल से उपलब्ध हो पा रही हैं।

### मरीजों की जान पर बन आई

भारत से व्यापारिक रिश्ते खत्म होने की वजह से दवाओं के आयात पर भी रोक लग गई थी। प्रतिबंध को कुछ ही दिनों बाद पाकिस्तान के अस्पतालों में जीवनरक्षक दवाओं की कमी हो गई। दवाओं के अभाव में मरीजों की जान तक पर बन आई।

### जम्मू-कश्मीर में सरपंचों को मिलेगी पुलिस सुरक्षा

नई दिल्ली। जम्मू कश्मीर में सरपंचों को पुलिस सुरक्षा मिलेगी। इसके साथ ही पंच और सरपंचों को दो-दो लाख रुपए का बीमा कवरेज भी मिलेगा। जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 हटने के बाद पहली बार गृह मंत्री अमित शाह ने घाटी के सरपंचों से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान अमित शाह ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के सरपंच पहले से ज्यादा मजबूत हुए हैं। उन्होंने भरोसा दिया कि सभी पंच-सरपंचों को पुलिस सुरक्षा के साथ दो-दो लाख का बीमा दिया जाएगा। गृह मंत्रालय में हुई इस अहम बैठक में जम्मू-कश्मीर और लद्दाख से 100 लोग शामिल हुए थे। जम्मू-कश्मीर के पंच और सरपंचों ने अमित शाह को घाटी के बारे में विस्तार जानकारी दी और वर्तमान हालात से अवगत कराया। मुलाकात के दौरान अमित शाह ने भरोसा दिलाया कि कश्मीर में अगले 10 से 15 दिनों में संचार व्यवस्था पूरी तरह से चालू हो जाएगी। साथ ही उन्होंने कहा कि सभी पंच और सरपंचों को दो लाख का बीमा मिलेगा। इससे अलग घाटी में अब हालात धीरे-धीरे सामान्य होने लगे हैं। इंटरनेट सेवा और टेलीफोन सेवा धीरे-धीरे बहाल होने लगी है।



## मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने कसा शिकंजा

# कर्नाटक कांग्रेस नेता डीके शिवकुमार गिरफ्तार



- पीएमएलए, 2002 का उल्लंघन करते हुए हवाला लेनदेन में शामिल होने का आरोप

**नई दिल्ली।** मनी लॉन्ड्रिंग निरोधक कानून (पीएमएलए) के तहत प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कांग्रेस नेता डीके शिवकुमार को गिरफ्तार कर लिया। पिछले कई दिनों से डीके शिवकुमार से ईडी की टीम पूछताछ कर रही है। कर्नाटक के पूर्व मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता डीके शिवकुमार सोमवार को ईडी के सामने कथित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में तीसरी बार पूछताछ के लिए पेश हुए थे। ईडी ने इस मामले के सिलसिले में शुक्रवार और शनिवार को 13 घंटे से अधिक समय तक कांग्रेस नेता से पूछताछ की थी। ईडी ने कांग्रेस नेता पर धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 का उल्लंघन करते हुए हवाला लेनदेन में शामिल होने का आरोप लगाया है। एजेंसी ने शिवकुमार से उनकी संपत्तियों के साथ ही नकदी से भरे बैग के बारे में पूछताछ की थी, जो उन्होंने अपने सहयोगियों के माध्यम से चांदनी चौक स्थित एक ट्रैवल कंपनी के मालिक को भेजे थे।

### ईडी द्वारा जारी समन को किया था नजरअंदाज

शिवकुमार ने इससे पहले इस साल जनवरी और फरवरी में ईडी द्वारा जारी किए गए सम्मन को नजरअंदाज कर दिया था। लेकिन पिछले सप्ताह ही वित्तीय जांच एजेंसी की ओर से होने वाली गिरफ्तारी से अंतरिम राहत पाने के लिए उनकी याचिका को कर्नाटक हाई कोर्ट ने खारिज कर दिया था।

### ट्वीट कर कहा, बदले की राजनीति का शिकार

कांग्रेस नेता डीके शिवकुमार ने अपनी गिरफ्तारी पर ट्वीट करते हुए भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि मैं अपने बीजेपी के मित्रों को बधाई देना चाहता हूं, अंततः उन्हें, मुझे गिरफ्तार करने के मकसद में कामयाबी मिली है।

### कांग्रेस ने गिरफ्तारी पर जताया ऐतराज

कांग्रेस ने डीके शिवकुमार की गिरफ्तारी की निंदा की है। कांग्रेस के आधिकारिक ट्विटर पेज से कहा गया है कि राज्य की गड़बड़ होती अर्थव्यवस्था से जनता का ध्यान भटकाने के लिए राजनीति की जा रही है।

## आईएनएक्स मीडिया मामला

# चिदंबरम गुरुवार तक सीबीआई की हिरासत में



**नई दिल्ली।** आईएनएक्स मीडिया भ्रष्टाचार मामले में गिरफ्तार पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम को पांच सितंबर तक सीबीआई की हिरासत में रहना पड़ेगा क्योंकि जांच एजेंसी द्वारा उनसे हिरासत में और पूछताछ की आवश्यकता से इंकार करने पर उच्चतम न्यायालय ने इस मामले में बृहस्पतिवार तक यथास्थिति बनाए रखने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने चिदंबरम के वकील से भी कहा कि वह अपने मुवक्किल की अंतरिम जमानत के लिये निचली अदालत में दायर अर्जी पर सुनवाई के लिये बृहस्पतिवार तक जोर नहीं दें। न्यायमूर्ति आर भानुमति और न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना की पीठ ने अपने आदेश में कहा कि हम यही उचित समझते हैं कि याचिकाकर्ता का सीबीआई हिरासत की मौजूदा स्थिति बृहस्पतिवार पांच सितंबर, 2019 तक जारी रहेगी।

## विस चुनाव में गलत प्रमाण पत्र बनाने के मामले में कार्रवाई

# अमित जोगी गिरफ्तार, 14 दिन के लिए भेजे गए जेल

एजेंसी ▶▶ बिलासपुर



पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी के पुत्र एवं जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी को चुनावी हलफनामे में गलत जानकारी देने के आरोप में मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्हें गौरेला कोर्ट में पेश किया गया, जहां न्यायाधीश ने 14 दिन की न्यायिक रिमांड पर जेल भेजने का आदेश दिया। इसके बाद अमित जोगी को गोरखपुर उप जेल भेज दिया गया। 3 फरवरी को गौरेला थाने में भाजपा नेत्री समीरा पैकरा की रिपोर्ट पर अमित जोगी के खिलाफ धारा 420, 456, 467, 468, 471 के तहत जुर्म दर्ज किया गया था। इस मामले में जांच के बाद पुलिस मंगलवार को अमित जोगी के निवास मरवाही सदन पहुंची।

## वायुसेना की बढ़ी ताकत...



पठानकोट। भारतीय वायुसेना ने मंगलवार को अमेरिका निर्मित आठ अपाचे लड़ाकू हेलीकॉप्टरों को अपने बेड़े में शामिल किया।

# चंद्रयान-2 के लैंडर को सफलतापूर्वक निचली कक्षा में उतारा गया



**बेंगलुरु।** चंद्रयान-2 के ऑर्बिटर से लैंडर 'विक्रम' के अलग होने के एक दिन बाद इसरो ने मंगलवार को बताया कि उसने यान को चंद्रमा की निचली कक्षा में उतारने का पहला चरण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है इसके साथ ही शनिवार को चांद की सतह पर ऐतिहासिक सॉफ्ट लैंडिंग के लिए लैंडर को कक्षा से नीचे उतारने की एक अंतिम प्रक्रिया ही शेष है। इसरो ने कहा कि लैंडर पर लगी प्रणोदक प्रणाली को पहली बार इसे नीचे की कक्षा में लाने के लिये सक्रिय किया गया। इससे पहले इसने स्वतंत्र रूप से चंद्रमा की कक्षा में परिक्रमा शुरू कर दी थी। भू-तुल्यकालिक उपग्रह प्रक्षेपण यान, जीएसएलवी मैक-थ्री एम1 द्वारा 22 जुलाई को पृथ्वी की कक्षा में प्रक्षेपित 3,840 किलोग्राम के चंद्रयान-दो अंतरिक्ष यान के मुख्य ऑर्बिटर द्वारा चंद्रमा की यात्रा के सभी अभियानों को अंजाम दिया गया है।

# यूपी में 12 प्रतिशत महंगी हुई बिजली, नई टैरिफ दरें आज से लागू

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बिजली उपभोक्ताओं को जोर का झटका लगा है। राज्य सरकार ने बिजली की दरों में बढ़ोतरी कर दिया है। योगी आदित्यनाथ सरकार ने घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 8 फीसदी से 12 फीसदी तक दाम बढ़ाए हैं, जबकि उद्योगों के लिए बिजली के दाम में 5 से 10 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी की है। राज्य में बिजली दरों में बढ़ोतरी पर बीएसपी चीफ मायावती ने सरकार पर निशाना भी साधा है और इसे जनविरोधी फैसला बताया। सरकार द्वारा नोटिफिकेशन जारी करने के बाद से ही नई दरें आज बुधवार से लागू होंगी।



## मुस्लिम पक्ष ने सुप्रीम कोर्ट को बताया

# बाबरी मस्जिद के अंदर 1949 में नजर बचाकर रखी गईं मूर्तियां

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय में चल रही अयोध्या मामले की सुनवाई के दौरान मुस्लिम पक्षकारों ने मंगलवार को दावा कि 22-23 दिसंबर की दरम्यानी रात अयोध्या में बाबरी मस्जिद के अंदर मूर्तियां रखने के लिये सुनियोजित और नजर बचा के हमला किया गया जिसमें कुछ अधिकारियों की हिंदुओं के साथ मिलीभगत थी और उन्होंने प्रतिमाओं को हटाने से इनकार कर दिया। प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति रंजन गोगोई की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद भूमि विवाद में 18वें दिन सुनवाई की। मुस्लिम पक्ष का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव धवन ने पीठ को बताया कि फैजाबाद के तत्कालीन उपायुक्त के के नायर ने स्पष्ट निर्देश के बावजूद मूर्तियों को हटाने की इजाजत नहीं दी थी।



### बाबरी मस्जिद मामले में वादी इकबाल पर हमला

बाबरी मस्जिद-राम जन्म भूमि मामले में मुख्य वादियों में शामिल इकबाल अंसारी पर मंगलवार को उनके घर ही कथित रूप से हमला किया गया। अंसारी ने दावा किया कि उन्हें धमकी दी गई है कि अगर उन्होंने मामला वापस नहीं लिया तो उनकी हत्या कर दी जाएगी। उनके सुरक्षा कर्मी ने उन्हें हमलावरों से बचाया। पुलिस ने हमलावरों को हिरासत में ले लिया है।

## नए नियम के तहत ट्रैफिक पुलिस ने की कार्रवाई

# 15 हजार की स्कूटी, 23 हजार का कटा चालान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली





- हेलमेट न पहनने, लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन, प्रदूषण सर्टिफिकेट और थर्ड पार्टी इंश्योरेंस न रखने के लिए लगाया गया जुर्माना

ट्रैफिक नियमों को तोड़ना अब कितना भारी पड़ेगा इसका एक ताजा उदाहरण सामने आया है। इसमें राजधानी दिल्ली के शख्स का गुड़गांव में पूरे 23 हजार रुपये का चालान हुआ है। शख्स दिल्ली के गीता कॉलोनी इलाके में रहता है, यह चालान गुड़गांव जिला कोर्ट के पास हुआ। मोटर वाहन (संशोधन) बिल-2019 के नियमों के लागू होने के बाद इतने बड़े जुर्माने का यह पहला मामला है। जिस व्यक्ति का चालान काटा गया उसका नाम दिनेश मदान है। दिनेश का कहना है कि उसकी स्कूटी की कीमत ही 15 हजार रुपए है। उसके चालान की एक कॉपी सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रही है। इसमें उस पर हेलमेट न पहनने, लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन, प्रदूषण सर्टिफिकेट और थर्ड पार्टी इंश्योरेंस न रखने के लिए जुर्माना लगाया गया।

दिनेश ने बताया कि मैंने हेलमेट नहीं पहना था और मेरे पास रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट नहीं था। ट्रैफिक पुलिस ने मुझसे स्कूटी की चाबी मांगी, लेकिन मैंने इनकार किया। इसके बाद तुरंत ही उन्होंने 23 हजार रुपये का चालान काट दिया और मेरी स्कूटी सीज कर ली। मैंने आरसी वाट्सअप पर मंगाई लेकिन तब तक वे चालान काट चुके थे। अगर वे थोड़ा इंतजार करते तो यह जुर्माना कम हो सकता था। मैं चाहता हूं कि इसमें मुझे कुछ राहत मिलनी चाहिए। अब से मैं, अपने सभी दस्तावेज साथ लेकर चलूंगा।

### गाड़ी को किया सीज

दिनेश ने बताया कि ट्रैफिक पुलिसकर्मियों ने चालान काटने के बाद स्कूटी को सीज कर दिया है। अब गाड़ी को कोर्ट से छुड़ाना होगा। इसके लिए पहले थाने में जाकर के केस बनेगा और फिर उसे कोर्ट में पेश किया जाएगा। इसके साथ ही चालान भरने के अलावा जमानत भी देनी होगी। दिनेश ने कहा यह होने के बाद से वो बहुत परेशान हैं। हालांकि अब वो इस स्कूटी को छुड़ाने के लिए नहीं जाएंगे।

## यूजीसी फिर बड़े बदलाव की तैयारी में

# 4 साल का होगा स्नातक सीधे कर सकेंगे पीएचडी



**नई दिल्ली।** यूजीसी फिर एक बड़े बदलाव की तैयारी में है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) देश के सभी विश्वविद्यालयों में संचालित स्नातक पाठ्यक्रमों की अवधि तीन से बढ़ाकर चार साल किए जाने पर विचार कर रहा है। इस चार साल की अवधि के पाठ्यक्रम के बाद विद्यार्थी सीधे पीएचडी कर सकेंगे। इसके लिए स्नातकोत्तर होना अनिवार्य नहीं रहेगा। इसकी पुष्टि यूजीसी के अध्यक्ष प्रो. डीपी सिंह ने की है। विश्वविद्यालयों में वर्तमान में स्नातक पाठ्यक्रम तीन साल का और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम दो साल का होता है। इसके बाद ही किसी विद्यार्थी को पीएचडी में प्रवेश मिल सकता है। ऐसे में यूजीसी देश की शिक्षा नीति में बड़े स्तर पर फेरबदल करने जा रहा है। इसके लिए यूजीसी ने एक विशेषज्ञ समिति गठित की है। इसी कमेटी ने शिक्षा नीति में बदलाव के लिए यूजीसी को अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। इसमें कई सिफारिशें की गई हैं। वर्तमान में स्नातक पाठ्यक्रम तीन साल का और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम दो साल का होता है।

## सोमवार देर रात इंडिया गेट पर हुआ हादसा

### दो घायल अस्पताल में भर्ती, आरोपी चालक गिरफ्तार

# बेकाबू डंपर कई वाहनों को टक्कर मार लॉन में घुसा, पिता-पुत्री की मौत






हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

इंडिया गेट पर सोमवार आधी रात एक तेज रफ्तार डंपर ने तीन ऑटो रिक्शा और एक स्कूटर को कुचल दिया। इस हादसे में आइसक्रीम खाने आये 42 वर्षीय केवल दीवान और उनकी आठ वर्षीय बेटी मान्या की मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। वहीं घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने आरोपी डंपर चालक को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी डंपर चालक रमन (24) बदरपुर का रहने वाला है। तिलक मार्ग पुलिस डंपर जब्त कर चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज कर जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार देर रात 12 बजकर करीब 20 मिनट पर तिलक मार्ग पुलिस को हादसे के संबंध सूचना मिली थी। पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची तो उसने पाया कि एक डंपर कई वाहनों को टक्कर मारने और फुटपाथ पार करने के बाद राजपथ के लॉन में घुस गया था। चश्मदीदों ने पुलिस को बताया कि डंपर ने पहले डिवाइडर में टक्कर मारी और उसके बाद उसने तीन ऑटो और स्कूटी के साथ खड़े लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। पुलिस को एक शख्स का शव डंपर के निकट पड़ा मिला था। उन्हें तत्काल अस्पताल ले जाया गया लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनकी पहचान गीता कॉलोनी निवासी केवल दीवान के रूप में हुई है। तीन अन्य लोगों को भी पीसीआर ने अस्पताल पहुंचाया था जिनमें से आठ साल की मान्या को भी मृत घोषित किया गया। अन्य दो घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। उनके नाम माता सुंदरी रोड निवासी दीपक कुमार (27) और शाहपुर, उन्नाव, यूपी निवासी राम सिंह (24) पता चले हैं। दीपक ऑटो चालक है और राम सिंह दिहाड़ी मजदूर बताया गया है। इस संबंध में तिलक मार्ग थाने में आईपीसी की धारा 279/337/304ए के तहत केस दर्ज किया गया है।

### दो बेटियों और पत्नी के साथ आइसक्रीम खाने आये थे इंडिया गेट

पुलिस के अनुसार केवल दिवान अपने परिवार के साथ गीता कॉलोनी में रहते थे। परिवार में उनकी पत्नी पूनम और दो बेटियां आठ वर्षीय मान्या और लगभग तीन वर्षीय मायरा है। वह स्टॉक मार्केट में काम करते थे। सोमवार रात करीब साढ़े नौ बजे वह घर से परिवार के साथ निकले थे। आइसक्रीम खाने के बाद वह पत्नी और दो बच्चियों के साथ घर जाने के लिये राजपथ की क्रॉसिंग के पास स्कूटी पर खड़े हुये थे। इसी दौरान यह हादसा हो गया। पूनम की बहन लवलीन ने बताया, कि केवल स्कूटी चला रहे थे और मान्या सामने खड़ी थी। पूनम, मायरा को लेकर पीछे की सीट पर बैठी हुई थी कि इसी दौरान तेज रफ्तार डंपर उनकी



तरफ आया। केवल ने अपनी पत्नी और बेटी मायरा को धकेल दिया लेकिन खुद को और मान्या को नहीं बचा सकें। इस हादसे के बाद उनकी पत्नी गहरे सदमे में है।

### हादसे में चालक के हाथ की हड्डी टूटी

एडिशनल पीआरओ अनिल मित्तल ने बताया कि डंपर मानसिंह होटल की तरफ से कनॉट प्लेस की ओर जा रहा था। रमन बदरपुर का रहने वाला है। हादसे के बाद चालक को एलएनजेपी अस्पताल ले जाया गया था। जहां उसके हाथ की हड्डी टूटने की पुष्टि डॉक्टरों ने की है। वहीं चालक हादसे के समय शराब के नशे में था या नहीं इसकी जांच के लिये उसका ब्लड सैंपल लिया गया है। पुलिस उसकी रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

# सीलमपुर में इमारत ढहने से दो की मौत

### तीन घायल, तीन आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

सीलमपुर थाना इलाके में एक निमार्णाधीन तीन मंजिला मकान तीन झुग्गियों पर भरभरा कर गिर गया। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की छह गाड़ियां मौके पर पहुंच गई। टीम ने मलबे में दबे पांच लोगों को बाहर निकालकर तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने पिता-पुत्री को मृत घोषित कर दिया। हादसे में तीन लोग घायल हो गए। मृतक मोहम्मद यासीन (65) और उनकी बेटी मोनी (21) है। वहीं घायल अरमान (33), उनकी पत्नी शहजान बेगम (33) और शमसुद्दीन (45) है। शमशुद्दीन को छुट्टी दे दी गई। पुलिस ने इस मामले में गैरइरादतन हत्या और लापरवाही का मामला दर्ज कर मकान मालिक इकरामुद्दीन (60) और उसके बेटे गुफरान (32) और दिनेश को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक, सोमवार रात 11:30 बजे हुआ। इकरामुद्दीन का मकान पहले एक मंजिला था। इस पर बिना पिलर और लेंटर के दो मंजिल और बनाए जा रहे थे। सोमवार रात मकान भरभराकर कर मोहम्मद यासीन, अरमान और शमशुद्दीन की झुग्गियों पर आ गिरा। सूचना मिलते ही लोकल पुलिस, एनडीआरएफ और सिविल डिफेंस वालंटियर्स मौके पर पहुंच गए। तुरंत बचाव कार्य शुरू हो किया गया। घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां यासीन और उनकी बेटी मोनी को मृत घोषित कर दिया। जिस जगह पर हादसा हुआ वहां क्रेन और अन्य मशीनें नहीं पहुंच पा रही थीं। लेकिन पुलिस बल और एनडीआरएफ के दस्ते ने हाथों से ही मलबे को हटाकर घायलों को बाहर निकाला।

### सीएम ने दिए जांच के आदेश

सीलमपुर विधानसभा में निर्माणाधीन इमारत गिरने के हादसे के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने जांच के आदेश दिए हैं। प्रैसवार्ता में उन्होंने कहा कि यह बहुत गंभीर मामला है, जिन अधिकारियों के दौरान ये इमारत बनी, जिनकी जिम्मेदारी थी उस समय यह देखने की कि यह बिल्डिंग नहीं बननी चाहिए। उन अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

### 70 पेटी अवैध शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दक्षिणी-पश्चिमी जिले की वसंत कुंज साउथ पुलिस ने एक तस्कर को गिरफ्तार करते हुये बड़ी भारी मात्रा में अवैध शराब जब्त की है। तस्कर का नाम अनिल रावत बताया गया है। वह पालम के राज नगर पार्ट 2 का रहने वाला है। पुलिस ने इसके पास से 70 पेटी शराब जब्त की है। इसमें 3360 क्वार्टर बरामद हुये। शराब तस्करी स्विफ्ट कार से की जा रही थी। यह बरामदगी रजोकरी फ्लाईओवर से सोमवार तड़के छह बजे की गई। बरामद शराब हरियाणा निर्मित है और इसे दिल्ली में बेचना वर्जित है। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह दो सालों से शराब की तस्करी कर रहा था।

## कार से लोगों को कुचलने वाले दो आरोपी दबोचे

**नई दिल्ली।** मॉडल टाउन थाना पुलिस ने रविवार रात बैक गियर लगाकर कार से लोगों को कुचलने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों का नाम अरुण कुमार और प्रदीप है। दोनों आरोपी उत्तम नगर के रहने वाले हैं और वेब डिजाइनर हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर करते हुए इनके कब्जे से कार बरामद कर ली है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। डीसीपी (नॉर्थ वेस्ट) विजयंता आर्या ने बताया कि पुलिस को रात सूचना मिली कि एक तेज रफ्तार कार ने कुछ वाहनों को टक्कर मार दी है। इसमें कमल नामक एक शख्स घायल हो गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर सीसीटीवी कैमरे के फुटेज से कार का नंबर निकालकर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी अरुण ने पूछताछ में बताया कि वह अपने दोस्त के साथ मुखर्जी नगर स्थित हड़सन लेन के रेस्त्रां में खाना खाकर उत्तम नगर लौट रहा था।

# नंद नगरी: कार सवार बदमाश ने चलाई सिपाही पर गोली, राहगीर की मौत

### बदमाश को तमंचे के साथ दबोचा, सहयोगी को फंसता देख दूसरे ने की थी फायरिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

नंद नगरी थाना इलाके में गश्त कर रहे एक कांस्टेबल को एक कार में कुछ संदिग्ध बैठे दिखाई दिये। कांस्टेबल ने जब उनसे पूछताछ की तो वे वहां से भागने लगे। इसी दौरान कांस्टेबल ने एक बदमाश को पकड़ा लिया। अपने सहयोगी को फंसता देख दूसरे बदमाश ने कांस्टेबल पर फायरिंग कर दी। गोली कांस्टेबल को लगने की बजाए वहां से गुजर रहे एक राहगीर को लगी। इसी दौरान बदमाश ने कांस्टेबल से अपने आप को छुड़ाया और अपने सहयोगी के साथ कार को मौके से छोड़कर फरार हो गया। पुलिस घायल राहगीर को लेकर अस्पताल गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक का नाम कमल कुमार उर्फ राजू (50) है। पुलिस ने मौके पर मिली कार को जब्त कर लिया है। पुलिस अधिकारी की माने तो कार पसौड़ा, गाजियाबाद में एक शख्स के नाम पर है। वह अभी फरार है। कार मालिक आपराधिक किस्म का है। पुलिस कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर मामले की जांच



कर रही है। डीसीपी (नॉर्थ ईस्ट) अतुल कुमार ठाकुर ने बताया कि रात करीब 11:30 नंदनगरी थाने में तैनात कांस्टेबल अजय इलाके में गश्त कर रहा था। जैसे ही वह तांगा स्टैंड के पास पहुंचा, अजय को वहां एक स्विफ्ट कार खड़ी मिली। कार में कुछ लोग बैठे थे। संदिग्ध लगने पर अजय उनसे पूछताछ करने लगा। पूछताछ के दौरान बदमाश वहां से भागने लगे। इसी बीच अजय ने एक बदमाश को तमंचा के साथ दबोच लिया। अपने सहयोगी को फंसता देख दूसरे बदमाश ने अजय पर फायरिंग कर दी। गोली अजय की बजाए वहां से गुजर रहे कमल को लग गई। इसी बीच दोनों बदमाश कार को मौके पर छोड़कर फरार हो गए। थाने में सूचना मिलते ही मौके पर अन्य पुलिसकर्मी भी वहां पहुंच गए। पुलिस घायल को लेकर अस्पताल गई। जहां उसे मृत घोषित कर दिया।

### 15 साल से बहन के पास रह रहा था मृतक

मृतक के भांजे मनोज ने बताया कि कमल कुमार मूलरूप से सुदामापुरी गांव, अलीगढ़ का रहने वाला था। परिवार में मां-पिता व दोनों भाईयों की मौत के बाद से वह गली नंबर-6, सुशीला गार्डन में अपनी बहन तारावती और जीजा ओमप्रकाश के साथ 15 सालों से रह रहा था। वह मजदूरी का काम करता था और अविवाहित था।

### खाना खाकर घर आ रहा था कमल

परिजनों ने बताया कि कुछ काम करते हुए उसकी बहन का हाथ जल गया था। इसलिए घर पर खाना नहीं बना था। कमल अपने भांजे मनोज के साथ नंद नगरी में एक होटल से सभी के लिए खाना लेने गया था। खाना खाने के बाद वह अपनी बहन और जीजा के लिए खाना पैक करवाकर ला रहा था। इसी दौरान उसकी गोली लगने से मौत हो गई।

### पांच लोगों पर लगाया दुष्कर्म का आरोप

**नई दिल्ली।** कल्याणपुरी थाना इलाके में एक दस वर्षीय लड़की ने अपने सगे भाई समेत पांच लोगों पर गैंगरेप करने का आरोप लगाया है। इतना ही नहीं लड़की का आरोप है कि आरोपियों ने उसकी छोटी बहन व उसके छोटे भाई के साथ कुकर्म किया। पुलिस ने तीनों का मेडिकल कराने के बाद गैंगरेप समेत विभिन्न संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। वहीं, पुलिस सूत्रों का कहना है कि मेडिकल में दुष्कर्म की पुष्टी नहीं हुई है। मामले में अभी तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक, लड़की अपनी मां व भाई-बहन के साथ कल्याणपुरी थाना इलाके में किराये के मकान में रहती है। लड़की के पिता कई वर्षों से अपने दो बेटों को लेकर उनसे अलग अपने गांव में रह रहा है। लड़की का आरोप है कि पिछले कई वर्षों से मकान में रह रहे कुछ लोग व उनके रिश्तेदारों ने उसके साथ एक-एक कर दुष्कर्म किया। बाद में आरोपियों ने उसका गैंगरेप किया। लड़की ने पुलिस को बताया कि आरोपियों में उसका सगा भाई भी शामिल है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि मेडिकल में दुष्कर्म होने की बात सामने नहीं आई है। लड़की एक एनजीओ के माध्यम से पुलिस से तक पहुंची है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# मुख्य आरोपी घरेलू नौकर पर पहले भी दर्ज थे दो केस

### फ्रिज में डालकर अपहरण और हत्या मामला: पांच आरोपी चार दिन की रिमांड पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

ग्रेटर कैलाश में बुजुर्ग को फ्रिज में डालकर अगवा करने व हत्या के केस में गिरफ्तार किया गया घरेलू सहायक किशन और अन्य चार आरोपियों को मंगलवार को कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें चार दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। अभी तक की पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि मालिक कभी कारपेट पर चाय गिर जाने, खाना समय पर ना देने, चाय अच्छी नहीं बनाने, मोबाइल पर ज्यादा व्यस्त रहने जैसी बातों से अक्सर उससे नाराज रहते थे। रोज-रोज की डांट फटकार से उसके मन में मालिक के प्रति नफरत पैदा हो गई थी। जुलाई महीने के आखिरी सप्ताह से उसने वारदात की साजिश रचनी शुरू कर दी थी। जांच में पता चला कि आरोपी पर पहले से दो केस दर्ज थे। उसका पुलिस वैरिफिकेशन भी नहीं करवाया गया था। पुलिस की तहीकात में पता चला आरोपी ने अपना 30 अगस्त को ही फोन स्विच ऑफ कर दिया था। मुख्य आरोपी किशन पर साल 2017 में हौजखास थाने में झपटमारी और बाइक चोरी के दो केस दर्ज मिले हैं। दोनों ही मामलों में पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया था। वह पिछले साल अगस्त महीने से बजुर्ग दंपति के घर काम कर रहा था।

### विरोध में लोगों ने निकाला कैंडल मार्च



- मालिक की रोज की डांट फटकार से परेशान होकर उठाया खौफनाक कदम

जिसके बाद उसे प्रतिमाह आठ हजार रुपए मिलते थे। आरोपी बारहवीं तक पढ़ा है, उसका एक भाई हत्या की वारदात में शामिल रह चुका है। एक साल से बुजुर्ग दंपति को किशन के अपराधिक रिकॉर्ड की भनक तक नहीं लग सकी। इतने समय तक वह उनके सामने मासूम बना रहा। आरोपी किशन को किसी जानकार के माध्यम से काम पर रखा गया था। बुजुर्ग दंपति की एक बड़ी चूक यह रही कि उन्होंने इस नौकर का पुलिस सत्यापन नहीं करवाया था। हालांकि, स्थानीय थाना पुलिस को अपने स्तर पर इस नौकर के बारे में जानकारी थी कि वह यहां पर काम कर रहा है। अभी तक की जांच में पुलिस ने इस वारदात के पीछे का मकसद रुपए और गुस्सा बताया है। लेकिन कुछ ऐसे सवाल अभी अनसुलझे हैं, जिसके जवाब पुलिस खुद तलाशने में लगी है। जैसे अगर बुजुर्ग को मारना ही मकसद था तो फिर उन्हें फ्रिज में डालकर ले जाने की वजह क्या थी? माना जा रहा है ये लोग बुजुर्ग को दफनाने के बाद परिवार से फिरौती की मांग करते। वैसे परिवार के पास इस तरह की कोई कॉल नहीं आई थी। मंगलवार को एम्स में पोस्टमार्टम कराने के बाद बुजुर्ग का शव परिजनों के हवाले कर दिया गया। पुलिस का कहना है बुजुर्ग की मौत गला दबाने से हुई या फिर फ्रिज में दम घूटने के कारण, इसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा।

### यूपी से हुई तीन आरोपियों की गिरफ्तारी

पुलिस के मुताबिक मामला सामने आने के बाद आरोपियों को पकड़ने के लिए तुरंत आठ टीमें बनाई गई थी। दिल्ली के अलावा यूपी और अन्य जगहों पर भी छापेमारी की गई। आखिरकार मुख्य आरोपी व घरेलू सहायक किशन और उसके दो साथियों को यूपी के किशनगंज से गिरफ्तार किया। जबकि प्रदीप और एक अन्य साथी को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया। हत्या में प्रदीप के चैम्पियन टैंपो का इस्तेमाल किया गया था। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान किशन, दीपक यादव, प्रदीप शर्मा, सर्वेश और प्रभुदयाल के रूप में हुई है।

### गड्ढे में दफना दिया था बुजुर्ग का शव

पुलिस के अनुसार संगम विहार से बुजुर्ग का शव बरामद किया गया। आरोपियों ने पांच फुट के गड्ढे में शव को दफनाया था। अभी तक की पूछताछ में यह पता भी चला है कि हत्या की योजना के लिये ही आरोपी ने एक कमरे वाला मकान संगम विहार में किराये पर लिया था। वहां पर पहले से ही पांच फीट गहरा गड्ढा था।

### आरोपियों के पास से पिस्टल, चाकू और डिजायर कार बरामद

# हत्थे चढ़ा त्रिलोकपुरी का हाईवे लुटेरों का गिरोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

साउथ-ईस्ट डिस्ट्रिक्ट की सनलाइट कॉलोनी पुलिस ने देर रात लिफ्ट देकर यात्रियों से लूटपाट करने वाले हाईवे लुटेरों के गिरोह का पर्दाफाश किया है। गिरोह के तीन बदमाश पुलिस के हत्थे चढ़े है। इनके पास से पिस्टल, चाकू के अलावा वारदात में इस्तेमाल की जाने वाली डिजायर कार भी बरामद की गई है। पुलिस ने 14 लूटे गये मोबाइल फोन व एक स्कूटी भी जब्त की है। इस गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने लूटपाट के नौ मामले सुलझाने का दावा किया है। डीसीपी चिन्मय बिश्वाल ने बताया कि गिरफ्त में आया गैंग त्रिलोकपुरी



गैंग के नाम से जाना जाता था। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किये गये तीनों लुटेरों के नाम सतेंद्र उर्फ गंजा, राहुल और शहुल उर्फ सुनील है। सभी त्रिलोकपुरी के रहने वाले हैं। 7 जून की शाम करीब सात बजे महारानी बाग निवासी एक शख्स अपने दोस्त के साथ इलाके के ही बस स्टॉप पर खड़ा था। उन्हें नई दिल्ली रेलवे स्टेशन जाना था। इसी बीच एक डिजायर कार वहां पहुंची। ड्राइवर ने उनसे गंतव्य के बारे में पूछा। रेलवे स्टेशन जाने की बात कह दोनों शख्स कार में सवार हो गये। कार में पहले से दो अन्य लोग भी बैठे थे, जिन्हें ड्राइवर ने स्टेशन जाने वाले ही बताया था। 40 रुपये प्रत्येक सवारी तय हुई थी। कार जैसे ही लोधी रोड इलाके में पहुंची कार पहले से सवार दोनों लोगों ने ड्राइवर के साथ मिलकर उनसे लूटपाट शुरू कर दी थी। दोनों लोगों से मोबाइल फोन व 13 हजार 500 रुपये नकदी लूटी गई थी। बाद में शिकायत देने पर सनलाइट कॉलोनी पुलिस ने केस दर्ज किया था। पुलिस ने जांच के दौरान रूट के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और टैक्नीकल सर्विलांस की मदद से पता लगाया कि वारदात को अंजाम देने वाले बदमाश त्रिलोकपुरी गैंग से संबंध रखते हैं। बदमाशों की तलाश में त्रिलोकपुरी व ट्रांस यमुना इलाके में छापेमारी की गई। आखिरकार डीएनडी फ्लाईओवर के पास से दो बदमाशों को कार समेत दबोच लिया गया। बदमाश नोएडा की तरफ दिल्ली आ रहे थे। एक को पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया। इनकी गिरफ्तारी के बाद मधु विहार, सनलाइट कॉलोनी, दिल्ली कैंट, पश्चिम विहार, शाहीन बाद, मंडावली आदि थानों के केस सुलझाए गये हैं।

## जमीन विवाद में बुजुर्ग की गोली मारकर हत्या


**नई दिल्ली।** सोनिया विहार थाना इलाके में जमीन विवाद मामले में बाइक सवार बदमाशों ने एक बुजुर्ग को गोली मार दी। सूचना मिलते ही पुलिस उसे लेकर अस्पताल गई, जहां सोमवार शाम को इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। मृतक का नाम बाबूराम (64) है। पुलिस ने बाबूराम के बयान पर हत्या के प्रयास में मामला दर्ज कर लिया था। बाबूराम की मौत के बाद पुलिस ने एफआईआर में हत्या की धारा भी जोड़ ली है। पुलिस अधिकारी की माने तो बाबूराम ने अपने बयान में हमले का आरोप अपने ही गांव के दो भाइयों और उनके सहयोगियों पर लगाया है। पुलिस इस मामले में प्रीतम को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है, जबकि वारदात में शामिल

- पुलिस ने एक आरोपी को पकड़ा, तीन फरार

दोनों भाई व एक अन्य युवक अभी भी फरार है। पुलिस गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ कर फरार चल रहे आरोपियों के बारे में जानकारी जुटाकर उनकी तलाश कर रही है। जानकारी के मुताबिक, बाबूराम गली नंबर- दो, न्यू चौहान पुर, करावल नगर में सपरिवार रहता था। परिवार में पत्नी और चार बच्चे हैं। बाबूराम खेतीबाड़ी करता था। गत 29 अगस्त की शाम करीब पौने छह बजे बाबूराम अपनी बाइक से चौहान पट्टी से अपने घर जा रहा था। जैसे ही वह करावल नगर टोल टैक्स, होंडा शोरूम के पास पहुंचा, तभी बाइक दोनों भाई चरत और भरत व दो अन्य युवकों ने उन्हें ओवरटेक कर रोका लिया। इसके बाद चरत बाइक से उतरकर बाबूराम के पास आया और उसने दो गोली मार दी। एक गोली बाबूराम के कंधे, जबकि दूसरी उसके पेट में लगी। इसके बाद आरोपी हवा में पिस्टल लहराते हुए मौके से फरार हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस बाबूराम को लेकर सुश्रुत ट्रामा सेंटर गई, जहां इलाज के दौरान सोमवार शाम करीब 6:30 बजे उसकी मौत हो गई। घायल बाबूराम ने पुलिस को बताया कि उसका दोनों आरोपी भाईयों के पीछे चार-पांच साल से जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। दोनों भाई आपराधिक किस्म के हैं। पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

## पुरानी रंजिश में युवक की चाकू घोंपकर हत्या

**नई दिल्ली।** आदर्श नगर थाना इलाके में एक युवक की बदमाश ने चाकू घोंपकर हत्या कर दी। मृतक का नाम गोविंदा (19) है। घटना के दौरान युवक जिम से घर लौट रहा था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है। पुलिस अधिकारी की माने तो आरोपी युवक का मृतक से पहले भी किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था। झगड़े का बदला लेने के लिए आरोपी युवक ने वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी गौतम को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। आरोपी गौतम आदर्श नगर इलाके का घोषित बदमाश है। आरोपी के खिलाफ आठ केस दर्ज हैं। आरोपी गौतम पहले भी गिरफ्तार हो चुका है। फिलहाल वह जमानत पर बाहर आया हुआ था।



जानकारी के मुताबिक, गोविंदा, आदर्श नगर की झुग्गियों में सपरिवार रहता था। वह परिवार में इकलौता बेटा था। परिवार में पिता, मां, बहन व अन्य सदस्य हैं। गोविंदा अपने दोस्त गौरव के साथ जिम करके सोमवार देर रात घर लौट रहा था। जैसे ही वह झंडेवालान चौक के पास पहुंचा, इसी दौरान शराब के नशे में घुत गौतम उसे वहां खड़ा मिला। उसने गोविंदा को रोक लिया। गौतम गोविंदा से पुरानी बातों को लेकर कहासुनी करने लगा। कहासुनी के दौरान गौतम ने गोविंदा के सीने में चाकू घोंप दिया। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। इधर सूचना मिलते ही पुलिस गोविंदा को लेकर अस्पताल गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने हत्या के कुछ घंटों बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

**खबर संक्षेप**

## द्वारका सेक्टर-आठ मेट्रो स्टेशन पर मिला सांप

**नई दिल्ली।** पश्चिम दिल्ली के द्वारका में सेक्टर आठ के मेट्रो स्टेशन के बेसमेंट में चार फुट लंबा नाग सांप मिला जिसे वहां से ले जाकर जंगल में छोड़ दिया गया। वन्यजीव संरक्षण से जुड़े एनजीओ वाइल्डलाइफ एसओएस ने एक बयान में कहा कि (सोमवार शाम को) ब्लू लाइन के द्वारका सेक्टर आठ के मेट्रो स्टेशन पर करीब चार फुट लंबा नाग सांप मिलने से खलबली मच गई। उसने कहा कि उसे कुछ देर तक निगरानी में रखने के बाद जंगल में छोड़ दिया गया। दिल्ली मेट्रो रेल निगम के एक अधिकारी ने कहा कि रखरखाव कर्मियों ने भंडार गृह के समीप रखी पुरानी चीजों के पास एक सांप को छिपा देखा। उन्होंने तत्काल हमें इसकी सूचना दी। अधिकारियों ने वाइल्डलाइफ एसओएस को यह जानकारी दी जिसने उसे वहां से हटाने के लिए दो सदस्यीय टीम भेजी। कोबरा (नाग) भारतीय उपमहाद्वीप में पायी जानी वाली सांप की चार जहरीली प्रजातियों में एक है और वह भारतीय वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 की अनुसूची दो तहत संरक्षित है।

## तिवारी ने कसा सीएम केजरीवाल पर तंज

नई दिल्ली। दिल्ली की जनता ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को नकार दिया है, जिसके बाद केजरीवाल ने स्वयं के लिए आई लव केजरीवाल अभियान चला दिया है। दिल्ली भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी ने केजरीवाल सरकार पर उक्त तंज कसते हुए कहा कि यह दिल्ली की राजनीति से केजरीवाल की गिरती लोकप्रियता का परिचायक है। तिवारी ने कहा कि विडम्बना यह है कि अरविंद केजरीवाल अपने अलावा और किसी से प्यार नहीं करते हैं, काश ये दिल्ली से प्यार करते तो आज दिल्ली के कान्ट्रैक्टचुअल कर्मचारियों की रोजी रोटी का खतरा पैदा नहीं होता, दिल्ली प्रदूषण में नंबर-1 नहीं होती, दिल्ली की अनधिकृत कॉलोनियों की इतनी दुर्दशा नहीं होती, दिल्ली के गरीबों का 5 लाख रूपये तक फ्री इलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत नहीं रोकते, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीबों को मिलने वाले घर को बनने से नहीं रोकते।

## एसीबी से की मार्शल भर्ती घोटाले की जांच की मांग

**नई दिल्ली।** विधानसभा में नेता विपक्षा विजेंद्र गुप्ता ने मंगलवार को भाजपा प्रतिनिधिमंडल के साथ भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) के विशेष पुलिस आयुक्त से मिलकर मार्शलों की भर्ती में हुए घोटाले की शिकायत दर्ज की। उन्होंने विशेष पुलिस आयुक्त अरविंद दीप से मिलकर उन्हें अनुस्मरण पत्र सौंप इस मामले में एफआईआर दर्ज करने की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि दिल्ली सरकार ने 10000 मार्शलों की भर्ती में भारी घोटाला हुआ है। प्रतिनिधिमंडल में विधायक जगदीश प्रधान तथा पूर्व विधायक कपिल मिश्रा तथा अनिल वाजपेयी सम्मिलित थे। भाजपा ने आरोप लगाया कि घोटाले के मास्टर माइंड डिवीजनल मजिस्ट्रेट (शाहदरा) कुलदीप पाखड़ ने यातायात मंत्री कैलाश गहलोत तथा डिवीजनल कमिश्नर राजीव वर्मा के साथ मिलकर यह घोटाला किया।

## केजरीवाल कैबिनेट ने दी जय भीम मुख्यमंत्री प्रतिभा विकास योजना के विस्तार को मंजूरी

# सभी वर्गों के गरीब बच्चे ले सकेंगे मुफ्त कोचिंग सुविधा का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार की जय भीम मुख्यमंत्री प्रतिभा विकास योजना के तहत अब सभी जाति/वर्गों के गरीब बच्चे दिल्ली सरकार की मुफ्त कोचिंग सुविधा का लाभ ले सकेंगे। इसके अलावा इस स्कीम के तहत सहायता राशि को 40 हजार रुपये से बढ़ाकर 1 लाख रुपये तक कर दिया गया है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में ये फैसला लिया गया। प्रैसवार्ता में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बताया कि एक साल पहले हमने जय भीम मुख्यमंत्री प्रतिभा विकास योजना शुरू की थी। अभी तक ये योजना केवल एससी कैटिगरी के बच्चों के लिए थी। इस योजना में अब तक कोचिंग के लिए अधिकतम 40 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जाती थी। इस योजना के क्रियान्वयन के दौरान ये देखा गया कि अच्छे कोचिंग इंस्टीट्यूट के लिए 40 हजार रुपये कम पड़ते हैं। इसके अलावा एससी कैटिगरी के अलावा बहुत सारे अन्य गरीब बच्चे हैं, जिनको इसका लाभ नहीं मिल पाता। सीएम ने बताया कि



- पैसे के अभाव में दिल्ली का कोई बच्चा अच्छी शिक्षा से वंचित नहीं रहेगा : केजरीवाल
- दिल्ली सरकार 1 साल की कोचिंग के लिए देगी 1 लाख रुपये की मदद

**इनको मिलेगा लाभ**

दिल्ली से 10वीं और 12वीं पास करने वाले बच्चे, जिनके परिवार की सालाना आय 8 लाख रुपये से कम है, उन्हें अब इस योजना का लाभ मिलेगा।

मंगलवार को कैबिनेट में इस राशि को 40 हजार रुपये से बढ़ाकर 1 लाख रुपये तक करने का फैसला लिया गया है। इसके साथ ही यह योजना सबके लिए लागू होगी। अब इस योजना का लाभ एससी स्टूडेंट्स, ओबीसी स्टूडेंट्स और आर्थिक दृष्टि से कमजोर सामान्य श्रेणी के स्टूडेंट्स को मिलेगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस योजना की एक शर्त ये है कि बच्चा 10वीं और 12वीं दिल्ली से उत्तीर्ण हुआ हो। साथ ही उसके परिवार की सालाना आय 8 लाख रुपये से कम होनी चाहिए। एक सवाल के जवाव में मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना के लिए पैसे की कमी नहीं होने दी जाएगी। जब-जब जरूरी होगा, आवंटन बढ़ा दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि दिल्ली में पैदा होने वाला कोई भी बच्चा पैसे की कमी की वजह से या गरीबी की वजह से आज इस प्रतिस्पर्धा के दौर में अच्छी शिक्षा पाने से वंचित नहीं रहना चाहिए। सीएम ने कहा कि हमारी सरकार ने 12वीं तक की शिक्षा बिलकुल फ्री की हुई है। सरकारी स्कूलों को बहुत शानदार बनाया। 12वीं के बाद जब बच्चा कॉलेज में जाता है तो उस पढ़ाई के लिए भी सरकार 10 लाख रुपये तक लोन देती है। लेकिन आज प्रतिस्पर्धा के दौर में अच्छी कोचिंग न मिल पाने की वजह से गरीबों के बच्चे पिछड़ जाते हैं। हम नहीं चाहते कि कोई भी बच्चा अपनी गरीबी के कारण किसी भी एग्जाम में पिछड़ जाए। इसलिए इस योजना का विस्तार किया है।

### पिछले साल 4961 बच्चों ने योजना का उठाया फायदा

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले साल 4961 बच्चों ने जय भीम मुख्यमंत्री प्रतिभा विकास योजना का फायदा लिया था। 3280 बच्चों ने एसएससी की कोचिंग ली। 944 बच्चों ने यूपीएससी की कोचिंग ली। 729 बच्चों ने अन्य प्रोफेशनल कोर्सेस के लिए कोचिंग ली। एक गरीब बच्चे विजय का एडमिशन आईआईटी में हो गया। एक गरीब बच्ची शशि का एडमिशन मेडिकल में हो गया। हिमांशु नामक एक बच्चे का एनएसआईटी दिल्ली में हो गया। अमरजीत नामक एक बच्चे का एनआईटी दिल्ली में हो गया। सागर नाम के एक बच्चे का एडमिशन बीएचयू में हो गया। प्रांजल सिंह का जीबी पंत गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज में हो गया।

### बाबा साहेब के सपने को पूरा कर रही है सरकार : गौतम

इस योजना को लेकर दिल्ली के समाज कल्याण मंत्री राजेंद्र पाल गौतम ने अपने ट्वीट में लिखा कि मुझे खुशी है कि जय भीम मुख्यमंत्री प्रतिभा विकास योजना बाबासाहेब अम्बेडकर के नाम से चल रही है। बाबासाहेब के सपने को दिल्ली सरकार पूरा कर रही है। अब सभी जाति/वर्गों के गरीब बच्चे भी ले सकेंगे दिल्ली सरकार की मुफ्त कोचिंग सुविधा।

## ट्रैफिक के बड़े जुर्माने पर कुछ नहीं कर सकती राज्य सरकार : सीएम

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार द्वारा यातायात नियमों में बदलाव कर लगाए गए भारी जुर्माना के मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पहली बार मंगलवार को इस मुद्दे पर बात की। उन्होंने साफ किया कि इस मामले में उन्होंने अधिकारियों से अभी तक जो बात की है, उसमें पता चला है कि केंद्र सरकार ने जिस तरह से इस मामले में अधिसूचना जारी की है। उसमें से अधिकतर और बड़े जुर्माने कोर्ट में ही जमा होंगे, जिनमें राज्य सरकार कुछ कर सकती है वे कम हैं और हल्के हैं। केंद्र सरकार ने इस बारे में अधिसूचना भी जारी कर दी है। उन्होंने कहा कि कुछ राज्य भारी भरकम जुर्माना वाले प्रावधान का किस आधार पर विरोध कर रहे हैं? इसे वह दिखवा रहे हैं। वहीं सूत्रों का कहना है कि दिल्ली सरकार ने अधिकारियों से राय लेकर इस मामले में अधिसूचना लाने की तैयारी कर दी है।

## रेहड़ी-पटरी वालों ने की मुख्यमंत्री से मुलाकात

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के द्वारा फुटपाथों को खाली कराने के निर्देश के बाद अपनी रोजी चले जाने के डरे रेहड़ी-पटरी वालों ने मंगलवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मुलाकात कर राहत दिलाने की मांग की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वासन दिया है कि वह वकीलों से बात कर रहे हैं कि राहत का क्या रास्ता निकल सकता है। अगर जरूरत पड़ेगी दोबारा कोर्ट भी जाएगी सरकार। सीएम ने ट्वीट कर कहा कि आज पूरी दिल्ली में बहुत सारे रेहड़ी-पटरी वाले मुझसे मिलने आए। सबमें बेहद खौफ है कि अब उनकी रोजी चली जाएगी। हम चाहते हैं कि दिल्ली की सड़कें साफ हों। लेकिन दुनिया में ऐसा कोई शहर नहीं जहां रेहड़ी पटरी वाले न हों। किसी भी शहर की अर्थव्यवस्था में ये लोग अहम योगदान देते हैं। दूसरे ट्वीट में सीएम ने कहा कि इनकी रोटी बचाना भी हम सबकी जिम्मेदारी है। मैं वकीलों से बात कर रहा हूं कि इसमें क्या रास्ता निकल सकता है। दिल्ली सरकार सुप्रीम कोर्ट के फैसले की भावना और लाखों रेहड़ी-पटरी वालों के रोजगार, दोनों का ध्यान रखते हुए जल्द ही इसका समाधान निकालेगी। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ेगी तो सरकार दोबारा कोर्ट भी जाएगी।

## 'वकीलों से संबंधित कल्याणकारी योजनाओं को तेजी से लागू करें'

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने विधि विभाग को वकीलों से संबंधित कल्याणकारी योजनाओं को लागू करने में तेजी लाने का निर्देश दिया है। केजरीवाल ने ट्वीट किया, '' मेरी सरकार वकीलों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। हमने इस साल के बजट में वकीलों की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लिए 50 करोड़ रुपये निर्धारित किए हैं। मैंने इसे तेजी से लागू करने के लिए विधि विभाग को निर्देश दिया है। उपराज्यपाल अनिल बैजल ने सोमवार को दिल्ली के मुख्य सचिव को मुद्दों का तेजी से हल करने सलाह दी थी। राज निवास से जारी बयान में कहा गया है कि पूर्व में उपराज्यपाल ने मीडिया में आई खबरों के आधार पर मुख्य सचिव को वकीलों से संबंधित कल्याणकारी योजनाओं या कोष से संबंधित मामलों का कानून के मुताबिक, तेजी से हल करने का निर्देश दिया था। बयान में कहा गया कि उपराज्यपाल ने मुख्य सचिव को एक बार फिर मामले का तेजी से समाधान करने का निर्देश दिया है। राजनिवास ने स्पष्ट किया कि ये मामले कभी उसके कार्यालय नहीं पहुंचे।

# डूसू चुनाव: एबीवीपी ने गिनाईं उपलब्धियां



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- हमारी लड़ाई अवसरवादी छात्र संगठनों से ज्यादा डीयू की समस्याओं से है : मोनिका

हमारी लड़ाई दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के अवसरवादी छात्र संगठनों से ज्यादा डीयू की समस्याओं से है। हम आने वाले समय में डीयू में छात्रों के हितों में कई महत्वपूर्ण प्रयास करेंगे और वह प्रयास केवल डीयू की समस्याओं तक सीमित न रहकर पर्यावरण तथा जल संरक्षण जैसे वैश्विक विषयों तक विस्तार होगा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की राष्ट्रीय मीडिया संयोजक मोनिका चौधरी ने नार्थ कैंपस में मंगलवार को प्रेस वार्ता के दौरान उक्त बातें कहीं। इस दौरान एबीवीपी ने अपनी गत वर्ष के डूसू कार्यकाल की उपलब्धियों को गिनाया। इस प्रेसवार्ता में प्रदेश मंत्री सिद्धार्थ यादव, दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) के पूर्व अध्यक्ष शक्ति सिंह, पूर्व सह सचिव ज्योति चौधरी ने संबोधित किया। मीडिया संयोजक मोनिका चौधरी ने कहा कि मिशन साहसी जैसे कार्यक्रम के माध्यम से महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में हमने मील का पत्थर स्थापित किया है, हमने कैंपस को प्रॉब्लम बताने के साथ सॉल्यूशन देने का काम किया है। हमारी लड़ाई डीयू के अवसरवादी छात्र संगठनों से ज्यादा डीयू की समस्याओं से है। वहीं, एबीवीपी नेतृत्व डूसू द्वारा किए गए छात्राओं के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम मिशन साहसी, छात्राओं को सम्मानित करने के लिए 'स्वयंसिद्धा' कार्यक्रम, मासिक धर्म सुरक्षा संबंधी 'यस आई ब्लीड' कार्यक्रम और मदारी जैसे कई कार्यक्रम आयोजित किए साथ ही कॉलेजों में फीस बढ़ोतरी के खिलाफ एबीवीपी ने मजबूती से आवाज उठाई। दिल्ली देहात में यू स्पेशल बस चलवाने, बस शेल्टर निर्माण, बसों में मार्शलों की तैनाती आदि मांगें एबीवीपी के आंदोलन से छात्रों के हितों में पूरी हुई।

## गरीबों के खिलाफ हैं गोयल : संजय सिंह

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी से राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने मंगलवार को एक बार फिर भाजपा के सांसद विजय गोयल पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्होंने हमारे जवाब न देकर साबित कर दिया कि वह गरीबों के खिलाफ हैं। प्रेसवार्ता में संजय सिंह ने कहा कि सोमवार को मैं अपने साथियों के साथ भाजपा नेता विजय गोयल के आवास पर उनसे यह पूछने गया था। मुझे उनसे पूछना था कि दिल्ली सरकार द्वारा 200 यूनिट मुफ्त बिजली और बकाया पानी बिल माफी के मुद्दे पर उनका और भाजपा का पक्ष क्या है।

# डॉक्टरों का स्वास्थ्य मंत्री जैन के आवास पर प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

मौलाना आजाद इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज के यूजी स्टूडेंट्स ने अपनी मांगों को लेकर दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य मंत्री के निवास पर प्रदर्शन किया। उनकी मांग है कि इंटर्नशिप के दरम्यान पिछले 14 साल से एक समान वेतन दिया जा रहा है, जबकि एमबीबीएस डॉक्टरों को इंटर्न के दौरान तीन गुना ज्यादा वेतन दिया जाता है। जिसे बढ़ाया जाए। डॉक्टरों ने बताया कि मौजूदा इंटर्नशिप के वेतन की अगर बात करते हैं तो हमें 8700 रुपये मिलता है लेकिन एमबीबीएस के इंटर्न की बात करते हैं तो उन्हें 23400 दिया जाता है। इस मामले को लेकर सत्येंद्र जैन ने कहा है कि मौलाना आजाद इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज प्रशासन इंटर्नशिप के वेतन को लेकर समानता बरतने को कहा है।



## 'अधिकारी और कर्मचारी दफ्तरों की करें जांच'

**नई दिल्ली।** डेंगू-चिकनगुनिया से निपटने और उसकी रोकथाम के लिए हर रविवार '10 हफ्ते,10 बजे,10 मिनट' कैम्पेन के तहत अब दिल्ली सरकार के सभी अधिकारी और कर्मचारी भी अपने घर और दफ्तरों के आसपास मच्छरों के प्रजनन को रोकने के लिए जांच करेंगे। सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) ने एक आदेश जारी कर कहा कि मुख्यमंत्री चाहते हैं कि अभियान केवल आम जनता तक सीमित न रहे बल्कि इसमें सरकार के अधिकारी, कर्मचारी दफ्तरों की जांच करें।

## सोनिया से मिलीं अलका, कांग्रेस में शामिल होने की अटकलें

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी की बागी विधायक अलका लांबा ने मंगलवार को कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से मुलाकात की, जिसके बाद से ये अटकलें तेज हो गई हैं वह जल्द ही कांग्रेस का दामन थाम सकती हैं। चांदनी चौक से विधायक अलका ने सोनिया से उनके आवास पर मुलाकात की, हालांकि उन्होंने अभी कांग्रेस में शामिल होने को लेकर कुछ भी स्पष्ट नहीं किया। मुलाकात के बाद अलका ने कहा कि सोनिया गांधी कांग्रेस की अध्यक्ष ही नहीं, बल्कि संप्रग की प्रमुख और धर्मनिरपेक्ष विचारधारा की एक बड़ी नेता भी हैं। देश के मौजूदा हालात पर उनसे लंबे समय से चर्चा बाकी थी। आज मौका मिला तो उनसे हर मुद्दे पर खुलकर बात हुई। उन्होंने कहा कि राजनीति में ये विमर्श का दौर चलते रहता है और चलते रहना चाहिए। अलका की सोनिया से इस मुलाकात के बाद ये अटकलें तेज हो गई हैं कि वह जल्द ही कांग्रेस का हिस्सा बन सकती हैं। गौरतलब है कि आम आदमी पार्टी से पिछले कई महीनों से नाराज चल रही अलका कई मौकों पर कांग्रेस और उसके शीर्ष नेताओं की तारीफ करती नजर आई हैं। वह पहले भी एनएसयूआई और कांग्रेस में रह चुकी हैं।



## भाजपा के नेता भी आप के 'जनसंवाद' अभियान में शिरकत करें : गोपाल राय

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



आप ने दिल्ली की केजरीवाल सरकार के पांच साल के कामों पर जनता की राय लेने के लिये शुरू किये गये 'जनसंवाद अभियान' में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं मनोज तिवारी, विजेन्द्र गुप्ता और विजय गोयल से भी शामिल होने का आह्वान किया है। आप की दिल्ली इकाई के संयोजक गोपाल राय ने मंगलवार को बताया कि पार्टी द्वारा एक सितंबर को शुरु किये गये जनसंवाद अभियान में दिल्ली सरकार की बिजली पर सब्सिडी देने और मुफ्त पानी की सुविधा का मुद्दा अब तक सर्वाधिक चर्चा का विषय रहा है। उन्होंने कहा कि चारों जनसंवाद में जनता केजरीवाल सरकार की इस पहल का समर्थन कर रही है जबकि दिल्ली भाजपा के नेता इस सुविधा का विरोध कर रहे हैं।

### कैट एंबुलेंस कर्मियों की मंत्री के साथ बैठक आज

पिछले 65 दिनों से अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठे कैट एंबुलेंस के कर्मचारियों से बात करने के लिए मंगलवार को सरकार राजी हुई है। आज बुधवार को दिल्ली के मंत्री गोपाल राय सचिवालय में दोपहर कैंट एंबुलेंस कर्मचारियों के साथ बैठक करेंगे।

## प्रदूषण और अपराध पर लगाम लगाएगा आरएफआईडी: भूरेलाल

# सुविधा: टैग रिचार्ज के लिए वेबसाइट लांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली में शुरू हुई महत्वाकांक्षी परियोजना रेडियो फ्रिक्वेंसी आइडंटीफिकेशन डिवाइस (आरएफआईडी) टैग से प्रदूषण की बढ़ती समस्या पर तो लगाम लगेगी ही साथ ही अपराध पर अंकुश लग जाएगा। दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के लिए सर्वोच्च न्यायालय द्वारा गठित पर्यावरण प्रदूषण (रोकथाम और नियंत्रण) प्राधिकरण (ईपीसीए) के अध्यक्ष भूरे लाल ने टैग संबंधी वेबसाइट www.ecctagsdmc.com का शुभारंभ करने के बाद मंगलवार को उक्त बातें प्रेसवार्ता में कहीं। इस अवसर पर प्रसिद्ध पर्यावरणविद्, ईपीसीए सचिव सुनीता नारायण और दक्षिणी दिल्ली नगर निगम के अतिरिक्त आयुक्त रणधीर सहाय, प्रवक्ता राधा कृष्ण व टैग कंपनी पदाधिकारी उपस्थित रहें। सचिव सुनीता नारायण ने कहा कि धीरे-धीरे आरएफआईडी परियोजना का कार्यान्वयन अधिक सुचारू बनेगा और इसके लिए इपीसीए और दक्षिणी निगम मिलकर काम कर रहे हैं ताकि समूची प्रक्रिया को तीव्र और विश्वसनीय बनाया जा सके। वहीं, बताया गया कि अब से वाणिज्यिक वाहनों के पूर्व पंजीकरण के लिए दस्तावेज आरएफआईडी टैग के पंजीकरण के लिए ई-मेल आईडी पर स्वीकार नहीं किए जाएंगे। मासिक पासधारकों का मुद्दा हल करने के लिए सभी वाणिज्यिक वाहन मालिक अपने वाहन का पूर्व पंजीकरण कराने के बाद किसी भी पीओएस पर जाकर मासिक पास प्राप्त करें और कोई अन्य मुद्दा हो तो उसका समाधान पाएं।



### लोग नहीं करा रहे थे रिचार्ज, किया समाधान

भूरेलाल ने बताया कि शुरूआती कठिनाइयों के बावजूद आरएफआइडी टैग परियोजना का कार्यान्वन प्रभावी हो रहा है क्योंकि टोल प्लाजा पर लाइनें छोटी हो रही हैं और समूची प्रक्रिया सुचारू बन रही है। मंगलवार तक करीब 3 लाख 7 हजार टैग की बिक्री हुई लेकिन सबसे बड़ी चिंता यह है कि 429 भुगतान को छोड़कर सभी भुगतान नकद किए गए। इसलिए इपीसीए और दक्षिणी निगम ने वाणिज्यिक वाहनों के लिए आसानी से टैग प्राप्त करने के लिए पूर्व पंजीकरण कराने को आसान बनाने के लिए एक समाधान के रूप में नई वेबसाइट की शुरुआत की। इससे ऑनलाइन रिचार्ज भी कराया जा सकेगा।

### 13 सितंबर की मध्यरात्रि से सिर्फ कैश रहित होगा प्रवेश

यह परियोजना पूरी तरह से अमल में आने से देश की पहली भीड़-भाड़ से मुक्त प्रणाली बन जाएगी जहां केवल नकदी रहित भुगतान किया जा सकेगा। यह तय किया गया है कि 13 सितंबर 2019 की मध्यरात्रि से 13 में किसी भी टोल प्लाजा केंद्र पर स्थित प्रवेश स्थल पर से वाणिज्यिक वाहनों को दिल्ली में प्रवेश नकद भुगतान से नहीं करने दिया जाएगा। ट्रांस्पोर्टरों को सलाह दी जाती है कि वे रिचार्ज के लिए वेबसाइट या एप्प पर रिचार्ज सुविधा या 28 पीओएस केंद्र जाएं।

# जल जनित बीमारियों में कमी का श्रेय लेने के लिए भिड़ी भाजपा और आप

## उत्तरी निगम: जल्द मिल जाएंगे पार्षदों को लैपटॉप

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

विधानसभा चुनाव को देखते हुए इन दिनों भाजपा और आम आदमी पार्टी (आप) नेता आमने-सामने हैं। मंगलवार को उत्तरी दिल्ली नगर निगम के मुख्यालय सिविक सेंटर में आयोजित सदन बैठक में जल जनित बीमारियों (डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया) में कमी का श्रेय लेने के लिए भी भाजपा-आप के निगम पार्षद आमने-सामने दिखें। बैठक में नेता सदन तिलक राज कटारिया ने कहा कि दिल्ली में डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया को रोकने में निगम डीबीसी कर्मियों ने पिछले कई माह बेहतर काम किया जिसका श्रेय अब दिल्ली सरकार ले रही है। जोकि सही नहीं हैं। तिलकराज ने कहा कि निगम अभियान का ही नतीजा है कि इस साल दिल्ली में इन बीमारियों के मरीजों की संख्या बेहद कमी रही है। संसाधनों और फंड की कमी के बावजूद निगम ने अच्छा काम किया है। वहीं, इस मामले पर आप के नेता विपक्ष सुरजीत सिंह पवार ने भी निगम के दावों पर हमला बोलते हुए कहा कि इसका श्रेय केवल डीबीसी कर्मियों और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जाता है। उन्होंने कहा कि निगम ने दावा किया है कि इन बीमारियों से निपटने के लिए हिंदूराव अस्पताल में 70 और कस्तूरबा अस्पतालों में 75 बेडों का प्रबंध किया गया जोकि बिल्कुल ही गलत है। उन्होंने निगम की रिपोर्ट्स पर भी सवाल खड़े किए। इस दौरान शोर्ट नोटिस के माध्यम से मिले जवाबों के मुताबिक उत्तरी निगम में एएमआई के 330 पद खाली पड़े हैं। जबकि इन पदों पर केवल 48 लोग ही काम कर रहे हैं। इसके अलावा, डीबीसी के 113, एफडब्ल्यू के 257, एसएफडब्ल्यू के 62, एमआई के 90, एएमओ के 6 और एसएमआई के 15 पद कई सालों से रिक्त हैं।

### ग्रामीण क्षेत्र के पार्षदों को 25-25 लाख का फंड

महापौर अवतार सिंह ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों का विकास अब हो सकेगा। निगम ने ग्रामीण क्षेत्रों के पार्षदों को विकास कार्य करने के लिए 25-25 लाख के फंड का ऐलान किया गया है। इस फंड से 18 पार्षद अपने अपने वार्ड में विकास कार्य करा सकेंगे। इसके अलावा पार्षदों की सुविधा में बढ़ौत्तरी का भी ऐलान किया गया। महापौर सिंह ने निगम के सभी 104 पार्षदों को लैपटॉप देना की भी घोषणा की। सिंह ने कहा कि अगले 40 दिनों के भीतर पार्षदों को लैपटॉप भी दिया जाएगा।

**खबर संक्षेप**



## विधायक ने किया विकास कार्यों का शुभारंभ

फरीदाबाद। पृथला विधानसभा क्षेत्र के विधायक पं. टेकचंद शर्मा ने मंगलवार को क्षेत्र के तीन गांवों करनेरा, जाजरु व गढ़खेड़ा में विकास की नई सौगात देते हुए करीब एक करोड़ 73 लाख के विकास कार्यों का शुभारंभ किया। इस दौरान विधायक टेकचंद शर्मा ने गांव करनेरा में 32 लाख के रास्तों का शिलान्यास, गांव जाजरु में 85 लाख की लागत से बनने वाले रास्तों व चौपाल व गांव गढ़खेडा में 56 लाख की लागत से बनने वाली दो चौपालों का शुभारंभ किया। गांवों में विकास कार्यों की शुरुआत करने पर तीनों ही गांवों की मौजिज सरदारी ने विधायक शर्मा का पगड़ी बांधकर एवं फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक टेकचंद शर्मा ने कहा कि विकास का दूसरा नाम मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर है।

## सीवरमैन यूनियन का धरना जारी



फरीदाबाद। मंगलवार को सीवरमैन यूनियन का धरना 15वें दिन भी निगम मुख्यालय के समक्ष जारी रहा। ठेका प्रथा के प्रधान सौराज मेंढवाल ने कहा कि निगम प्रशासन सीवर व्यवस्था पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। पूरे क्षेत्र की सीवर व्यवस्था सफाई न होने के कारण ध्वस्त हो गई है और यह कर्मचारियों की भर्ती के बारे में कुछ सोच भी नहीं रहा। सीवरमैन यूनियन के प्रधान सुभाष फेटमार ने कहा कि अगर हमारी मांग मंजूर नहीं की जाती तो आगामी नौ सितंबर को वह स्वयं आमरण अनशन पर बैठ जाएंगे। जिसकी जिम्मेदारी निगम प्रशासन की होगी। उन्होंने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में पहले 25 वार्ड थे तथा कर्मचारियों की संख्या भी अच्छी खासी थी। बाद में इन वार्डों को बढ़ाकर 40 कर दिया तथा सीवरमैन कर्मचारी रोजाना रिटायर हो रहे है। जिससे उनकी संख्या में सैकड़ों में रह गई है।

### विकास हत्याकांड समेत कई मामलों में वांछित था इनामी बदमाश

# मुठभेड़ के बाद सचिन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

हरियाणा कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता विकास चौधरी हत्याकांड की साजिश में अहम कड़ी रहे बदमाश सचिन खेड़ी को पलवल क्राइम ब्रांच पुलिस ने मंगलवार की सुबह मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान सचिन के पैर में गोली लगी है। बादशाह खान अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। यह मुठभेड़ थाना सदर बल्लभगढ़ क्षेत्र में हुई है। फरीदाबाद पुलिस की एसआईटी नरेन्द्र बिजारनिया के नेतृत्व में थाना सदर बल्लभगढ एरिया में घेराबंदी करके आरोपी सचिन को किया काबू। पुलिस आयुक्त केके राव ने आरोपी सचिन को घेराबंदी कर पकड़ने वाली टीम में शामिल पुलिस कर्मियों को एक लाख रुपये इनाम देने की भी घोषणा की।

### विकास की दी थी सूचना

विकास चौधरी की हत्या की साजिश के कुख्यात गैंगस्टर कौशल ने दुबई में बैठकर रची थी। सचिन ने उसे विकास चौधरी का मोबाइल नंबर और उससे संबंधित अन्य जानकारियां भी दी।

*50 हजार के इनामी बदमाश सचिन को पकड़ने के लिए सोमवार रात एक बजे सीकरी के पास घेराबंदी की गई थी। इसके लिए एसआईटी नरेंद्र बिजारनिया के नेतृत्व में गठित की गई। थाना सदर बल्लबभगढ़ एरिया सीकरी में घेराबंदी करके आरोपित सचिन को काबू किया गया। पुलिस आयुक्त केके राव सचिन को घेराबंदी कर पकड़ने वाली टीम में शामिल पुलिसकर्मियों को एक लाख रुपये इनाम देने की घोषणा की है।*

## गैंगस्टर कौशल को उपलब्ध कराता था जानकारी

### रची थी हत्या की साजिश

फरीदाबाद में ही विकास की हत्या का पूरा प्लान ही सचिन ने तैयार किया था। पहले भी फरीदाबाद पुलिस का मोस्ट वांटेड है। फरीदाबाद व पलवल में लूट सहित लूट व हत्या के कई मुकदमे उस पर दर्ज हैं। हरियाणा पुलिस ने उस पर 25 हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया हुआ है।



▶▶| सचिन को पकड़ने वाली टीम में शामिल पुलिसकर्मियों को एक लाख रुपये इनाम देने की घोषणा

▶▶| बल्लभगढ़ में दर्ज कराया पुलिस टीम पर फायरिंग करने का केस

### कई थानों में आरोपी के खिलाफ दर्ज हैं मामले

आरोपी सचिन हत्या, हत्या के प्रयास सहित कई केसों में शामिल है फरीदाबाद पुलिस का मोस्टवांटेड है। जिसकी गिरफ्तारी के लिए फरीदाबाद पुलिस की तरफ से रुपये 25 हजार का इनाम घोषित था। आरोपी सचिन के खिलाफ फरीदाबाद के थाना सेंट्रल, भूपानी, छायंसा में हत्या, हत्या का प्रयास, गिरोहबंदी व मारपीट इत्यादि के कई मुकदमे दर्ज है। आरोपी के खिलाफ थाना सदर पलवल में भी हत्या का मुकदमा दर्ज है।

**इलाज के लिए बीके अस्पताल में कराया भर्ती**

एसआईटी टीम व क्राइम ब्रांच की टीम घायल सचिन को इलाज के लिए सिविल अस्पताल बीके लेकर आई जहां उसे भर्ती कराया गया है। पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से हमला करने का मुकदमा थाना सदर बल्लभगढ में फरीदाबाद पुलिस ने दर्ज किया है। आरोपी सचिन के ठीक होने के बाद उसे अदालत में पेश कर रिमांड मांगा जाएगा।

### पुलिस पर सचिन ने की थी फायरिंग

फरीदाबाद पुलिस और पलवल पुलिस ने पीछा किया तो बदमाश सचिन ने फायरिंग कर दी। एसआईटी टीम ने फिर भी पीछा नहीं छोड़ा और बदमाश को आत्मसमर्पण करने की चेतावनी देते रहे लेकिन सचिन ने पुलिस टीम पर फायरिंग जारी रखी। एसआईटी टीम ने आत्मरक्षा के लिए फायरिंग की और एक गोली सचिन के पैर में लगी, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस टीम घायल के करीब गई तो पता चला की यह सचिन खेड़ी ही है। सचिन हत्या, हत्या के प्रयास सहित कई केस में शामिल है। सचिन की गिरफ्तारी के लिए फरीदाबाद पुलिस की तरफ से 25 हजार रुपये इनाम घोषित किया हुआ था। सचिन के खिलाफ थाना सेंट्रल, भूपानी, छांयसा में हत्या ,हत्या का प्रयास, गिरोह बंदी व मारपीट के कई मुकदमे दर्ज है। थाना सदर पलवल में भी हत्या का मुकदमा दर्ज है। पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से हमला करने का मुकदमा थाना सदर बल्लबभगढ़ में दर्ज किया गया है।

# मोदीनगर: छात्रों के दो गुटों में गोलीबारी



गाजियाबाद। मोदीनगर थाना क्षेत्र स्थित एमएम डिग्री कॉलेज परिसर में मंगलवार को छात्रों के दो गुट आपस में भिड़ गए। विवाद इतना बढ़ा कि एक गुट ने दो छात्रों पर कॉलेज परिसर में ताबड़तोड़ गोली चला दी। दो छात्र घायल हो गए जिनकी हालत नाजुक बनी हुई है। घटना की सूचना के बाद पुलिस प्रशासन ने हड़कंप मच गया और जिलाधिकारी अजय शंकर व एसएसपी सुधीर कुमार सिंह भी तहसील दिवस बीच में छोड़ कर मौके पर पहुंचे।

घटनाक्रम के अनुसार तिबड़ा रोड नंद नगरी स्थित कॉलेज में बीए तृतीय वर्ष का छात्र सुमित मंगलवार को अपने साथी कपिल के साथ कॉलेज पहुंचा तो गेट पर दूसरे गुट के छात्रों ने उन्हें रोक लिया और गाली गलौंच करते हुए पहले मारपीट की। फिर देखते ही देखते इस गुट के छात्रों ने गोलियां चलानी शुरू कर दी। गोलीबारी की आवाज सुन कॉलेज परिसर में छात्रों व स्टाफ के बीच अफरातफरी का माहौल बन गया।

### स्टाइल में किया छात्रों पर जानलेवा हमला

हमलावरों ने फिल्मी स्टाइल में छात्रों पर जानलेवा हमला बोला। इस दौरान जान बचाकर भाग रहे छात्र सुमित के पेट में गोली लग गई और दूसरे साथी कपिल के पैर में गोली लगी। दोनों वहीं गिर पड़े। गोलीबारी की सूचना पाकर पहुंची और घायल सुमित व कपिल को आनन-फानन में स्थानीय जीवन अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने दोनों छात्रों को मेरठ के कैलाश हास्पिटल रैफर कर दिया, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। इस घटना को लेकर कॉलेज परिसर में तनाव बना हुआ है। वहां भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। एसपी ग्रामीण नीरज जादौन ने बताया कि दोनों छात्रों की हालत नाजुक बनी हुई है। हमलावरों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित कर दी गई है। मामले की जांच की जा रही है।


### बोले केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर

## जो 70 वर्ष में नहीं हुआ वो सत्तर मिनट में किया



फरीदाबाद। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता के केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि देश में स्वतंत्रता के बाद 70 वर्ष तक जो काम नहीं हुआ, उसे मोदी और शाह की जोड़ी ने 70 मिनट मे करके दिखाया है। केंद्र सरकार ने देश की जनता के सहयोग से जम्मू-कश्मीर की धारा 370 और 35ए को खत्म करके विश्व में भारत अलग पहचान बनाई है। केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर मंगलवार को गांव महावतपुर में धन्यवाद जनसभा मे उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने गांव महावतपूर में नौ करोड़ 81लाख रूपये की धनराशि से बनने वाली सड़क की आधारशिला भी रखी।

# नहीं उठाया जा रहा कचरा कई जगह लगे कूड़े के ढेर



फरीदाबाद। फरीदाबाद के कई क्षेत्रों से अब तक घर-घर से कूड़ा उठाने का सिस्टम बेहतर नहीं बन पाया है। नगर निगम कर्मचारियों की 27 से 30 अगस्त चली हड़ताल के दौरान ईकोग्रीन के बहुत से कर्मचारियों ने भी काम नहीं किया। हालांकि ईकोग्रीन के जो कर्मचारी हड़ताल पर रहे। कंपनी ने उन्हें निकाल कर नए कर्मचारियों की भर्ती कर ली है। फिर भी अभी तक कई वार्डों में काम सही तरीके से शुरू नहीं हो पाया है। कई खत्तों पर कूड़ा फैला हुआ है।

वार्ड नंबर 21 के पार्षद जितेंद्र भड़ाना ने इकोग्रीन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए निगमायुक्त को पत्र लिखा है और सुधार की मांग की है। उन्होंने इस बात के लिए नाराजगी जताई कि कूड़ा एकत्र करने को घर-घर कर्मचारी नहीं आ रहे हैं। मेरे वार्ड में एक महीने से खत्तों से कूड़ा नहीं उठाया गया है। जिस कारण वार्ड में जगह जगह कूड़े के ढेर लगे पड़े है। घर-घर कूड़ा उठाने को नियमित रूप से वाहन नहीं आते। अब कई दिनों से हड़ताल के कारण हाल खराब है। अगर जल्द सुधार नहीं किया गया, तो लोग आंदोलन को मजबूर होंगे।

### हरियाणा के मंत्री राव ने कहा

## बिना भेदभाव के किए प्रदेश में विकास कार्य



गुरुग्राम। लोक निर्माण मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अनुच्छेद 370 को हटाकर ऐतिहासिक काम किया है। वहीं मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेश का समान रूप से विकास कार्य कराया है। हरियाणा के गठन के बाद से चल रहे भाई भतीजावाद, क्षेत्रवाद व जातिवाद आदि से ऊपर उठकर प्रदेशभर में समान रूप से विकास कार्य कराए गए, जो अभी भी जारी है। राव नरबीर सिंह ने यह बातें मंगलवार को सेक्टर-31 में जांगिड़ समाज अभिनंदन समारोह में कही। उन्होंने सेक्टर के लोगों से कहा कि प्रदेश और गुरुग्राम में पिछले पांच साल में कई विकास कार्य कराए गए।

### बच्चे के अपहरण का खुलासा

## मां ने रचा अपहरण का नाटक प्रेमी समेत तीन गिरफ्तार

गाजियाबाद। इंदिरापुरम पुलिस ने मंगलवार को एक पांच वर्षीय मासूम को सकुशल रिहा करा दिया। पुलिस ने मासूम को बरामद कर अपहर्ता प्रेमी और दो महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया है। बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया गया है। एसएसपी सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि बच्चा चोरी की बढ़ती फर्जी अफवाहों को ध्यान मे रखते हुए और लोगों को जागरुक करने के लिए इन दिनों अभियान चलाया जा रहा है इसी बीच 31 अगस्त को लोक प्रिय विहार निवासी जैनब नाम की महिला ने थाना इंदिरापुरम पर शनि बाजार इंदिरापुरम में अपने बच्चे के अपहरण की सूचना दी थी। सूचना के आधार पर तत्काल मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया तथा घटना के खुलासे के लिए एसओजी की टीम का गठन किया गया।

## मांगी मन्नत...



फरीदाबाद। उद्योग मंत्री विपुल गोयल के निवास पर आयोजित गणेश महोत्सव के दौरान पहुंची फिल्म अभिनेत्री महिमा चौधरी ने पूजा-अर्चना की।

## झगड़े में घायल हुई बच्ची की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुग्राम

मकान मालिक व किरायेदार के बीच हुए झगड़े में घायल किरायेदार की डेढ़ माह की बच्ची ने सोमवार को दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में दम तोड़ दिया। सेक्टर-18 थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बिहार के सहरसा जिला के गांव पटौरी बाजार निवासी चंदन चौहान ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि वह सुखराली एंक्लेव में अपनी पत्नी पूजा व डेढ़ माह की बच्ची के साथ परमेश्वर के मकान में किराए पर रहता है। 27 अगस्त को मकान मालिक ने किराया समय से नहीं देने के चलते झगड़ा करना शुरू कर दिया। उसके दोनों बेटे चंदन से मारपीट करने लगे।

### लोगों की सुविधा के लिए सीएम विंडो को हरियाणा के सभी जिलों में चलाया जा रहा है

# सीएम विंडो पर शिकायतों के निपटारे में गुरुग्राम अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुग्राम

सीएम विंडों के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध तरीके से निपटारा करने में गुरुग्राम जिला प्रदेश में पहले नंबर पर आया है। चंडीगढ़ स्थित मॉनिटरिंग सेल की रिपोर्ट के अनुसार गुरूग्राम जिला 86.58 प्वाइंटस लेकर पहले स्थान पर है और दूसरे स्थान पर जिला करनाल रहा है, जिसे 100 में से 85.32 प्वाइंटस मिले हैं। प्रदेश में सभी सरकारी विभागों संबंधी शिकायतों के तत्परता से समाधान के लिए 25 दिसंबर 2014 को शिकायत निवारण एंड मॉनिटरिंग सिस्टम स्थापित किया गया है। यह प्रदेश सरकार का एक फ्लेगशिप कार्यक्रम है। सीएम विंडो काउंटर पर लोगों की शिकायतों का रजिस्ट्रेशन होता है। रजिस्ट्रेशन के बाद शिकायतकर्ता के मोबाइल पर एसएमएस के




माध्यम से रजिस्ट्रेशन नंबर जाता है। इस रजिस्ट्रेशन नंबर के माध्यम से शिकायतकर्ता अपनी शिकायत को पोर्टल पर ट्रैक कर सकता है। सीएम विंडो को लोगों की सुविधा के लिए प्रदेश के सभी जिलों व उप मंडल स्तर पर चलाया जा रहा है।

उपायुक्त अमित खत्री के अनुसार जिला गुरुग्राम में अब तक सीएम विंडो पर 5465 शिकायतों को सीएम विंडो के मुख्यालय से डाउनमार्किंग करके भेजा गया है। जिनमें से 5271 शिकायतों का समाधान किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि जिला गुरुग्राम प्रदेश में सीएम विंडो पर शिकायत निवारण में 86.58 प्वाइंटस प्राप्त कर प्रथम स्थान पर है। उपायुक्त ने बताया कि पिछले महीने की समीक्षा बैठक के दौरान गुरूग्राम जिला पहले स्थान पर आने से जरा सा चूक गया था। और 81.3 प्वाइंटस हासिल करके दूसरे स्थान पर रहा था। जबकि, 81.68 प्वाइंटस के साथ कुरूक्षेत्र पहले स्थान पर रहा था।

उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय सीएम विंडो की नोडल अधिकारी नगराधीष मनीषा शर्मा को दिया और कहा कि उनकी मेहनत से शिकायतों का निपटारा जल्द हो सका है। इसके डिलिंग असिस्टेंट आशु वशिष्ठ को भी स्वतंत्रता दिवस समारोह में प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया है।

**एकम लीजिंग एंड फाइनैंस कं. लिमिटेड**
CIN : L74899DL1993PLC055697
पंजी. कार्यालय : 11, रानी झांसी रोड, (मोतिया खान), एम.एम. रोड, नई दिल्ली-110055
फोन : 011-23528015, ई-मेल : ekamleasing1@gmail.com

**26वीं वार्षिक सामान्य बैठक, बुक क्लोजर की जानकारी और दूरस्थ ई-वोटिंग सूचना**

एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि :-

1. एजीएम की सूचना में विनिर्दिष्ट अनुसार सामान्य और विशेष बिजनेस के सम्पादन के लिये कम्पनी की 26वीं वार्षिक सामान्य बैठक (एजीएम) शनिवार, 28 सितम्बर, 2019 को पूर्वा. 11.00 बजे सात्विक छावड़ फार्म्स के नजदीक, पुष्पांजलि फार्म्स, जी-1, द्वारका लिंक रोड, नई दिल्ली, न्यू टिवोली, बिजवासन, नई दिल्ली-110037 में आयोजित की जाएगी।
2. एजीएम की सूचना की इलैक्ट्रोनिक प्रतियां और वित्तीय वर्ष 2018-19 हेतु वार्षिक रिपोर्ट सभी सदस्यों को इनके ई-मेल आईडीज कम्पनी / डिपॉजिटरीज पार्टिसिपेंट के पास पंजीकृत हैं, को भेज दी गई हैं। यह कम्पनी की वेबसाइट www.ekamleasing.com और नैशनल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (एनएसडीएल) की वेबसाइट अर्थात् www.evotingindia.com पर भी उपलब्ध है। एजीएम की सूचना की भौतिक प्रतियां और 2018-19 की वार्षिक रिपोर्ट सभी अन्य सदस्यों के उनके पंजीकृत पते पर अनुमत्य मोड में भेज दी गई हैं। एजीएम की सूचना का प्रेषण 03 सितम्बर, 2019 को पूर्ण कर लिया गया है।
3. लिस्टिंग नियमनों के नियमन 44 और कम्पनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियमों, 2014 संशोधित अनुसार के नियम 20 के साथ पठित कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 108 के प्रावधानों के अनुसरण में यह भी सूचित किया जाता है, सदस्य जो या तो भौतिक रूप से अथवा डिमैटीरियलाइज्ड रूप में कट ऑफ तिथि अर्थात् 21 सितम्बर 2019 को शेयरधारण करते हैं वे एजीएम की सूचना में विनिर्दिष्ट सामान्य बिजनेस अथवा विशेष बिजनेस पर नैशनल सिक्योरिटी डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) के इलैक्ट्रोनिक वोटिंग प्रणाली के माध्यम से एजीएम स्थल के अतिरिक्त किसी स्थान से ("दूरस्थ ई-वोटिंग") द्वारा इलैक्ट्रोनिकली अपना मत दे सकते हैं। सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि

i) कम्पनी ने कम्पनी के शेयरधारकों को एजीएम सूचना और अन्य दस्तावेजों के प्रेषण का काम इसके बाद की तिथि तक पूरा कर लिया है ;
ii) एजीएम की सूचना में निर्दिष्ट सामान्य और विशेष बिजनेस का सम्पादन इलैक्ट्रोनिक साधनों द्वारा मतदान के माध्यम से किया जा सकता है ;
iii) दूरस्थ ई-वोटिंग बुधवार, 25 सितम्बर 2019 को पूर्वा. 9.00 बजे आईएसटी पर प्रारम्भ होगी।
iv) दूरस्थ ई-वोटिंग शुक्रवार 27 सितम्बर 2019 को अप. 5.00 बजे आईएसटी पर समाप्त होगी।
v) इलैक्ट्रोनिक साधनों द्वारा वोटिंग अथवा एजीएम में पात्रता सुनिश्चित करने के लिये कट ऑफ तिथि 21 सितम्बर, 2019 है।
vi) जो व्यक्ति कम्पनी के शेयरधारण कर चुके हैं और एजीएम सूचना के प्रेषण के पश्चात् कम्पनी के सदस्य बनते हैं और कट ऑफ तिथि अर्थात् 21 सितम्बर 2019 के अनुसार शेयरधारक हैं, evoting@nsdl.co.in पर एक आग्रह भेजकर लॉगइन आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकते हैं। यद्यपि, यदि कोई व्यक्ति ई-वोटिंग हेतु एनएसडीएल के पास पहले से ही पंजीकृत है तो मतदान करने के लिये मौजूदा यूजर आईडी और पासवर्ड का उपयोग किया जा सकता है।
vii) सदस्य ध्यान दें कि : (ए) दूरस्थ ई-वोटिंग मॉड्यूल उपरोक्त तिथि व समय के पश्चात् एनएसडीएल द्वारा अयोग्य कर दिया जाएगा और एक बार प्रस्ताव पर सदस्य द्वारा मतदान कर दिया गया तो तदोपरांत इसे परिवर्तित करने की अनुमति सदस्यों को नहीं दी जाएगी ; (बी) मतपत्र/ई-वोटिंग के माध्यम से मतदान हेतु सुविधा एजीएम में उपलब्ध करवाई जाएगी; (सी) जो सदस्य एजीएम से पूर्व दूरस्थ ई-वोटिंग द्वारा अपना मत दे चुके हैं, एजीएम में भी उपस्थित रह सकते हैं परन्तु उन्हें अपना मत दोबारा देने का अधिकार प्राप्त नहीं होगा और (डी) कोई व्यक्ति जिसका नाम सदस्यों के रजिस्टर में अथवा कटऑफ तिथि के अनुसार डिपॉजिटरीज द्वारा मैनटेन किये गये लाभकारी मालिकों के रजिस्टर में दर्ज है, को ही केवल मतदान हेतु दूरस्थ ई-वोटिंग के साथ-साथ मतपत्र / ई-वोटिंग के माध्यम से एजीएम में मत देने की सुविधा का लाभ प्राप्त करने का अधिकार होगा।
viii) एजीएम की सूचना कम्पनी की वेबसाइट www.ekamleasing.com पर और एनएसडीएल की वेबसाइट https://www.evoting.nsdl.com पर भी उपलब्ध है और :
ix) किसी पूछताछ के मामले में शेयरधारकों हेतु बारम्बार पूछे जाने वाले प्रश्नों (एफएक्यूज) और https://www.evoting.nsdl.com के डाउनलोड सेक्शन पर उपलब्ध शेयरधारकों हेतु ई-वोटिंग यूजर मैनुअल देख सकते हैं अथवा evoting@nsdl.co.in पर ई-मेल द्वारा एनएसडीएल से सम्पर्क कर सकते हैं। इलैक्ट्रोनिक वोटिंग के सम्बन्ध में किसी स्पष्टीकरण / शिकायत के मामले में, श्री राजीव रंजन, सहायक प्रबंधक, एनएसडीएल के पास उनके नामित ई-मेल आईडी : evoting@nsdl.co.in अथवा rajivr@nsdl.co.in पर अथवा टेलीफोन नं. : 022-24994738 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

4. कम्पनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियमों, 2014 के नियम 10, कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 91 और सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशन और डिस्क्लोजर अपेक्षाएं) नियमनों 2015 (लिस्टिंग नियमन) के अनुसरण में कम्पनी के सदस्यों का रजिस्टर और शेयर ट्रांसफर बुक्स सोमवार 23 सितम्बर 2019 से शनिवार 28 सितम्बर 2019 (दोनों दिन मिलाकर) तक 26वीं एजीएम के उद्देश्य हेतु बंद रहेंगे।

कृते एकम लीजिंग एंड फाइनैंस कं. लिमिटेड
हस्ता./-
राकेश जैन
प्रबंध निदेशक
डीआईएन-00061737

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 03.09.2019

**चन्द्र प्रभु इंटरनेशनल लिमिटेड**
CIN : L51909DL1984PLC019441
पंजी. कार्यालय : 14, रानी झांसी रोड, नई दिल्ली-110055
फोन : 011-23516567, ई-मेल : info@cpil.com, cs@cpil.com

**34वीं वार्षिक सामान्य बैठक, बुक क्लोजर (रिकॉर्ड तिथि) और दूरस्थ ई-वोटिंग जानकारी की सूचना**

एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि :-

1. 34वीं एजीएम की सूचना, जो वार्षिक रिपोर्ट और वित्तीय वर्ष 2018-19 हेतु अन्य दस्तावेजों सहित इलैक्ट्रोनिक मोड में सभी सदस्यों को भेज दी गई है जिनके ई-मेल पते कम्पनी / डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट (एस) के पास पंजीकृत है और इसकी भौतिक प्रतियां सभी अन्य सदस्यों को उनके पंजीकृत पते पर अनुमत्य मोड के माध्यम से भेज दी गई है, में विनिर्दिष्ट अनुसार सामान्य और विशेष बिजनेस का सम्पादन करने के लिये कम्पनी की 34वीं वार्षिक सामान्य बैठक (एजीएम) शनिवार 28 सितम्बर 2019 को पूर्वा. 10.00 बजे छावड़ा फार्म्स के नजदीक सात्विक, पुष्पांजलि फार्म्स, जी-1, द्वारका लिंक रोड, नई दिल्ली, निकट टिवोली, बिजवासन, नई दिल्ली-110037 में आयोजित की जाएगी। यह कम्पनी की वेबसाइट www.cpil.com और नैशनल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (एनएसडीएल) की वेबसाइट अर्थात् www.evotingindia.com पर भी उपलब्ध है। एजीएम की सूचना की भौतिक प्रतियां और 2018-19 की वार्षिक रिपोर्ट सभी अन्य सदस्यों के उनके पंजीकृत पते पर अनुमत्य मोड में भेज दी गई हैं। एजीएम की सूचना का प्रेषण 03 सितम्बर, 2019 को पूर्ण कर लिया गया है।
2. इसके अतिरिक्त यह भी सूचना दी जाती है कि कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 91, कम्पनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियमों, 2014 के नियम 10 और सेबी (लिस्टिंग ऑबलिगेशन एंड डिस्कलोजर अपेक्षाएं) नियमनों 2015 (लिस्टिंग नियमनों) नियमन 42 के तहत 34वीं एजीएम के प्रयोजन हेतु और लाभांश, यदि उक्त एजीएम में घोषित किया जाता है, के भुगतान हेतु कम्पनी के सदस्यों का रजिस्टर और शेयर ट्रांसफर बुक्स सोमवार 23 सितम्बर 2019 से शनिवार 28 सितम्बर 2019 (दोनों दिन मिलाकर) तक बंद रहेंगे।
28 मई 2019 को आयोजित इसकी बैठक में कम्पनी के निदेशक मंडल ने रु. 10/- प्रत्येक के रु. 0.50 प्रति इक्विटी शेयर की दर पर लाभांश के भुगतान की अनुशंसा की है। जो कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 126 के प्रावधानों के अधीन, इक्विटी शेयर पर लाभांश, यदि एजीएम में घोषित किया जाता है, सभी लाभप्रद मालिकों जो या तो इलैक्ट्रोनिक अथवा भौतिक रूप में शनिवार 21 सितम्बर 2019 के कार्य समय की समाप्ति के अनुसार शेयरधारण करते हैं, घोषणा के 30 दिन के अंदर क्रेडिटेड / प्रेषित किये जाएंगे।
सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) निर्धारित कर चुका है कि सभी लिस्टेड कम्पनी शेयरधारकों को भुगतान करने के प्रयोजन हेतु भुगतान का अनुमोदित इलैक्ट्रोनिक मोड उपयोग में लाएंगे। सभी शेयरधारकों से अतः आग्रह किया जाता है कि वे अपने बैंक खातों का विवरण तत्काल अद्यतन करें, यदि ये कम्पनी के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट अथवा डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट्स, जैसा भी मामला हो, के पास अद्यतन नहीं किये गये हैं।
3. इसके अतिरिक्त सूचना दी जाती है कि कम्पनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियमों 2014 संशोधित अनुसार के नियम 20 के साथ पठित कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 के प्रावधानों और लिस्टिंग नियमनों के नियमन 44 के तहत, सदस्य जो या तो भौतिक रूप से अथवा डिमैटीरियलाइज्ड रूप में कट ऑफ तिथि अर्थात् 21 सितम्बर 2019 को शेयरधारण करते हैं वे एजीएम की सूचना में विनिर्दिष्ट सामान्य और विशेष बिजनेस पर नैशनल सिक्योरिटी डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) के इलैक्ट्रोनिक वोटिंग प्रणाली के माध्यम से एजीएम स्थल के अतिरिक्त किसी स्थान से ("दूरस्थ ई-वोटिंग") द्वारा इलैक्ट्रोनिकली अपना मत दे सकते हैं। सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि

i) कम्पनी ने कम्पनी के शेयरधारकों को एजीएम सूचना और अन्य दस्तावेजों के प्रेषण का काम इसके बाद की तिथि तक पूरा कर लिया है।
ii) एजीएम की सूचना में निर्दिष्ट सामान्य और विशेष बिजनेस का सम्पादन इलैक्ट्रोनिक साधनों द्वारा मतदान के माध्यम से किया जा सकता है ;
iii) दूरस्थ ई-वोटिंग बुधवार 25 सितम्बर 2019 को पूर्वा. 9.00 बजे आईएसटी पर प्रारम्भ होगी।
iv) दूरस्थ ई-वोटिंग शुक्रवार 27 सितम्बर 2019 को अप. 5.00 बजे आईएसटी पर समाप्त होगी।
v) इलैक्ट्रोनिक साधनों द्वारा वोटिंग अथवा एजीएम में पात्रता सुनिश्चित करने के लिये कट ऑफ तिथि 21 सितम्बर, 2019 है।
vi) कोई व्यक्ति जो कम्पनी के शेयर अर्जन कर चुके हैं और एजीएम सूचना के प्रेषण के पश्चात् कम्पनी के सदस्य बनते हैं और कट ऑफ तिथि अर्थात् 21 सितम्बर 2019 के अनुसार शेयरधारण करते हैं, evoting@nsdl.co.in पर एक आग्रह भेजकर लॉगइन आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकते हैं। यद्यपि, यदि कोई व्यक्ति ई-वोटिंग हेतु एनएसडीएल के पास पहले से ही पंजीकृत है तो मतदान करने के लिये मौजूदा यूजर आईडी और पासवर्ड का उपयोग किया जा सकता है।
vii) सदस्य ध्यान दें कि : (ए) दूरस्थ ई-वोटिंग मॉड्यूल उपरोक्त तिथि व समय के पश्चात् एनएसडीएल द्वारा अयोग्य कर दिया जाएगा और एक बार प्रस्ताव पर सदस्य द्वारा मतदान कर दिया गया तो तदोपरांत इसे परिवर्तित करने की अनुमति सदस्यों को नहीं दी जाएगी ; (बी) मतपत्र/ई-वोटिंग के माध्यम से मतदान हेतु सुविधा एजीएम में उपलब्ध करवाई जाएगी; (सी) जो सदस्य एजीएम से पूर्व दूरस्थ ई-वोटिंग द्वारा अपना मत दे चुके हैं, एजीएम में भी उपस्थित रह सकते हैं परन्तु उन्हें अपना मत दोबारा देने का अधिकार प्राप्त नहीं होगा और (डी) कोई व्यक्ति जिसका नाम सदस्यों के रजिस्टर में अथवा कटऑफ तिथि के अनुसार डिपॉजिटरीज द्वारा मैनटेन किये गये लाभकारी मालिकों के रजिस्टर में दर्ज है, को ही केवल मतदान हेतु दूरस्थ ई-वोटिंग के साथ-साथ मतपत्र / ई-वोटिंग के माध्यम से एजीएम में मत देने की सुविधा का लाभ प्राप्त करने का अधिकार होगा।
viii) एजीएम की सूचना कम्पनी की वेबसाइट www.cpil.com पर और एनएसडीएल की वेबसाइट https://www.evoting.nsdl.com पर भी उपलब्ध है और ;
ix) किसी पूछताछ के मामले में शेयरधारकों हेतु बारम्बार पूछे जाने वाले प्रश्नों (एफएक्यूज) और https://www.evoting.nsdl.com के डाउनलोड सेक्शन पर उपलब्ध शेयरधारकों हेतु ई-वोटिंग यूजर मैनुअल देख सकते हैं अथवा evoting@nsdl.co.in पर ई-मेल द्वारा एनएसडीएल से सम्पर्क कर सकते हैं। इलैक्ट्रोनिक वोटिंग के सम्बन्ध में किसी स्पष्टीकरण(ों) / शिकायत(ों) के मामले में, श्री राजीव रंजन, सहायक प्रबंधक, एनएसडीएल के पास उनके नामित ई-मेल आईडी : evoting@nsdl.co.in अथवा rajivr@nsdl.co.in पर अथवा टेलीफोन नं. : 022-24994738 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

समय पर संचार प्राप्त करने के लिये कृपया आप कम्पनी / आपके डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट के पास पंजीकृत ई-मेल आईडी पर अद्यतन रहें।

कृते चन्द्र प्रभु इंटरनेशनल लिमिटेड
हस्ता./-
गजराज जैन
अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक
डीआईएन-00049199

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 03.09.2019

मनोहर सरकार
विकास अपार

फर्क साफ है क्योंकि नीयत साफ है

150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

# उद्यमियों में उत्साह

एक ही छत के नीचे सभी प्रकार की औद्योगिक क्लीयरेंस

ज़ीरो डिफेक्ट-ज़ीरो इफैक्ट विनिर्माण पद्धतियों के माध्यम से उद्योगों की प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा

33,799 करोड़ रुपये के निवेश से 62,060 उद्योग स्थापित। लगभग 5.68 लाख लोगों को रोज़गार मिला

निर्यात में हरियाणा देश में 5वें स्थान पर

कुल 495 एम.ओ.यू. से 6.66 लाख करोड़ रुपये का हुआ निवेश

औद्योगिक विकास एवं पर्यावरण संरक्षण के बीच सही संतुलन

श्रमिक एवं औद्योगिक मैत्रीपूर्ण नीतियों के लिए प्रतिबद्ध

जी.एस.टी. संग्रहण में हरियाणा का देश में 5वां स्थान

हरियाणा नम्बर 1 ईज़ ऑफ डूईंग बिज़नेस में उत्तरी भारत के राज्यों में

तथा देश में तृतीय स्थान पर

डी.आई.पी.पी. तथा विश्व बैंक द्वारा जारी रैंकिंग, 2017-18 के अनुसार



## हरियाणा में औद्योगिक विकास और रोज़गार सृजन को बढ़ावा देने के लिए आकर्षक क्षेत्रीय विशिष्ट नीतियां

### उद्यम प्रोत्साहन नीति – 2015
- एस.जी.एस.टी. पर निवेश रियायत
- ई.डी.सी. के रूप में 50 प्रतिशत छूट
- 100 प्रतिशत तक स्टाम्प ड्यूटी वापस
- 100 प्रतिशत तक बिजली शुल्क में छूट
- रोज़गार सृजन रियायत

### आई.टी. एवं ई.एस.डी.एम. नीति – 2017
- ऊर्जा रियायत
- एस.जी.एस.टी. की शत-प्रतिशत प्रतिपूर्ति (नेट टैक्स)
- आई.टी. टाउनशिप के डेवलपर्स हेतु पूंजी रियायत
- बिजली शुल्क छूट

### उद्यमी और स्टार्ट-अप नीति – 2017
- स्टार्ट-अप्स हेतु पट्टा किराया रियायत
- पेटेंट/गुणवत्ता प्रमाणन हेतु स्टार्ट-अप्स के लिए नवाचार संवर्धन रियायत
- इनक्यूबेटरों के लिए पूंजी निवेश का पूंजी अनुदान
- इनक्यूबेटरों के लिए स्टाम्प ड्यूटी प्रतिपूर्ति

### कृषि व्यापार और खाद्य प्रसंस्करण नीति – 2018
- पूंजी निवेश अनुदान
- 10 मिनी फूड पार्कों को सहायता
- फूड पार्कों में इकाई स्थापना के लिए एस.जी.एस.टी. प्रतिपूर्ति
- 10 कोल्ड चेन इन्फ्रा परियोजनाओं के लिए पूंजी निवेश रियायत
- ग्रामीण क्षेत्रों में पिछड़े और अग्रिम लिंक बनाने के लिए पूंजी निवेश रियायत की सहायता

### एम.एस.एम.ई. नीति – 2019
- कलस्टर प्लग एंड प्ले – फ्लैटेड फैक्टरीज़ के विकास हेतु अनुदान सहायता
- मिनी लीन कलस्टर स्कीम – लीन विनिर्माण व्यवहारों को अपनाने हेतु न्यूनतम 8 इकाइयों वाले कलस्टर हेतु अनुदान सहायता
- एस.एम.ई. एक्सचेंज लिस्टिंग – एस.एम.ई. एक्सचेंज प्लेटफार्म पर सूचीकरण और पंजीकरण लागत की प्रतिपूर्ति
- कौशल विकास – मूलभूत प्रशिक्षण लागत को सांझा करने हेतु अनुदान सहायता

**नीति स्तम्भ**
- लाभकारी राजकोषीय प्रोत्साहन
- विनियामक सरलीकरण
- मानव पूंजी विकास
- बुनियादी ढांचे में संवर्धन





**हरियाणा में व्यापार के लिए नये आयाम**

### वस्त्र नीति – 2019
- टैक्सटाइल पार्कस के विकासकर्त्ताओं हेतु वित्तीय सहायता
- सभी इकाइयों हेतु अवधि ऋण पर ब्याज रियायत
- योग्य निवेश पर पूंजी रियायत
- रोज़गार सृजन रियायत

### फार्मास्युटिकल नीति – 2019
- करनाल में आगामी फार्मा पार्क के लिए बाहरी व आंतरिक अवसरंचना की लागत हेतु सहायता
- फार्मा पार्क/कलस्टर में इकाइयों हेतु सैकेण्डरी ई.टी.पी. (सी.ई.टी.पी.) की स्थापना हेतु पूंजीगत व्यय
- करनाल के फार्मा पार्क में इकाइयां स्थापित करने पर संयंत्र और मशीनरी की 25 प्रतिशत लागत की भरपाई
- करनाल के फार्मा पार्क में इकाइयां स्थापित करने पर प्रतिपूर्ति के रूप में ब्याज रियायत

### लॉजिस्टिक्स वेयरहाऊसिंग एवं रिटेल नीति – 2019
- वेयरहाऊसिंग, लॉजिस्टिक्स पार्क एवं मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क हेतु पूंजी रियायत
- ब्याज रियायत
- ट्रकर्स पार्कस के डेवलपर्स हेतु राजकोषीय सहायता
- कृषि क्षेत्रों में वेयरहाऊसिंग सह रिटेल सुविधाओं की स्थापना की मंजूरी

एक ही छत के नीचे समाधान अपना सी.ए.एफ. (Composite Application Form) https://investharyana.in पर भरें तथा सभी स्वीकृतियां प्राप्त करें

HELPLINE NO: 1800-180-2132
WWW.INVESTHARYANA.IN

@investharyana
InvestHaryana
@investharyana

सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा www.prharyana.gov.in

प्लास्टिक भगाओ पर्यावरण बचाओ

## खबर संक्षेप

### मुलायम को ढाल बना रहे अखिलेशः स्वतंत्र देव सिंह

**लखनऊ।** भाजपा के यूपी अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर आरोप लगाया कि आजम खां की जमीनों की लूट को सही ठहराने के लिए वह पिता मुलायम सिंह यादव को ढाल के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं। सिंह ने पूर्व सीएम मुलायम सिंह यादव को सपा का वरिष्ठतम नेता बताते हुए कहा कि सपा प्रमुख अखिलेश अपनी सरकार के दौरान आजम द्वारा की गई जमीनों की लूट को सही ठहराने के लिए मुलायम को ढाल के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं। जैसे मुलायम की प्रेस वार्ता का आयोजन कर आजम का बचाव कराया गया, उससे साबित होता है कि अखिलेश सरकार में आजम ने ओहदे का फायदा उठाते हुए तमाम घपलों, घोटालों को अंजाम दिया।

### पान मसाला बंदी पर जदयू विधायक ने उठाए सवाल

**दरभंगा।** बिहार सरकार ने शराबबंदी लागू होने के बाद अब पान मसाला पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दी है। पर इस बंदी को जदयू के ही विधायक ने गलत ठहराया, कहा कि ये सब ऑन पेपर अच्छा लगता है। दरभंगा के हायाघाट से जदयू विधायक अमरनाथ गामी ने अपनी ही सरकार को घेरते हुए शराबबंदी और फिर गुटखाबंदी को गलत ठहराया है और इन प्रतिबंधों को खत्म करने की मांग की है।

### मुलायम ने मामले पर पीएम से मुलाकात करने की बात कही

# 'आजम पर हो रहा अन्याय आंदोलन करें कार्यकर्ता'

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

समाजवादी पार्टी (सपा) संस्थापक पूर्व रक्षा मंत्री मुलायम सिंह यादव ने कार्यकर्ताओं से रामपुर के सपा सांसद आजम खां पर हो रहे 'अन्याय' के खिलाफ आंदोलन खड़ा करने की अपील करते हुए मंगलवार को कहा कि जरूरत पड़ी तो वह इस बारे में पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात भी करेंगे। मुलायम ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि आजम ने 'भीख' मांगकर चंदे से रामपुर में मुहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय बनाया, उसके निर्माण के लिये विधायक कोटे से मिला घर भी बेच दिया। वह आज भी पतली गली के छोटे से मकान में रहते हैं। विवि के निर्माण के लिये सैकड़ों बीघा जमीन खरीदने वाला इंसान डेढ़-दो बीघा जमीन के लिये बेईमानी नहीं कर सकता। दो बीघा जमीन के लिये उन पर 27 गम्भीर धाराओं में आपराधिक मुकदमे लाद दिये गये हैं। आज ही मुलायम सपा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्यों, अन्य नेताओं से बात करके कल-परसों तक आंदोलन की तारीख घोषित करेंगे। इस सवाल पर कि आजम के खिलाफ हो रही कार्रवाई को लेकर क्या पीएम मोदी से मुलाकात करेंगे, मुलायम ने कहा कि अभी तो मैंने सोचा नहीं है, जरूरत होगी तो हम पीएम से जरूर मिलेंगे। उन्होंने किसी का नाम लिये बगैर कहा कि कुछ भाजपा नेताओं का भी मानना है कि आजम के खिलाफ गलत हो रहा है, इससे हमारी पार्टी को नुकसान होगा।

> हम यूपी के सभी पार्टी कार्यकर्ताओं से अपील करते हैं कि आजम खां के अपमान, अन्याय के खिलाफ तैयार हो जाएं, पूरे प्रदेश में आंदोलन खड़ा करें। हम खुद आंदोलन में आगे खड़े होंगे। -मुलायम सिंह यादव, पूर्व सीएम यूपी



#### आजम का पक्ष किया मजबूत

- आजम ने 'भीख' मांगकर चंदे से रामपुर में बनाया विवि, विधायक कोटे से बेटे को मिला घर भी बेचा
- सैकड़ों बीघा जमीन खरीदने वाला इंसान डेढ़-दो बीघा जमीन के लिए बेईमानी नहीं कर सकता
- सपा नेताओं से बात करके आंदोलन की तारीख घोषित करेंगे मुलायम

#### सरकार पर उठाए सवाल

मुलायम ने कहा कि सरकार ने आवास बनाने के लिये पूर्व में जिन लोगों के कब्जे हटाये, अब वर्षों बाद उन्हीं अवैध कब्जेदारों की शिकायत पर सरकार ने आजम, सपा कार्यकर्ताओं पर लूट व डकैती के झूठे मुकदमे दर्ज करा दिये हैं। राजनैतिक प्रतिशोध का ऐसा भयावह रूप मैंने अपनी जिंदगी में पहले ना तो देखा, ना ही सुना था। अपनी भाषा, विद्वता की वजह से आजम खां देश के नेता बन गये हैं। इसीलिये भाजपा को परेशानी हो गई है।

#### दोस्त के लिए मांगा सहयोग

मुलायम ने कहा कि आजम हमारे संघर्ष के दिनों के साथी हैं। वह कुछ गलत काम नहीं कर सकते हैं। हम चाहते हैं कि आजम पर हो रहे अन्याय पर मीडिया सहयोग करे। अब मीडिया के अलावा और कोई सहारा नहीं है। गौरतलब है कि आजम खां के खिलाफ जौहर विश्वविद्यालय के लिये गरीबों की जमीन छीनने और डकैती डालने समेत दर्जनों मुकदमे दर्ज किये गये हैं।

# चिन्मयानंद प्रकरणः उप्र सरकार ने किया एसआईटी का गठन

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

- उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में शासन ने जारी किए निर्देश
- एसआईटी में स्वच्छ छवि के अन्य पुलिस अधिकारी भी होंगे सम्मिलित

स्वामी चिन्मयानंद प्रकरण में आरोपों की जांच एवं दर्ज अभियोगों की निष्पक्ष विवेचना के लिए यूपी सरकार ने मंगलवार को विशेष जांच टीम (एसआईटी) का गठन कर दिया।

यूपी में शाहजहांपुर जिले के सुखदेवा नन्द विधि महाविद्यालय में अध्ययनरत विधि छात्रा एवं उसके भाई द्वारा प्रबंधन तंत्र पर लगाए आरोपों को देखते हुए उनकी जांच, निष्पक्ष विवेचना के लिए विशेष जांच टीम (एसआईटी) का गठन कर दिया गया है। एसआईटी गठित करने, छात्रा व उसके भाई की पढ़ाई किसी अन्य कॉलेज से कराये जाने व छात्रा व उसके परिवार को सुरक्षा प्रदान करने के संबंध में उच्चतम न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन में शासन द्वारा निर्देश जारी किये गये हैं। यूपी के मुख्य सचिव राजेन्द्र कुमार तिवारी ने पुलिस मुख्यालय में पुलिस महानिरीक्षक (लोक शिकायत) नवीन अरोड़ा के नेतृत्व में विशेष जांच दल (एसआईटी) के गठन का निर्णय लिया गया है, जिसमें सेनानायक, 41वीं वाहिनी, पीएसी, गाजियाबाद श्रीमती भारती सिंह को भी नामित किया गया है। नवीन अरोड़ा इस दल में स्वच्छ छवि के अन्य पुलिस अधिकारियों को सम्मिलित करेंगे। यह एसआईटी शाहजहांपुर प्रकरण में लगाये गये आरोपों की जांच एवं दर्ज अभियोगों की निष्पक्ष विवेचना सुनिश्चित करेगी। प्रदेश के मुख्य सचिव राजेन्द्र कुमार तिवारी द्वारा आयुक्त, बरेली मंडल व कुलपति, महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखंड विश्वविद्यालय, बरेली को पीड़ित विधि छात्रा व उसके भाई का प्रवेश महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखंड विश्वविद्यालय, बरेली या उससे संबद्ध किसी महाविद्यालय में कराने के संबंध में भी तत्काल आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिये गये। शासन द्वारा उक्त विधि छात्रा, उसके माता-पिता एवं परिवार के अन्य सदस्यों के लिए भी समुचित सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के वास्ते शाहजहांपुर जनपद के पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिये गये हैं।

#### चिन्मयानंद के आश्रम से खाली लौटी पुलिस



**शाहजहांपुर।** स्वामी चिन्मयानंद से पूछताछ करने गई पुलिस टीम उनके हरिद्वार आश्रम से वापस लौट आई है क्योंकि टीम को चिन्मयानंद वहां नहीं मिले। एसपी (नगर) दिनेश त्रिपाठी ने मंगलवार को बताया कि स्वामी चिन्मयानंद के खिलाफ पीड़िता के पिता द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट के क्रम में टीम उनसे पूछताछ के लिए उनके हरिद्वार आश्रम भेजी गई थी। वहां वह नहीं मिले। टीम सोमवार को वापस लौट आई। लड़की के परिजन दिल्ली में हैं, परंतु उनके घर पर पुलिस तैनात है। इसके अलावा पुलिस बराबर पूरे मामले की निगरानी कर रही है व लड़की के पिता या परिवार को अधिक सुरक्षा की आवश्यकता प्रतीत होगी तो वह उपलब्ध कराई जाएगी। वहीं, दिल्ली से पीड़िता के पिता ने कहा कि मैं बेटी से मिलने पहुंचा तो बेटी भयभीत थी व वह मां के सीने से लगकर रोने लगी। इसके बाद मैंने, उसकी मां ने उसे आश्वस्त किया कि प्रशासन, शीर्ष अदालत उसके साथ है।

## उपचुनावः यूपी की 5 विस सीटों पर कांग्रेस के उम्मीदवार घोषित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में खाली हुईं विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के मद्देनजर राजनीतिक दल तैयारियों में जुटे हुए हैं। कांग्रेस ने पांच सीटों पर अपने उम्मीदवारों के नामों का ऐलान भी कर दिया है। उम्मीदवारों के नामों वाली सूची में पार्टी ने पीएल पुनिया के बेटे तनुज पुनिया का नाम भी शामिल किया है।

तनुज पुनिया को जैदपुर विधानसभा सीट से कैंडिडेट घोषित किया गया है। बता दें कि बाराबंकी के जैदपुर से बीजेपी के विधायक उपेंद्र रावत भी सांसद बन गए।

#### इन सीटों पर उम्मीदवारों के नामों का ऐलान

कांग्रेस ने गंगोह से नौमान मसूद को उम्मीदवार बनाया है। वहीं, लखनऊ कैंट विधानसभा से दिलप्रीत सिंह को टिकट दिया है। मानिकपुर से कांग्रेस ने रंजना पांडेय को प्रत्याशी बनाया है। प्रतापगढ़ से पार्टी ने नीरज त्रिपाठी को कैंडिडेट घोषित किया है।

## स्कूल शौचालय में छात्र की हत्या, भीड़ ने की तोड़फोड़

एजेंसी ▶▶ भभुआ

- पटना से जांच के लिए फॉरेंसिक टीम बुलाई गई

बिहार के कैमूर जिला के कुदरा थाना क्षेत्र स्थित निजी स्कूल के शौचालय से छात्र का शव बरामद हुआ जिसके बाद लोगों ने स्कूल में तोड़फोड़ की, जीटी रोड जाम कर दिया।

एसपी दिलनवाज अहमद ने मंगलवार को बताया कि मृतक छात्र का नाम आदित्य है जो कि कुदरा थाना अंतर्गत भटौली गांव निवासी मुन्ना राय के पुत्र थे। कुदरा में जीटी रोड के किनारे स्थित उक्त निजी स्कूल में सोमवार को छुट्टी होने पर वहां पढ़ रही आदित्य की बहन छाया उसे जब लेने उसके कक्षा पहुंची तो उसे कक्षा में नहीं पाया। उसका बस्ता डेस्क पर पड़ा था। बहन उसे तलाश करते जब शौचालय पहुंची तो उसके गले में रस्सी थी, वह वहां पड़ा था। आदित्य को लेकर स्कूल के शिक्षक स्थानीय निजी अस्पताल पहुंचे जहां चिकित्सकों के उसे मृत लाया घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही आदित्य के माता-पिता और पुलिस अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने शव का कैमूर जिला मुख्यालय भभुआ सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया। वारदात से आक्रोशित स्थानीय लोगों ने उक्त निजी स्कूल में तोड़फोड़ की, जीटी रोड संख्या दो को करीब एक घंटे तक जाम रखा। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पटना से फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया है। दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार किया जाएगा।

## पत्रकार के पक्ष में उतरे विपक्षी दल, लोकल जर्नलिस्ट

एजेंसी ▶▶ लखनऊ/मिर्जापुर



- पवन ने आरोपों को बताया गलत

यूपी के स्कूल में छात्रों को मध्याह्न भोजन में नमक-रोटी परोसे जाने की खबर का खुलासा करने वाले पत्रकार पर प्राथमिकी दर्ज किये जाने पर स्थानीय पत्रकार, प्रदेश के विपक्षी दल उसके समर्थन में उतर आए हैं।

उन्होंने पत्रकार के खिलाफ दर्ज एफआईआर को वापस लेने की मांग की। मामले के तूल पकड़ने पर मंगलवार को प्रदेश सरकार ने कहा कि एफआईआर की 'विवेचना' की जाएगी। मामले में आरोपी पत्रकार पवन कुमार जायसवाल ने खुद पर लगे आरोपों को गलत बताते हुए कहा कि खबर में कुछ बनावटी नहीं है, उन पर मामला दर्ज किया जाना 'पत्रकारिता पर हमला' है।

#### मामले की हो रही है विवेचनाः शर्मा



सीएम योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक के बाद यूपी के ऊर्जा मंत्री, सरकार के प्रवक्ता श्रीकांत शर्मा ने कहा कि पूरे प्रकरण में जो लोग दोषी पाये गये हैं, प्रथम दृष्टया उन पर कार्रवाई की गई है। जहां तक एफआईआर की बात है उसकी हम विवेचना कर रहे हैं।

### विधायक प्रेमा पर टिप्पणी, तीन लोगों पर मामला दर्ज

**वैशाली (बिहार)।** पातेपुर विधानसभा की राजद विधायक प्रेमा चौधरी के फेसबुक पर अपशब्द टिप्पणी करने के मामले में तीन लोगों पर मामला दर्ज कराया गया है। पातेपुर थाना क्षेत्र के इमादपुर निवासी लालदेव राय का पुत्र विकास कुमार ने विधायक के फेसबुक पर असंसदीय भाषा का प्रयोग करते हुए भड़ास निकाली है। कार्यकर्ता रामचंद्र चौधरी ने मामले में पातेपुर पुलिस से शिकायत की है। चौधरी ने बताया है कि इमादपुर गांव में विधायक की देखरेख में मुर्गी फॉर्म संचालित है, जो सरकारी योजना के तहत चलाई जा रही है। इस फॉर्म में अंडा तैयार किया जाता है। इसी विवाद पर गांव के युवक ने विधायक के फेसबुक पर अपशब्द भाषा का प्रयोग किया है।

## राशिफल 04 सितंबर 2019



डॉ. प्रेम कुमार शर्मा
ज्योतिषी, हस्तरेखा, न्यूमेरोलॉजिस्ट और वास्तु सलाहकार
Email: psharma@premastrologer.com
Ph. 01147033152/40532026 Saket New Delhi-17

**मेष** : सहर मुसीबत का डट कर सामना करेंगे। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। कुछ चीजों को लेकर असमंजस महसूसकर सकते हैं। किसी समारोह का आयोजन कर सकते हैं। **शुभ अंकः** 17, **रंग** : आसमानी।

**वृषः** आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। कोई दूसरों को आपसे ज़्यादा प्रभावित करने में कामियाब हो सकता है। कोई सेहत को लेकर आपको जागरुक कर सकता है। **शुभ अंकः** 22, **रंगः** क्रीम।

**मिथुनः** पढ़ाई को लेकर ज़्यादा मेहनत करने की जरूरत है। कार्यक्षेत्र पर अपनी किसी हरकत के कारण शर्मिंदा होना पड़ेगा। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। सेहत में सुधार के संकेत हैं। **शुभ अंक** : 3, **रंगः** केसरिया।

**कर्कः** आज के दिन जरूरी कामों को पूरा करने की कोशिश करें। किसी चीज में निवेश करना फायदेमंद साबित होगा। फिट और ऊर्जावान महसूस करेंगे। **शुभ अंकः** 4, **रंगः** इलेक्ट्रिक ग्रे।

**सिंहः** सहयोगी को काम सौंपने से पहले उसकी क्षमता जांच लें। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। सेहतमंद रहने के लिए नियमित व्यायाम करते रहें। लंबी ड्राइव का आनंद ले सकते हैं। **शुभ अंकः** 22, **रंगः** इंडिगो।

**कन्याः** आर्थिक स्थिति स्थिर रहेगी। कार्यक्षेत्र पर अधूरा कामों को पूरा करने की कोशिश करें। सेहतमंद रहने के लिए स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं। पढ़ाई में सफलता के योग हैं। **शुभ अंकः** 9, **रंगः** मर्जेंटा।

**तुलाः** किसी चीज में निवेश करने के लिए समय अच्छा है। कार्यक्षेत्र पर अधूरे कामों को पूरा करने की कोशिश करें। सेहतमंद रहने के लिए योग करें और ध्यान लगाएं। **शुभ अंकः** 7, **रंग** : नारंगी।

**वृश्चिकः** कोई आपके साथ अच्छा करेगा। धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं। सेहत को लेकर सजग रहें। घर के कामों में कोई आपकी मदद करेगा। घर का मालिकाना हक मिल सकता है। **शुभ अंकः** 17, **रंग** : डार्क ग्रे।

**धनुः** कार्यक्षेत्र पर चीजें करने की पावर मिलेगी। सेहत के लिए दिन अच्छा रहेगा। मकान मालिक की बातों को चुपचाप सुन लें। कहीं घूमने जाने का प्लान बना सकते हैं। **शुभ अंक** : 15, **रंगः** चॉकलेट।

**मकरः** कार्यक्षेत्र पर सभी आपके काम की तारीफ करेंगे। किसी चीज को शुरू करने के लिए समय अच्छा है। सेहतमंद रहने के लिए व्यायाम करते रहें। आगे निकलने में कामियाब होंगे। **शुभ अंक** : 6, **रंगः** क्रीम।

**कुंभ** : मेडिकल, इंजीनियरिंग के क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है। किसी को उधार दिया पैसा याद दिलाना पड़ेगा। सेहतमंद रहने के लिए स्ट्रीट फूड का सेवन करने से बचें। **शुभ अंक** : 5, **रंगः** गाढ़ा पीला।

**मीनः** अपनी कार्यक्षमता से क्लाइंटस लाने में कामियाब होंगे। कोई लोन चुकाने की सोच सकते हैं। फिट, ऊर्जावान महसूस करेंगे। यात्रा पर जाने से पहले सभी चीजें अच्छे से प्लान कर लें। **शुभ अंक** : 2, **रंग** : बेबी पिंक।

**:टिप्स:**

1. रसोई का रंग पीले रंग का कोई भी शेड्स या भूरे रंग से रसोई को रंगवाएं। ये रंग भाग्य कारक माना जाता है। इस रंग से रंगवाने पर आपको ताजगी और खुशी का एहसास होगा।
2. पूर्वोत्तर में घोड़े की मूर्ति विद्वानों या विद्यार्थियों को प्रमुखता दिलाता है, पढ़ाई में अव्वल आने के लिए छात्रों को उत्तर-पश्चिम दिशा में घोड़े की मूर्ति रखने से उन्हें छात्रवृत्ति मिल सकती है।



टिप्सः मनीषा कौशिक, ज्योतिषि, टैरो कार्ड
Contact: +91-11-26449898, 26489899

योगी की मौजूदगी में मंत्रिमंडल ने छह प्रस्ताव मंजूर किए

## लखनऊ में अटल विवि के लिये 50 एकड़ भूमि मंजूर

एजेंसी ▶▶ लखनऊ



राजधानी लखनऊ के लोकभवन में मंगलवार को सीएम योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक हुई। बैठक में छह प्रस्तावों पर कैबिनेट ने मुहर लगाई। इसमें अटल चिकित्सा विश्वविद्यालय के लिये 50 एकड़ जमीन को मंजूरी दी गई। विवि का भूमि पूजन इसी साल के अंत तक किया जाएगा। बैठक के बाद मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह, श्रीकांत शर्मा ने बताया कि पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में राजधानी में बनने वाले अटल चिकित्सा विवि के लिये 50 एकड़ जमीन को मंजूरी दी गई है। 20 एकड़ स्वास्थ्य विभाग, 15 एकड़ चिकित्सा शिक्षा विभाग और 15 एकड़ एलडीए देगी। विवि राजधानी के चक गंजरिया इलाके में बनेगा। विवि का भूमिपूजन इस साल के अंत तक होगा। मंत्रिमंडल की बैठक में फैसला लिया गया कि विभिन्न विभागों, निगमों, आयोगों, परिषदों में नियुक्त उपाध्यक्ष (गैर राजनीतिक) को 10 हजार रुपये का माहाना आवासीय भत्ता मिलेगा। इसके अलावा मुरादाबाद के कांठ तहसील में बस स्टेशन के लिये 1210 वर्ग मीटर जमीन निशुल्क दी जाएगी जो करीब 10 करोड़ रुपये मूल्य की है। एक वर्ष में बस अड्डा बनेगा। 3.5 करोड़ रुपये में बस अड्डा बनेगा। पांचवें वित्त आयोग के सदस्यों के नाम में परिवर्तन को कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है व अब सुरेश खन्ना, आशुतोष टंडन, भूपेंद्र सिंह व मोती सिंह सदस्य बनाये गए हैं।

## पटना मेट्रो समेत 15 एजेंडो पर कैबिनेट बैठक में लगी मुहर

एजेंसी ▶▶ पटना

- किडनी ट्रांसप्लांट के मरीजों को लेकर बड़ा फैसला हुआ
- पटना मेट्रो पर कुल 482 करोड़ की लागत आएगी




बिहार कैबिनेट की बैठक मंगलवार को हुई। सीएम नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई बैठक में कुल 15 एजेंडा पर मुहर लगी। इसमें किडनी ट्रांसप्लांट के मरीजों को लेकर बड़ा फैसला लिया गया। अब उन्हें इसके लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। इसके अलावा पटना मेट्रो समेत अन्य अहम प्रस्तावों को बिहार कैबिनेट ने स्वीकृति दे दी। कैबिनेट में स्वास्थ्य विभाग से जुड़े कई संवर्गों के संशोधन को स्वीकृति मिली। इसके तहत एक्सरे टेक्नीशियन, शैल्यकक्ष संवर्ग आदि में संशोधन किए जाएंगे। अब किडनी ट्रांसप्लांट के लिए मरीजों को अब इलाज के लिए बिहार से बाहर नहीं जाना होगा। पीएमसीएच के किडनी ट्रांसप्लांट विभाग में 39 पदों के सृजन को हरी झंडी मिल गई। इसी तरह, पटना मेट्रो का रास्ता साफ हो गया। पटना मेट्रो बनाने वाली चयनित एजेंसी पर भी कैबिनेट की मुहर लग गई। दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड पटना मेट्रो को बनाएगा। इस पर कुल 482 करोड़ की लागत आएगी। पटना में दो रुटों पर दौड़ेगी मेट्रो रेल। इसके साथ ही आरटीपीएस में कई और सेवाएं जुड़ गईं। परिवहन विभाग, नगर विकास से नई सेवाएं जुड़ गई हैं। 36 सदर हॉस्पिटल में ऑडियोग्राफर, स्पीच पथोलोजिस्ट के पद सृजित किए गए हैं। इसके तहत कुल 72 पदों का सृजन किया गया है। बिहार पंचायत सेवा का पुनर्गठन किया जाएगा। इसपर भी कैबिनेट ने स्वीकृति दे दी।

धनबादः रेलवे पुलिस ने मूक बधिर को बुलाकर शुरू की मामले में जांच

# बच्चे ने अखबार में देख पहचाने किडनी चोर

एजेंसी ▶▶ धनबाद (झारखंड)



- अपहर्ताओं के चुंगल से छूटे बच्चे ने फिर दिखाई दरियादिली

सरायढेला थाना क्षेत्र से तीन दिन पूर्व मूक-बधिर मोनू के अपहरण का तार किडनी चोर गिरोह के सदस्यों से जुड़ा है। मंगलवार को अखबारों में किडनी चोर गिरोह के चार सदस्यों की तस्वीर छपने के बाद मोनू ने दो की पहचान की।

इशारे ही इशारे में बताया कि दोनों ने उसका अपहरण किया था। इसकी जानकारी मिलने के बाद धनबाद रेल एसपी दीपक सिंह ने मोनू, उसके परिजनों को बुलाकर पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। 9 वर्षीय मोनू 31 अगस्त को करीब 11 बजे केंद्रीय अस्पताल के पीछे अपने घर के सामने खेल रहा था। दो युवक आए, उससे कुछ पूछताछ की। मोनू ने कोई जवाब नहीं दिया। दोनों ने मोनू को कुछ सुंघाया, उठाकर नूतनडीह के सुनसान इलाके में ले गए व खंडहर मकान में मोनू को रख दिया।

मोनू के दोनों हाथ पीछे कर बांध दिया गया था। होश आने पर मोनू ने पैरों के नीचे से अपना हाथ आगे किया व दांतों से रस्सी खोली। इस दौरान उसका एक दांत टूट गया। इसके बाद वो भागते हुए घर आया। इधर उसके पिता ने मोनू के लापता होने की सूचना सरायढेला पुलिस को दी और बाद में मिलने की भी।

#### पूरे मामले पर नजर

रेलवे सुरक्षा बल धनबाद ने सोमवार को चलती रेलगाड़ी से चार लोगों को पकड़ा। आरपीएफ दावा है कि चारों किडनी चुराने वाले गिरोह के सदस्य हैं। ये बच्चों को चुरा कर डॉक्टरों को बेच देते हैं। इसके बाद डॉक्टर किडनी निकालते हैं। खबर मंगलवार को अखबारों में छपने के बाद मोनू ने फोटो देख दो बच्चा चोरों की पहचान की। मोनू के पिता सुरेश भगत ने बताया, चार में दो चोरों को उसके बेटे ने पहचान की है। दो की तस्वीर पर अंगुली रख इशारे- इशारे में अपहरण करने वाला बताया है।

**एडविक कैपिटल लिमिटेड**
(पूर्व में एडविक इंडस्ट्रीज लिमिटेड के रूप में जानी जाती)
CIN: L65100DL1985PLC022505
पंजी. कार्यालय : प्लॉट नं. 84, खसरा नं. 143/84, भू-तल, विस्तारित लाल डोरा, कंझावला, दिल्ली-110081
Tel No: 011-25952595, Website: www.advikgroup.com/ail,
Email: cs@advikgroup.com, info@advikgroup.com

**34वीं वार्षिक सामान्य बैठक, बुक क्लोजर और दूरस्थ ई-वोटिंग हेतु सूचना**

(ए) वार्षिक सामान्य बैठक :-
एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि कम्पनी के सदस्यों की 34वीं वार्षिक सामान्य बैठक (एजीएम) उक्त एजीएम आयोजित करने की सूचना में विनिर्दिष्ट अनुसार बिजनेस का निष्पादन करने के लिये शुक्रवार 27 सितम्बर 2019 को अप. 12.30 बजे कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय में प्लॉट नं. 84, खसरा नं. 143/84, भू-तल, विस्तारित लाल डोरा, कंझावला, दिल्ली-110081 में आयोजित की जानी निर्धारित है।
कम्पनी ने 31 मार्च 2019 को समाप्त वित्तीय वर्ष हेतु अंकेक्षित वित्तीय विवरणों (स्टैंडअलोन और समेकित दोनों) सहित एजीएम की सूचना निहित वार्षिक रिपोर्ट का प्रेषण 02 सितम्बर 2019 को पूर्ण कर लिया है और अंकेक्षकों और निदेशकों की रिपोर्ट, सदस्यों को, जिनके नाम 23 अगस्त 2019 के अनुसार फिजिकल मोड में उनको होल्डिंग हेतु सदस्यों के रजिस्टर में दर्ज हो चुके हैं, या तो ई-मेल द्वारा कम्पनी / रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट्स (आरटीए/डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट (एस) के पास पंजीकृत हैं, ई-मेल आईडी पर जैसा भी मामला हो अथवा कम्पनी / आरटीए के पास पंजीकृत पते पर डाक द्वारा प्रेषित कर दिये गये हैं। इलैक्ट्रोनिकली भेजी गयी वार्षिक रिपोर्ट और अन्य कम्युनिकेशन कम्पनी की वेबसाइट www.advikgroup.com/ail पर प्रदर्शित कर दिये गये हैं और सदस्यों द्वारा निरीक्षण हेतु कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय में शनिवार, रविवार और सार्वजनिक अवकाशों को छोड़कर सभी कार्यदिवसों को पूर्वा. 11.00 बजे और अप. 1.00 बजे के बीच एजीएम की तिथि तक उपलब्ध होंगे। सदस्यों को यह भी सूचित किया जाता है कि कम्पनी की सहायकों के अंकेक्षित वित्तीय विवरण कम्पनी की वेबसाइट पर भी उपलब्ध हैं।

(बी) बुक क्लोजर :-
सेबी (लिस्टिंग ऑबलिगेशन एंड डिस्कलोजर अपेक्षाएं) नियमन 2015 के नियमन 42 और कम्पनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियमों, 2014 के नियम 10 के साथ पठित कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 91 के तहत सूचना दी जाती है कि कम्पनी के सदस्यों का रजिस्टर और शेयर ट्रांसफर बुक्स शनिवार, 21 सितम्बर 2019 से शुक्रवार 27 सितम्बर 2019 तक (दोनों दिन मिलाकर) बंद रहेंगे।

(सी) ई-वोटिंग :-
सेबी (लिस्टिंग ऑबलिगेशन एंड डिस्कलोजर अपेक्षाएं) नियमन 2015 के नियमन 44 और कम्पनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियमों, 2014 संशोधित अनुसार के नियम 20 के साथ पठित कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 108 और सामान्य बैठकों पर सचिवालीय मानदंड 2 के प्रावधानों की अनुपालना में, कम्पनी सूचना में दिये गये सभी प्रस्तावों हेतु एजीएम के स्थल के अतिरिक्त किसी अन्य स्थान से इलैक्ट्रोनिकली अपना मत देने के लिये इसके शेयरधारकों हेतु दूरस्थ ई-वोटिंग सुविधा प्रदान कर रही है, जिसके लिये कम्पनी ने ई-वोटिंग एजेंसी के रूप में सीडीएसएल की सेवाएं ली हैं।
सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि :-
1. इलैक्ट्रोनिक साधनों द्वारा मतदान के लिये पात्रता सुनिश्चित करने हेतु कट ऑफ तिथि 19 सितम्बर 2019 है।
2. एजीएम की सूचना का प्रेषण पूर्ण करने की तिथि : 02 सितम्बर 2019
3. कोई व्यक्ति जो एजीएम की सूचना के प्रेषण के पश्चात् कम्पनी के शेयर अर्जित करता है और सदस्य बनता है और कट ऑफ तिथि अर्थात् 19 सितम्बर 2019 के अनुसार शेयर धारण करता है, अपना फोलियो नं. / डीपी आईडी और क्लाइंट आईडी नं. वर्णित करते हुए cs@advikgroup.com, advikgroup@yahoo.com और helpdesk.evoting@cdslindia.com को ई-मेल भेजकर लॉगइन आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकते हैं। यद्यपि, यदि ऐसे शेयरधारक दूरस्थ ई-वोटिंग हेतु सीएसडीएल के पास पहले से ही पंजीकृत हैं तो अपना मत देने के लिये मौजूदा यूजर आईडी और पासवर्ड का उपयोग किया जा सकता है।

| | |
|---|---|
| दूरस्थ ई-वोटिंग के प्रारम्भ होने की तिथि व समय | मंगलवार 24 सितम्बर 2019, पूर्वा. 9:00 बजे (आईएसटी) |
| दूरस्थ ई-वोटिंग के समाप्त होने की तिथि व समय | बृहस्पतिवार, 26 सितम्बर 2019, अप. 5.00 बजे (आईएसटी) |

4. इलेक्ट्रोनिक साधनों के माध्यम से दूरस्थ ई-वोटिंग की अनुमति बृहस्पतिवार 26 सितम्बर 2019 को अप. 5.00 बजे (आईएसटी) के पश्चात नहीं दी जाएगी।
5. वार्षिक सामान्य बैठक की सूचना कंपनी की वेबसाइट अर्थात www.advikgroup.com/ail पर और सीडीएसएल की वेबसाइट अर्थात www.evotingindia.com पर उपलब्ध है।

सदस्य, जो या तो दूरस्थ ई-वोटिंग के माध्यम से अथवा मत प्रपत्र के माध्यम से अपना मत नहीं दे चुके हैं, एजीएम में अपने मताधिकारों का प्रयोग कर सकते हैं। कंपनी एजीएम स्थल पर इस संबंध में आवश्यक प्रबंध करेगी। इलेक्ट्रोनिक वोटिंग सिस्टम के माध्यम से मतदान हेतु सुविधा एजीएम में उपलब्ध करवाई जाएगी और एजीएम में उपस्थित होने वाले सदस्य, जो मत प्रपत्र के माध्यम से अथवा दूरस्थ ई-वोटिंग द्वारा अपना मत नहीं दे चुके हैं, मतपत्र के माध्यम से एजीएम में मतदान के लिए योग्य होंगे।
जो सदस्य एजीएम से पूर्व दूरस्थ ई-वोटिंग द्वारा अपना मत दे चुके हैं, एजीएम में भी उपस्थित रह सकते हैं ; यद्यपि वे सदस्य एजीएम में दोबारा अपना मत देने के लिये हकदार नहीं होंगे।
ई-वोटिंग के संबंध में किसी शिकायत के मामले में सदस्य हैल्प और बारम्बार पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यू) और हैल्प सैक्शन के तहत ई-वोटिंग यूजर मैन्यूल www.evotingindia.com देखें अथवा helpdesk.evoting@cdslindia.com को ई-मेल लिखें अथवा हैल्पडैस्कः 1800200553З पर कॉल करें अथवा cs@advikgroup.com, info@advikgroup.com, पर ई-मेल करें अथवा कॉल करें : 011-25952595.
ई-वोटिंग का परिणाम कंपनी की एजीएम की तिथि को अथवा इसके पश्चात घोषित किया जायेगा। संवीक्षाकर्ता की रिपोर्ट सहित घोषित परिणाम कंपनी की वेबसाईट www.advikgroup.com/ail पर और सदस्यों की जानकारी हेतु सीडीएसएल की वेबसाईट पर डाला जायेगा, इसके अतिरिक्त स्टॉक एक्सचेंजेज के पास भेजा जा रहा है। कोई भी सदस्य जो एजीएम में उपस्थित रहने और मत देने का हकदार है, स्वयं के स्थान पर मतदान करने और उपस्थित रहने के लिए एक प्रतिनिधि की नियुक्ति का हकदार है और प्रतिनिधि को कंपनी का सदस्य होना आवश्यक नहीं है। प्रतिनिधि की नियुक्ति करने वाला उपकरण, वैध और प्रभावी होने के लिए, एजीएम के प्रारंभ होने से कम से कम 48 घंटे पूर्व कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में जमा करवाया जाना चाहिए।

कृते व बोर्ड की ओर से
एडविक कैपिटल लिमिटेड
(पूर्व में एडविक इंडस्ट्रीज लिमिटेड के नाम से जानी जाती)
हस्ता/- रीतिका प्रियम
कम्पनी सचिव सह अनुपालन अधिकारी
एम. नं. ए53502
नई दिल्ली
03 सितम्बर 2019

# रेलवे बना रहा 100 स्टेशनों पर कुल्हड़ में चाय पिलाने की योजना

**भारतीय रेलवे,सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के साथ मिलकर बना रहे योजना, इससे केंद्र की कुम्हार सशक्तिकरण योजना को भी मजबूती मिलेगी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

मिट्टी की सोंधी खुशबू वाली कुल्हड़ चाय एक बार फिर से रेलवे स्टेशनों पर मिलने वाली है। भारतीय रेल और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई) देशभर के 100 से ज्यादा रेलवे स्टेशनों पर कुल्हड़ वाली चाय का स्वाद दिलाने की योजना बना रहा है। इसके शुरू होने के बाद फिर से आप कुल्हड़ में चाय का आनंद ले सकेंगे। दरअसल, आज से 15 साल पहले तत्कालीन रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव ने रेलवे स्टेशनों पर कुल्हड़ में चाय बेचने का ऐलान किया था। लालू का तर्क था कि इससे स्टेशनों पर गंदगी नहीं फैलेगी और कुल्हड़ बनाने वालों को रोजगार मिलेगा, लेकिन कुल्हड़ का वजन ज्यादा होने की वजह से यह योजना धीरे-धीरे असफल हो गई।

**खास बातें**
- 15 साल पहले तत्कालीन रेल मंत्री लालू यादव ने भी शुरू किया था
- वजन ज्यादा होने व प्लास्टिक कप आने से बंद हुई



### सूक्ष्म उद्योग मंत्री गडकरी ने रेल मंत्री गोयल को लिखा पत्र

अब एक बार फिर देशभर के कुम्हारों को बेहतर रोजगार के साधन मुहैया कराने और प्लास्टिक के उपयोग में कमी लाने के लिए मध्यम लघु और सूक्ष्म उद्योग मंत्री नितिन गडकरी ने रेल मंत्री पीयूष गोयल को चिट्ठी लिख कर देशभर के 100 स्टेशनों पर कुल्हण में चाय बेचने की अपील की है। इनमें जबलपुर रेलवे स्टेशन भी शामिल है।

### प्लास्टिक के प्रदूषण पर लगेगी रोक

2 अक्टूबर गांधी जयंती से देशभर के रेलवे स्टेशनों में प्लास्टिक पूर्णतः प्रतिबंध हो जाएगा। इससे चाय आदि के डिस्पोजल बंद हो जाएंगे। इसके बाद कुल्हड़ का चलन बढ़ाया जाएगा। रेलवे स्टेशन से लेकर बस अड्डों की दुकानों पर चाय, छाछ और लस्सी की खूब बिक्री होती है। इन्हें मिट्टी के कुल्हड़ और गिलास में बेचने से देशभर के कुम्हारों की दशा में सुधार हो सकता है और प्लास्टिक के इस्तेमाल में भारी कमी आ सकती है। इसके पहले केन्द्र सरकार द्वारा कुम्हार सशक्तिकरण योजना के तहत बिजली से चलने वाले चाक भी बांटे जा चुके हैं।

# कटनी में बदमाशों ने घर में घुसकर वृद्ध की हत्या कर आभूषण लूटे

- एरिगेशन डिपार्टमेंट का रिटायर कर्मचारी है मृतक, पत्नी पड़ोस में पूजा करने गई थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



कोतवाली थाना क्षेत्र के गौतम बगीचा में सोमवार रात अज्ञात लोगों ने घर में घुसकर लूटपाट करते हुए एक वृद्ध की हत्या कर दी। मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुटी है। जानकारी के अनुसार एरिगेशन डिपार्टमेंट से रिटायर कर्मचारी एसएस राजपूत घर में अकेले सो रहे थे। पत्नी तीज की पूजा करने पड़ोस में गई हुई थी, सोते समय ही डकैतों ने हमला कर दिया। जिसके कारण उनकी मौत हो गई। डकैत अलमारी से नगदी व जेवर लेकर फरार हो गए है। पुलिस मामले की जांच कर रही।

## कंपनी ने मुश्किल से 22.62 करोड़ का इंतजाम कर बांटी थी पिछली तनख्वाह

# बिजली कर्मचारियों को नहीं मिलेगा अगस्त का वेतन, बिल वसूली नहीं हुई

**मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के वित्तीय निदेशक डॉ. सक्सेना ने साफ कह दिया कि अगस्त में मप्र पॉवर मेनेजमेंट कंपनी को दो बार मेल भेजे गए अब तक राशि नहीं मिली**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सरकार की बिगड़ी माली हालत का असर बिजली कंपनियों पर भी पड़ रहा है। लगातार घाटे में चल रही बिजली कंपनियों ने इस महीने कर्मचारियों को तनख्वाह देने से भी हाथ खड़े कर दिए हैं। खासतौर से मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के वित्तीय निदेशक डॉ. राजीव सक्सेना ने साफ कह दिया कि जुलाई का वेतन देने के लिए 72 करोड़ रुपए की जरूरत थी, जबकि मप्र पॉवर मेनेजमेंट कंपनी ने मात्र 50 करोड़ रुपए ही दिए।

कंपनी ने जैसे-तैसे आंतरिक स्रोतों से 22 करोड़ 62 लाख रुपए का इंतजाम करके पिछले महीने की तनख्वाह बांटी थी, लेकिन अगस्त का वेतन देने की स्थिति नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि 31 मार्च 2019 की स्थिति में भोपाल और ग्वालियर अंचल में 8,422 करोड़ रुपए के बकाया बिजली बिलों की वसूली नहीं हो पा रही है। राज्य सरकार ने भी एसएसटीपी, मुख्यमंत्री कृषि पंप योजना और सौभाग्य योजना का अनुदान और अन्य बकाया नहीं दिया है। इस परिस्थिति और नियमित वेतन देने के कारण कंपनी ढाई सौ करोड़ का नुकसान झेल चुकी है।

**खास बातें**
- मप्र पावर मैजमेंट कंपनी ने 72 में से मात्र 50 करोड़ दिए
- 8422 करोड़ रुपए के बिलों की वसूली नहीं हो सकी है



### ऐसा है कंपनियों का कार्यक्षेत्र

प्रदेश भर में विद्युत वितरण की जिम्मेदारी तीन कंपनियों पर है। दो कंपनियां प्रदेशभर के वितरण और उत्पादन का संभालती हैं। छठवीं कंपनी इन पांचों कंपनी का प्रबंधन संभालती हैं।

1 पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी- इसमें रीवा-सागर,जबलपुर और शहडोल संभाग आते हैं।
2 मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी - इसमें राजधानी भोपाल और ग्वालियर व चंबल संभाग आते हैं।
3 पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी-इसमें इंदौर, उज्जैन संभाग यानी पूरा मालवा और निमाड़ क्षेत्र आता है।
4 मप्र पॉवर ट्रांसमीशन कंपनी - यह कंपनी प्रदेश भर में विद्युत वितरण का काम करती हैं। इसका मुख्यालय जबलपुर में हैं।
5 मप्र पॉवर जनरेशन कंपनी -यह कंपनी सभी विद्युत उत्पादन संयंत्रों की मॉनीटरिंग करती है।

### कंपनी के पास आमदनी का कोई स्रोत नहीं, हालत खराब

अब मप्र पॉवर मैनेजमेंट कंपनी ने विद्युत वितरण कंपनियों को जवाब दिया है कि हमारी वित्तीय स्थिति बेहद खराब हो चुकी है। पॉवर मैनेजमेंट कंपनी के पास आमदनी का कोई स्रोत नहीं है। कंपनी के पास वहीं पैसा आता है, जो बिजली सेक्टर से वसूल किया जाता है। राज्य सरकार की ओर से भी बकाया न मिलने के कारण कंपनी की वित्तीय हालत खराब हो चुकी है, इसलिए बाकी कंपनियों के खर्चे नहीं उठा सकती। कहा है कि 31 मार्च 2019 की स्थिति में बिजली बिलों का आठ हजार 411 करोड़ 58 लाख रुपए बकाया है। खासतौर से भोपाल, ग्वालियर और बुदेलखंड के इलाके में वसूली नहीं हो पा रही है। जब तक वसूली नहीं बढ़ेगी, तब तक वेतन के लिए रकम भेज पाना नामुमकिन है।

# अमित 14 दिन की न्यायिक रिमांड पर

## भाजपा प्रत्याशी रहीं समीरा पैकरा ने किया था धोखाधड़ी का केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

तेजी से घटे राजनीतिक घटनाक्रम के तहत मंगलवार सुबह पुलिस ने अमित जोगी को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं कोर्ट ने मंगलवार को सुनवाई के बाद अमित जोगी की जमानत याचिका को खारिज करते हुए 14 दिन की न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। इससे पहले सुबह से ही पुलिस मरवाही सदन पहुंच गई थी। पुलिस अफसरों की मौजूदगी में मरवाही सदन के भीतर पहुंची पुलिस के जवानों ने जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी को गिरफ्तार कर वाहन में बैठाकर ले गए। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने भी जमकर हंगामा किया।



मालूम हो कि कल समीरा पैकरा मरवाही के आदिवासी समाज के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय का घेराव करते हुए अमित जोगी की गिरफ्तारी की मांग की थी। इसे लेकर सुबह से ही माहौल गरमाया हुआ था

### अमित ने ट्वीट कर समर्थकों को दी जानकारी

पुलिस अफसरों की मौजूदगी में पुलिस के जवान जब मरवाही सदन में बड़ी संख्या में प्रवेश कर रहे थे उस वक्त सदन के भीतर बैठे अमित जोगी ने समर्थकों को ट्वीट किया और कहा कि मुझे गिरफ्तार करने पुलिस मरवाही सदन पहुंच गई है।

### कौन है समीरा पैकरा

समीरा पैकरा ने वर्ष 2013 में मरवाही विधानसभा से भाजपा की टिकट पर अमित जोगी के खिलाफ चुनाव लड़ी थी। चुनाव में हार मिलने के बाद समीरा ने चुनाव में नामांकन के गलत जन्म स्थान बताने को लेकर 420 का अपराध पंजीबद्ध कराया था.। कार्रवाई न होने पर उन्होंने हाई कोर्ट में याचिका भी दौर की थी।

## खाल तस्करों की अपील खारिज 3 साल जेल की सजा

**बिलासपुर।** अपीलीय न्यायालय ने वन्यजीव खाल तस्करों की अपील को खारिज करते हुए जेएमएफसी कोर्ट से सुनाई गई तीन-तीन वर्ष कठोर कारावास व अर्थदंड की सजा की पुष्टि की है। क्राइम ब्रांच पुलिस ने दोनों आरोपियों को जून 2007 में गिरफ्तार कर उनके पास से तेंदुए की खाल व हथियार जब्त किया था। क्राइम ब्रांच डीएसपी राजेन्द्र प्रसाद भैय्या की टीम ने घेराबंदी कर कानन पेंडारी जू के पास कार चालक कुलदीप पनिका पिता परमेश्वरदीन (33) निवासी चिरहुल थाना पटना जिला कोरिया व रविकुमार पांडेय पिता मोहनलाल पांडेय (38) निवासी महलपारा कोरिया को पकड़ा। तलाशी तेंदुए की खाल जिसकी लंबाई 64 इंच व चौड़ाई 34 इंच थी तथा एक तलवार व एयर पिस्टल जब्त किया था।

## स्वास्थ्य मंत्री ने सिलावट ने कहा मरीजों को दी जाएगी पेंशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

मध्यप्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री तुलसी सिलावट मंगलवार सुबह चोइथराम नेत्रालय में भर्ती मरीजों से मिले। उन्होंने हर एक मरीज से बात की और उन्हें बीपीएल कार्ड, पेंशन और आवास की व्यवस्था करवाने की बात कही। मंत्री सिलावट ने कहा कि इन मरीजों को जीवनभर फ्री में उपचार करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि 8 मरीजों की आंखों की रोशनी लौट रही है। मंत्री ने मरीजों के परिवार वालों से भी बात की।



चेन्नई स्थित शंकर नेत्रालय से इलाज कराकर लौटे चार मरीजों को चोइथराम नेत्रालय में भर्ती किया गया। जांच के बाद डॉक्टरों ने बताया कि इनमें से मनोहर हरोड, हरपाल दास और मिश्रीलाल की रोशनी नहीं लौट सकेगी।

# पाइल्स जड़ से खत्म करने का दावा करता था फर्जी डॉक्टर, गिरफ्तार

## लगाता था सिर्फ एक इंजेक्शन, रामकृष्ण धर्मशाला से पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्वालियर

सिर्फ एक इंजेक्शन में पाइल्स को जड़ से खत्म करने का दावा कर 7 साल से ग्वालियर व आसपास के जिलों से आ रहे लोगों को ठग रहा था फर्जी डॉक्टर। इंदरगंज पुलिस ने उसे रामकृष्ण धर्मशाला से गिरफ्तार किया था। फर्जी डॉक्टर एक इंजेक्शन लगाने के 7 से 8 हजार रुपए लेता था। महीने में 5 दिन वह ग्वालियर आता था। अभी तक वह एक हजार से ज्यादा लोगों को ग्वालियर में इंजेक्शन लगाने का दावा कर रहा है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।



### न डिग्री न अनुभव कर रहा था इलाज

फर्जी डॉक्टर राकेश सहाय ने बताया कि वह फरीदाबाद का है। उसके पास न तो एमबीबीएस या अन्य कोई डिग्री है न ही डिप्लोमा। एक होम्योपैथी डॉक्टर के यहां ट्रेनिंग लेकर उसने इलाज कर लोगों को ठगना शुरू कर दिया।

### दूर-दूर से इलाज कराने आते थे पाइल्स के मरीज

बताते हैं कि फर्जी डॉक्टर ने इस तरह जाल बिछा रखा था कि वह महीने में 5 दिन लिए यहां आता था। जब वह आता था तो सैकड़ों लोग पाइल्स का ईलाज कराने वहां आते थे। एक दिन में 30 से 40 लोगों को इंजेक्शन लगाता था। हर मरीज से 7 हजार रुपए लेता था। करीब एक दिन में वह इंजेक्शन से ही 2 से ढाई लाख रुपए ले जाता था। यदि किसी को ईलाज से रीएक्शन हो जाता था तो उससे और पैसे ऐंठकर ईलाज करता था। बीते 7 साल से वह लगातार यहां आ रहा था। ऐसा उसका दावा है। उसने अभी तक एक हजार से अधिक लोगों का इलाज कर चुका है।

### ऐसे पकड़ा गया फर्जी डॉक्टर

गोविंदपुरी कृष्णा विहार कॉलोनी निवासी 40 वर्षीय कौशलेन्द्र सिंह तोमर को पेट में गड़बड़ी थी। कुछ समय पहले उन्हें किसी से पता लगा कि दिल्ली के पास फरीदाबाद से डॉ. राकेश सहाय महीने में 5 से 7 दिन के लिए ग्वालियर आते हैं। वह इंदरगंज स्थित रामकृष्ण धर्मशाला में ठहरते हैं। वह इंजेक्शन व दवा के माध्यम से चैलेंज करता था कि सिर्फ एक इंजेक्शन में पाइल्स या कोई भी बीमारी दूर कर सकता है। कौशलेन्द्र ने उससे ईलाज करवाया था। उसने इंजेक्शन लगाने के बदले 7 हजार रुपए लिए थे। इसके बाद अचानक कौशलेन्द्र की तबीयत बिगड़ गई। डॉ. राकेश सहाय से बात करना चाही तो कॉल

## केबीसी 11 में इंदौर के आसीम ने जीते 12.50 लाख रुपए



**इंदौर/मुंबई।** टीवी शो कौन बनेगा करोड़पति के 11वें सीजन के 11वें एपिसोड में सोमवार को इंदौर के आसीम चौधरी ने 12.50 लाख रुपए जीते। इंदौर की एक बैंक में ब्रांच सेल्स मैनेजर33 वर्षीय चौधरी ने बड़े इत्मीनान से सवालों के जवाब दिए। उनसे 12.50 लाख रुपए के लिए 12वां सवाल पूछा गया था कि 2019 में अपने पहले राष्ट्रपति नूर सुल्तान नजरबायेव के सम्मान में किस देश ने अपनी राजधानी का नाम बदल लिया। आसीम ने लाइफ लाइन का इस्तेमाल करते हुए इसका सही जवाब दिया। 25 लाख के लिए 13वां सवाल उनसे पूछा गया था कि रे टॉमलीनसन 1971 में क्या करने वाले पहले व्यक्ति बने। आसीम ने क्वीट करने का फैसला किया। हालांकि क्वीट करने के बाद शो के होस्ट अमिताभ बच्चन के कहने पर उन्होंने इस सवाल के जवाब में जो विकल्प चुना था।

## दुष्कर्म का आरोपी असिस्टेंट रजिस्ट्रार टंडन गिरफ्तार

**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी पहुंचे दुष्कर्म के आरोपित असिस्टेंट रजिस्ट्रार सीएल टंडन को पुलिस ने दबिश देकर पकड़ लिया। लेकिन, आरोपित ने अग्रिम जमानत मिलने की जानकारी दी, तब पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर मुचलके पर छोड़ दिया। एडिशनल एसपी व महिला सेल प्रभारी साबितलाल चौहान ने बताया कि अटल यूनिवर्सिटी के असिस्टेंट रजिस्ट्रार चुन्नीलाल टंडन दुष्कर्म का आरोपित है। शनिवार की रात उसके यूनवर्सिटी आने की खबर मिली, तब उन्होंने पुलिस की टीम यूनिवर्सिटी भेजा। वह अपने कक्ष में बैठा था, जिसे पुलिस ने पकड़ लिया। असिस्टेंट रजिस्ट्रार ने अग्रिम जमानत मिलने की जानकारी दी। लेकिन, पुलिस उसकी सुनने के लिए तैयार नहीं हुई।

**बसपा विधायक का रिश्तेदार है मृतक**

# किसान की हत्या से आक्रोशित ग्रामीणों ने किया चक्काजाम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिंड

भिंड के देहरा गांव में कुछ लोगों को एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में पड़ा मिला। ऐसे में लोगों ने पुलिस को सूचना दी।

पुलिस को मिट्टी में दबा हुआ शव मिला। शव से मिट्टी हटाई गई और शव को वहां से निकाला गया। इस दौरान आसपास मौजूद ग्रामीणों की भीड़ वहां जमा हो गई। पुलिस ने भीड़ को लाश के पास से हटाया। शव को मिट्टी से निकालने के बाद वहां दुर्गंध फैलने लगी। जब पुलिस के जांचकर्ताओं ने शव को देखा तो, उन्हें मृत व्यक्ति का चेहरा किसी भारी यंत्र से कुचला नज़र आया। शव की पहचान देहरा गांव के महेश सिंह तोमर के रूप में हुई।

**महर्षिवाल्मीकिसंस्कृतविश्वविद्यालयः**
(हरियाणासर्वकाराधिनियम 20/2018 द्वारा संस्थापितः)
मूंदड़ी (मौनधारा) कैथल (कपिष्ठलम् ) 136027, हरियाणा

**अल्पकाल निविदा आमंत्रित**
विज्ञापन संख्या 3/2019

महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय, मूंदड़ी, कैथल जो कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर कॉलेज, जगदीशपुरा कैम्प ओफिस में चल रहा है द्वारा अल्पकाल निविदाएं आमंत्रित की जा रही है। जो इस प्रकार है -
1. ऑउट-सोर्स पॉलिसी द्वारा सर्विस देने हेतु।
2. कार्यालय फर्नीचर हेतु।
3. 1 वर्ष के लिए कार्यालय स्टेशनरी उपलब्ध कराने हेतु।

जो इच्छुक एजेंसी/ फर्म है वे प्रकाशन तिथि से दिनांक 09/09/2019 तक अपनी निविदाएं विश्वविद्यालय कार्यालय में भेज सकते हैं। उपरोक्त क्रमांक नं. 1-3 तक सभी का पूर्ण विवरण विश्वविद्यालय की वैबसाइट (www.mvsumktl.ac.in) पर उपलब्ध है।

सम्पर्क सूत्र- 9350045366 हस्ता/- कुलसचिव
पीआरडीएच- 2238/11/3/1920/78490 दि. 03.09.19

**अपहृत की तलाश**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक महिला जिसका नाम **सोनाली देवी, पुत्र** श्री पवन कुमार, **निवासी:** म.नं. 38, गांव भरौला, दिल्ली है, जो कि दिनांक 07.08.2019 से लापता है। जिसका ब्यौरा इस प्रकार है **उम्र:** 29 वर्ष, **कद:** 5', **रंग:** साफ, **चेहरा:** गोल, **शरीर:** सामान्य, **बाल:** काले, जिसने लाल व काला सूट और दौहरी छवी वाली चुन्नी और जूती पहनी है। इस संदर्भ में **डीडी 25-ए, दिनांक 09.08.2019 को थाना महेन्द्र पार्क, दिल्ली में दर्ज है।**
हर संभव कोशिश के बाद भी इस महिला का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। अगर किसी को इस महिला के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित फोन नम्बरों पर सूचित करें।

वेबसाईट: http://cbi.nic.in
ई-मेल: cio@cbi.gov.in
फैक्स: 011-24368639
फोन नं.: 011-24368638, 24368641
DP/9297/NW/19

थानाध्यक्ष
थाना महेन्द्र पार्क, दिल्ली
फोन: 011-27632501, 27632502

मोर Raipur SMART CITY
**OFFICE OF THE RAIPUR SMART CITY LIMITED**
e-Procurement Tender Notice
Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in

NIT NO:-168/RSCL/2019, RAIPUR DATED: 30/08/2019

Online bids are invited for the following of works up to 18/09/2019 at 17:30 hours.

| Sl. No. | System Tender | Name of work/ Description of work | Tender Amount | EMD amount | Time Period | Tender Fees |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 55492 | Selection of Integrated Communication Management Agency for designing, developing and executing the Media, PR Strategy and creation of different IEC material for RSCL an RMC | Rs. 15 Lakh | Rs. 15000/- | 01 Year | 2,000 (non-refundable to be submitted online only) |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal https:// eproc.cgstate.gov.in from 30/08/2019 17:30 Hours (IST) on wards.For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal.

Note:-1. All eligible/interested consultants are mandated to get enrolled on e-Procurement portal.2. consultants can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. Help Desk at Toll Free No. 1800 419 9140 or through Email ID helpdesk.eproc@cgswan.gov.in 3. For more Details please download NIT details.

सब रखेंगे पर्यावरण का ध्यान, तभी बनेगा देश महान।

MANAGING DIRECTOR
RAIPUR SMART CITY LIMITED
RAIPUR (C.G.)

**केन फिन होम्स लि.**
Can Fin Homes Ltd
डीपी-11, प्रथम तल, लोकल शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, केनरा बैंक के ऊपर, ब्लॉक-डीपी पीतमपुरा, दिल्ली-110034, फोन : 011-27315619,
E-mail : pitampura@canfinhomes.com

[नियम 8 (1) देखें] **कब्जा सूचना** (अचल सम्पत्ति हेतु)

केन फिन होम्स लि. का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते अधोहस्ताक्षरी ने प्रत्याभूति हित अधिनियम 2002 के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत और प्रत्याभूति हित (प्रवर्तन) नियमों 2002 और उक्त अधिनियम के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए दिनांक 01.09.2018 को एक डिमांड नोटिस जारी किया, जिसमें कर्जदारों - (1) **श्री पवन पुत्र श्री प्रकाश सिंह और श्रीमती अनिता पत्नी श्री पवन, वर्तमान निवासी म. नं. 195, गली नं. 3, गांव नांगली पूना, दिल्ली-110036 और गारंटर श्री सुभाष पुत्र सरदारे निवासी प्रथम तल, प्लॉट नं. 147, पॉकिट-10 सेक्टर-20 रोहिणी दिल्ली-110085,** का उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि रू. 21,30,061/- (रुपये इक्कीस लाख तीस हजार इकसठ केवल) और 01.09.2018 से अन्तिम भुगतान की तिथि तक ब्याज और अन्य आकस्मिक परिव्यय का पुनर्भुगतान करने का आह्वान किया।

कर्जदार राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहे हैं, कर्जदारों और सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी 30 अगस्त 2019 को उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा-13 (4) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का **कब्जा** ले चुके हैं।

कर्जदार को विशेषतः और सर्व साधारण को एतद् द्वारा सम्पत्ति के साथ डील न करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई भी डीलिंग राशि रू. 21,30,061/- (**रुपये इक्कीस लाख तीस हजार इकसठ केवल**) और आगे का ब्याज और उस पर अन्य आकस्मिक परिव्यय हेतु **केन फिन होम्स लि. (सीएफएचएल)** की वसूली के अधीन होगी।

**गिरवीकृत सम्पत्ति की अनुसूची**

आवासीय सम्पत्ति सं. तृतीय तल, प्लॉट नं. 147, पॉकिट-10 सेक्टर-20 रोहिणी दिल्ली-110085 के सभी भाग व हिस्से। सम्पत्ति की सीमाएं निम्नानुसार हैं :
उत्तर : प्लॉट नं. 148, पूर्व : प्रवेश, दक्षिण : प्लॉट नं. 146, पश्चिम : सर्विस लेन

दिनांक : 30.08.2019 हस्ता/- रितु अरोड़ा
स्थान : दिल्ली प्राधिकृत अधिकारी, केन फिन होम्स लि.

**सैमटेक्स फैशंस लिमिटेड**
CIN: L17112UP1993PLC022479
पंजी. कार्यालय : प्लॉट सं. 163, उद्योग विहार, ग्रैटर नोएडा, 201308, जिला गौतमबुद्ध नगर, यू.पी.
Website: www.samtexfashions.com, EMAIL: samtex.compliance@gmail.com

**वार्षिक सामान्य बैठक, दूरस्थ-ई-वोटिंग जानकारी और बुक क्लोजर की सूचना**

एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि वित्तीय वर्ष 2018-19 हेतु कम्पनी की वार्षिक रिपोर्ट के साथ सूचना जो शेयरधारकों को व्यक्तिगत रूप से ई-मेल और लागू अनुसार डाक के माध्यम से पहले ही भेज दी गई है, में विनिर्दिष्टानुसार बिजनेस का सम्पादन करने के लिये सैमटेक्स फैशंस लिमिटेड के सदस्यों की 26वीं वार्षिक सामान्य बैठक (एजीएम) मंगलवार, 24 सितम्बर 2019 को पूर्वा. 10.00 बजे राजधानी पार्टी लॉन, खसरा नं. 228, पाथवे स्कूल के सामने, गांव हाजीपुर, सेक्टर-104, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, यू.पी.-201304 में आयोजित की जाएगी।

इसके अतिरिक्त यह सूचना दी जाती है कि कम्पनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियमों, 2014 के नियम 10 के साथ पठित कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 91 और सेबी (लिस्टिंग आब्लीगेशन एवं डिस्कलोजर आवश्यकताएं) नियमनों 2015 के नियमन 42 और 47 के प्रावधानों के तहत कम्पनी के सदस्यों का रजिस्टर और शेयर ट्रांसफर बुक्स बुधवार 18 सितम्बर 2019 से मंगलवार 24 सितम्बर 2019 तक (दोनों दिन मिलाकर) बंद रहेंगे।

कम्पनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियमों, 2014 समय-समय पर संशोधित अनुसार के नियम 20 के साथ पठित कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 और सेबी (लिस्टिंग आब्लीगेशन एवं डिस्कलोजर आवश्यकताएं) नियमनों 2015 के नियमन 44 के अनुरूप कम्पनी 24 सितम्बर 2019 को आयोजित की जानी निर्धारित उपरोक्त एजीएम में बिजनेस का सम्पादन करने हेतु शेयरधारकों को दूरस्थ ई-वोटिंग सुविधा प्रदान करने के लिये प्रसन्न है। कट ऑफ तिथि (रिकार्ड तिथि) मंगलवार, 17 सितम्बर 2019 के अनुसार या तो भौतिक रूप से अथवा डिमैटेरियलाइज्ड रूप में शेयरधारण करने वाले सदस्य सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज लिमिटेड की इलैक्ट्रोनिक वोटिंग प्रणाली के माध्यम से 26वीं एजीएम की सूचना में विनिर्दिष्टानुसार बिजनेस पर इलैक्ट्रोनिक रूप से अपना मत दे सकते हैं। सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि :-

ए) बैलेट पेपर और दूरस्थ इलैक्ट्रोनिक वोटिंग द्वारा सम्पादित किये जाने वाले 26वीं एजीएम की सूचना में विनिर्दिष्ट अनुसार बिजनेस ;
बी. इलैक्ट्रोनिक साधनों के माध्यम से वोटिंग शनिवार 21 सितम्बर 2019 को पूर्वा. 10.00 बजे प्रारम्भ होगी, सोमवार 23 सितम्बर 2019 को अप. 5.00 बजे समाप्त होगी।
सी) इलैक्ट्रोनिक साधनों के माध्यम से वोटिंग की अनुमति 23 सितम्बर 2019 को अप. 5.00 बजे के पश्चात् नहीं दी जाएगी।
डी) कोई व्यक्ति जो कम्पनी के शेयर अर्जन करता है और एजीएम की सूचना के प्रेषण के पश्चात् सदस्य बनता है और कटऑफ तिथि अर्थात् 17 सितम्बर 2019 के अनुसार शेयरधारण करता है, लॉगइन आईडी और पासवर्ड के जनरेशन की प्रक्रिया का पालन कर सकता है ;
ई) 26वीं एजीएम की सूचना कम्पनी की वेबसाइट www.samtexfashions.com पर उपलब्ध है अथवा सीडीएसएल वेबसाइट www.evotingindia.co.in पर पधारें;
एफ) कोई सदस्य दूरस्थ ई-वोटिंग के माध्यम से अपना मत उपयोग करने के पश्चात् भी सामान्य बैठक में भाग ले सकता है। परन्तु बैठक में दोबारा मत देने की अनुमति नहीं दी जाएगी ;
जी) पूछताछ के मामले में सदस्य सुश्री कामिनी गुप्ता, कम्पनी सचिव एवं कम्पनी की जीएम फाइनैंस से सम्पर्क कर सकते हैं और ई-मेल आईडी : samtex.compliance@gmail.com, फोन नं. 011-49025972 पर सम्पर्क कर सकते हैं जो इलैक्ट्रोनिक वोटिंग से सम्बन्धित शिकायतों का निपटारा भी करेंगे।

बोर्ड के आदेशानुसार
कृते सैमटेक्स फैशंस लिमिटेड
हस्ता/-
(कामिनी गुप्ता)
कम्पनी सचिव एवं जीएम फाइनैंस

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 03.09.2019

## चिंतन

# चिनूक के बाद अपाचे से बढ़ी वायुसेना की शक्ति

भारतीय वायुसेना ने दुनिया भर में उसने अपनी ताकत का लोहा मनवाया है। मिग-21, मिग-27 और जगुआर, तेजस, मिराज-2000 और मिग-29, सुखोई-30 वायुसेना की शान थे, लेकिन अब इसकी शक्ति में कई गुणा इजाफा हो गया है। फ्लाइट रिफ्यूलिंग एयरक्राफ्ट, रिमोट्ली पायलेटिड एयरक्राफ्ट और युद्धक्षेत्र में असाधारण लिफ्ट क्षमताओं में कई गुणा वृद्धि करने वाली इन प्रणालियों की बदौलत तो इसकी सामरिक ताकत बढ़ी ही थी, अब चिनूक, अपाचे हेलीकॉप्टर शामिल हो जाने से इसकी शक्ति में न केवल कई गुणा वृद्धि हो गई है, बल्कि वायुसेना चीन और पाकिस्तान से लगातार मिल रही चुनौतियों का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए भी तैयार है। अगले कुछ दिनों में कई नए आधुनिक हथियार मिलने से भारतीय वायुसेना विश्व में अव्वल आसमानी सेनाओं में गिनी जाएगी। एक वह समय भी था, जब आधुनिक तकनीक व हथियारों की कमी के कारण न केवल सेना के अधिकारी बल्कि देश का आम नागरिक भी चिंतित था। यहां तक कि इस कमजोरी से परेशान वायुसेना अध्यक्ष एयर चीफ मार्शल बीरेंद्र सिंह धनोआ ने भी कहा था कि लोग 40 साल पुरानी कार का इस्तेमाल नहीं करते जबकि हमारी वायुसेना 40 साल पुराने लड़ाकू जहाजों का प्रयोग कर रही है। इससे दुर्भाग्यपूर्ण क्या होगा कि वायुसेना लगातार 40 सालों तक रूस में निर्मित मिग-21 और मिग-27 का ही इस्तेमाल करती रही। इन्हें 60 और 70 के दशक में खरीदा गया था। इसका नुकसान यह हुआ कि ये मिग एक के बाद एक क्रैश हुए और हमारे वीर सैनिक शहीद होते रहे। 2014 में केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार बनने के बाद तीनों सेनाओं के आधुनिकीकरण पर विशेष ध्यान दिया गया। चाहे बात बर्फ के पहाड़ों में तैनात जवानों को विशेष जैकेट उपलब्ध करवाने की हो, पुर्वोतर के जंगलों में कीटों से बचाव की आधुनिक तकनीक मुहैया करवाने की या फिर वैन रैंक-वन पैंशन की एक-एक करके सेनाओं की जरूरतों को पूरा किया गया। सरकार ने अमेरिका, रूस, फ्रांस और इजराइल के साथ सेनाओं को ताकतवर बनाने के लिए अनेक समझौते किए। जहां तक सवाल वायुसेना का है तो इसकी ताकत में तो कई गुणा वृद्धि की गई है। बीते दिनों अमेरिकी कंपनी बोइंग द्वारा बनाए गए चिनूक हेवीलिफ्ट हेलीकॉप्टर को वायुसेना में शामिल किया गया। अब इसमें अपाचे को शामिल किया गया है। अपाचे वही अत्याधुनिक हेलीकॉप्टर है जिसका प्रयोग करके अमेरिकी सेना ने पाक में छिपे आतंकी सरगना ओसामा बिन लादेन को ढेर किया था। भारत ने 2015 में अमेरिका और बोइंग कंपनी से 4168 करोड़ रुपये में 22 अपाचे खरीदने का करार किया था। मंगलवार को इसकी पहले खेप के रूप में 8 अपाचे मिले। इन्हें पाक से मिल रही रक्षा चुनौती के मध्य नजर पंजाब के पठानकोट एयरबेस पर तैनात किया गया है। इनमें से 11 पाक सीमा के साथ और 11 चीन सीमा के साथ असम के जोरहाट में तैनात किए जाएंगे। एएच 64ई अपाचे दुनिया का सबसे एडवांस मल्टी काम्बैट हेलीकाप्टर हैं। इनमें हाईक्वालिटी नाइट विजन सिस्टम है। जिससे दुश्मन को अंधेरे में भी ढूंढा जा सकेगा। यह मिसाइल से लैस हैं और एक मिनट में 128 लक्ष्यों पर निशाना साध सकता है। इसमें भारी मात्रा में हथियार ले जाने की क्षमता है। अपाचे के बाद वायुसेना को जल्द ही राफेल भी मिलने वाला है, इसके अलावा सरकार 114 लड़ाकू विमानों का सौदा करने के अंतिम चरण में है। इतना ही नहं मेक इन इंडिया के तहत वायुसेना के लिए तीन घातक हथियार बनकर तैयार हैं। ये मिसाइलें है वाघनख, वेल और खागन्तक। ये मिसाइलें वायुसेना की ताकत को कई गुना बढ़ा देंगी। उम्मीद ही नहीं पक्का विश्वास है कि इन आधुनिक हथियारों के मिलने से हमारी वायुसेना न केवल सीमाओं पर दुश्मन को मुंहतोड़ बल्कि देश पर बुरी नजर डालने वाले हर इरादे को नेस्तनाबूद कर देगी।

## सारा संसार



**काकाबे, कर्नाटकः** धरती पर अगर स्वर्ग देखने की इच्छा रखते हैं तो बेझिझक कर्नाटक के काकाबे चले जाइए। यहां का प्रकृति सौंदर्य देख आप इसकी तुलना जन्नत से करने लगेंगे। अगर आप प्राकृतिक सौंदर्य के दीवाने हैं तो यहां जाना न भूलें।

## व्यंग्य

प्रदीप उपाध्याय

# मैं तेरी चांदनी

बहुत ही गड़बड़झाला हो गया है। हम धरती वालों को इतने पर ही संतुष्टि क्यों नहीं होती। धरती क्या कम थी जो चन्द्र-मंगल पर जा रहे हैं। नील आर्मस्ट्रांग ने जब पहले पहल चांद पर कदम रखा था तो किसी ने विश्वास नहीं किया। अमेरिका और रूस ने भले ही कितने ही दावे किए हों तब भी हमारा चांद तो हमारी नजरों में समाया रहा। चांद पर दाग होने की कितनी ही बातें होती रही, बावजूद इसके वह सबका चहेता बना रहा, लेकिन अब जब हम स्वयं ही वहां पहुंचने की बात कर रहे हैं तो कई परेशानियां या कहें पेचिदगियां सामने उठ खड़ी हुई हैं। ऐसे में क्या यह कह दें कि यह चांद वह वाला चांद नहीं है। जहां इंसानी फसलें बहार छाई हुई है वहां धरती मुंह बिचकाएगी ही। ऐसे में हो सकता है कि आने वाले वर्षों में आम लोगों के लिए धरती आरक्षित रखी जाकर खास लोग तथाकथित चांद पर जा बसे। अमेरिका, रूस,चीन जैसे देशों सहित हमारी अपनी भी कॉलोनियां वहां स्थापित हो जाए और पाकिस्तान वहां पहुंचे बिना ही चांद पर स्थापित हमारी कॉलोनी पर कश्मीर की तरह ही हक साबित करने के लिए यूएनओ पहुंच जाए। वह यह भी कह सकता है कि चांद-सितारों पर केवल उसी का हक है। इस तरह की आशंका या उम्मीद तो हमें हमेशा ही पाले रखनी है। बहरहाल, यह मामला तो चलता रहेगा, पड़ोसियों के ऐसे प्रीति सम्बन्धों में ये बातें सामान्य है। किन्तु सबसे बड़ी दिक्कत जो आने वाली है, वह चकोर और चांदनी को होगी। फिर बेचारे कवि भी असमंजस में आ खड़े होंगे। वे कैसे तो कहेंगे कि चांद को क्या मालूम, चाहता है उसे कोई चकोर, वो बेचारा दूर से देखे, करे न कोई शोर। अब तो हो सकता है कि चकोर खुद ही चांद की तरफ देखना छोड़ दे। और बेचारी चांदनी। निशाकाल में पूर्णिमा का चांद आसमान पर और धरा पर बिखरी चांदनी को देखकर कौन कवि मंत्रमुग्ध नहीं होता लेकिन अब! उसके सामने तो चांद का वह विकृत चेहरा उबड़-खाबड़ जमीन होगी, पथरीला टीलों का मंजर होगा। तब क्या कवि की कल्पना में चांद जैसे मुखड़े पे बिन्दिया सितारा जैसी बात आ पाएगी। और खैर, कवियों की बात छोड़े, ग्रह-नक्षत्रों की बात करने वालों का क्या होगा। चांद के साथ मंगल की चाल पर भी ग्रहण लग रहा है। ग्रहों के गोचर का कहीं तालमेल न गड़बड़ा जाए। अभी तक तो यही कहते आए हैं कि मानव जहां पहुंचा है, वास्तव में वे चन्द्र-मंगल हैं ही नहीं या यह भी कह सकते हैं कि वे अमेरिकी या रूसी हैं, लेकिन अब जब मंगल को छू लिया और हमारा चन्द्रयान चांद की कक्षा में प्रवेश कर चुका है तो कैसे कह सकते हैं कि वे चन्द्र-मंगल नहीं हैं। अब तो यह गीत भी सुनाई नहीं देगा, तू मेरा चांद मैं तेरी चांदनी, या फिर -एक चांद आसमां में है, एक मेरे साथ है।

# एनआरसी पर हंगामा क्यों



जरूरत

अवधेश कुमार

> 1951 के बाद ही असम की जनसंख्या देश के दूसरे हिस्सों से ज्यादा अनुपात में बढ़ती रही। 1971 के बाद इसमें और ज्यादा तेजी आई। असम के 33 जिलों में से 9 में मुस्लिम आबादी आधी या उससे ज्यादा है। बताया जाता है कि इन्हीं जिलों में बीते दशकों से बांग्लादेशियों की घुसपैठ काफी हुई है, इसीलिए राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर जरूरी हो गया था। छाती पीटने वाले ध्यान रखें कि उच्चतम न्यायालय ने घुसपैठ के लिए विदेशी हमला जैसा शब्द प्रयोग किया था।

असम में राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर की अंतिम सूची जारी होने के बाद जिस तरह का हंगामा मचा है, वह स्वाभाविक है। इसके पहले जब जुलाई 2018 में मसौदा जारी हुआ था तब भी हमने ऐसे ही दृश्य देखे थे। उस समय सूची से 40.37 लोगों के नाम गायब थे। अब अंतिम सूची से 19,06,657 लोग बाहर हो गए है। जाहिर है, जो बाहर हुए हैं वे परेशान हैं। उनके समर्थन में राजनीतिक दलों के नेता और एक्टिविस्ट आ गए है। दूसरी ओर विदेशी घुसपैठियों को बाहर निकालने के लिए आंदोलन करने वाले संगठनों में से एक ऑल असम स्टुडेंट यूनियन आसू सहित कई संगठनों ने असंतोष व्यक्त किया है कि इसमें बांग्लादेशियों के नाम भारी संख्या में आ गए हैं। आसू ने इसके खिलाफ उच्चतम न्यायालय जाने का ऐलान कर दिया है।


असम के वित्त मंत्री और भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य हिमंता बिस्व सरमा ने भी इस सूची पर असंतोष व्यक्त करते हुए कहा है कि 1971 से पहले बांग्लादेश से भारत आए अनेक शरणार्थियों को सूची से बाहर निकाला गया है। उनका कहना है कि काफी लोग गलत तरीके से जन्म आदि प्रमाण पत्र बनवाकर सूची में स्थान बनाने में सफल हो गए हैं। उन्होंने भी उच्चतम न्यायालय में जाने की बात की है। असम के मुख्यमंत्री सर्बानंद सोनोवाल का कहना है कि गलत ढंग से सूची में शामिल हुए विदेशी लोगों और बाहर हुए भारतीयों को लेकर केंद्र सरकार कोई विधेयक भी ला सकती है। इसका अर्थ हुआ कि भले उच्चतम न्यायालय द्वारा समय सीमा आगे ने बढ़ाने के कारण 31 अगस्त को एनआरसी जारी कर दी गई, पर इसे अंतिम नही माना जा सकता। उच्चतम न्यायालय के आदेश पर भारतीय महापंजीयक की देखरेख में यह व्यापक अभियान चला था। असम में एनआरसी कार्यालय 2013 में बना था पर काम 2015 से शुरू हुआ। 2018 तक 3 साल में राज्य के 3.29 करोड़ लोगों ने नागरिकता साबित करने के लिए 6.5 करोड़ दस्तावेज भेजे। ये दस्तावेज करीब 500 ट्रकों के वजन के बराबर थे। इसमें 62 हजार कर्मचारी 4 साल से लगे थे। पहली सूची 2017 और दूसरी 2018 में प्रकाशित हुई थी। एक-एक व्यक्ति की पहचान कितनी जटिल थी इसका अंदाजा भी हमें होना चाहिए। आगे बढ़ने के पहले यह स्पष्ट करना आवश्यक है कि एनआरसी से बाहर किए गए लोग शेड्यूल ऑफ सिटिजनशिप के सेक्शन 8 के मुताबिक तय समय सीमा के अंदर विदेशी न्यायाधिकरण के सामने अपील कर सकेंगे। इसके लिए सरकार ने 120 दिनों की पर्याप्त समय सीमा तक कर दी है। न्यायाधीकरण की संख्या भी 100 से बढ़ाकर 300 कर दी गई है। जिनको न्यायाधीकरण नागरिक नहीं मानेगा वे उच्च न्यायालय एवं उच्चतम न्यायालय जा सकते हैं। जब तक उनके मामले का अंतिम निपटारा नहीं होता तब तक सरकार उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करेगी। हम जानते हैं कि सभी लोगों के लिए इस सीमा तक कानूनी लड़ाई संभव नहीं होगा। जैसे अनेक वास्तविक असमी लोगों के लिए अपने को नागरिक साबित करना संभव नहीं हुआ वैसे ही न्यायाधीकरण एवं न्यायालयों में भी हो सकता है। उनकी मदद सरकार को करनी होगी। भाजपा सहित सारी पार्टियों के कार्यकर्ताओं को इसके लिए सक्रिय होना चाहिए कि कोई निराश्रित, अनपढ़, गरीब, वंचित वास्तविक असमी अन्याय का शिकार न हो। अब यहां यह समझने की आवश्यकता है कि आखिर असम में एनआरसी की जरुरत क्यों हुई? इसका इतिहास क्या है? असम एकमात्र राज्य है जहां 1951 में



एनआरसी बना था। असम में देश की नागरिकता कानून से थोड़ा अलग समझौता 1985 लागू होता है। एक साथ नागरिकता कानून 1955 और नागरिकता की अनुसूची कानून, 2003 की अनुसूची लागू है। इसके अनुसार 24 मार्च 1971 की आधी रात तक प्रदेश में प्रवेश करने वाले लोगों को भारतीय नागरिक माना जाएगा। इसी दिन से बांग्लादेश में मुक्तिसंग्राम आरंभ हुआ था। 1951 में हुई जनगणना के बाद पहला एनआरसी रजिस्टर बना था। सरकार के आदेश पर 1960 में एनसीआर विवरणी को पुलिस को सौंप दिया गया। पुलिस उस पर कार्रवाई करती तो समस्या का कुछ समाधान होता। राजनीतिक नेतृत्व ने काम नहीं करने दिया। दूसरी ओर घुसपैठ बढ़ती गई। वर्ष 1979 में असम में यह मांग हुई कि उस रजिस्टर को अपडेट किया जाए। तब तक पड़ोसी देश से आने वालों ने असम के अनेक क्षेत्रों में अशांति एवं तनाव पैदा कर दिया था और जनसंख्या असंतुलन की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। केन्द्र ने इस पर ध्यान नहीं दिया तो इनको बाहर निकालने के लिए उग्र जन आंदोलन आरंभ हो गया। ऑल असम स्टूडेंट्स यूनियन (आसू) और ऑल असम गण संग्राम परिषद के बैनर तले चले आंदोलन ने पूरे असम को ठप कर दिया। हिंसा की लपटों में पूरा असम घिर गया। अंततः 1985 में तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने आंदोलनरत छात्र नेताओं के साथ समझौता किया। इसमें एनआरसी बनाने का प्रावधान था। इसमें तीन बातें प्रमुख थीं। एक, 1951 से 1961 के बीच असम आए लोगों को पूर्ण नागरिकता और वोट देने का अधिकार मिलेगा। दो, 1961 से 1971 के बीच आने वालों को नागरिकता और अन्य अधिकार दिए जाएंगे लेकिन वोट का अधिकार नहीं दिया जाएगा। 24 मार्च 1971 के बाद असम में आए लोगों को वापस भेजा जाएगा।

इस समझौते को लागू करने का कार्य समय सीमा में पूरा हो जाना चाहिए था। असम में कई प्रकार के आंदोलन हुए किंतु बंगलादेशी घुसपैठियों के विरुद्ध हुए आंदोलन को जितना व्यापक जनसमर्थन मिला वैसा किसी को नहीं मिला। कारण साफ था। घुसपैठिओं से सामाजिक-आर्थिक-सांस्कृतिक जटिलताएं पैदा हो गई। इसके विरुद्ध स्थानीय आदिवासियों-जातियों के संगठन खड़े हुए, लेकिन असम समझौता को लागू नहीं किया। 2005 से फिर आसू ने आंदोलन आरंभ किया। 2005 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की अध्यक्षता में हुई एक समीक्षा बैठक में एनआरसी को अपडेट करने का निर्णय लिया गया। वर्ष 2010 में एनआरसी को अपडेट करने के पायलट प्रॉजेक्ट को तब अचानक रोक दिया गया जब असम के बारपेटा जिले में इसे लेकर एक हिंसक प्रदर्शन के दौरान 4 लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। अंततः एक एनजीओ ने 2013 में उच्चतम न्यायालय का दरवाला खटखटाया। मौजूदा एनआरसी में जगह पाने के लिए परिजनों का 1951 में जारी पहली एनआरसी में नाम होना, 24 मार्च, 1971 तक मतदाता सूची में शामिल होने के अलावा जन्म प्रमाण पत्र, रिफ्यूजी रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट, भूमि रिकॉर्ड, सिटिजनशिप सर्टिफिकेट, पीआरसी, पासपोर्ट, एलआईसी पॉलिसी, सरकारी लाइसेंस या प्रमाण पत्र, एजुकेशनल सर्टिफिकेट और कोर्ट के रेकॉर्ड को मान्यता दी गई है। इस मामले में भी काफी वारे-न्यारे हुए हैं। इसमें ऐसे लोगों के नाम आ गए जिनका नहीं आना चाहिए और बहुत सारे वास्तविक असमी, जिनके पास वैध दस्तावेज नहीं या जो अपने पूर्वज का पूरा नाम नहीं जानते, बुजूर्ग अकेली महिलाएं या गरीब परिवार जो कागजात संभालकर रखने के अभ्यस्त नहीं होते वंचित रह गए। इसलिए इसमें सुधार जरुरी है। 1951 के बाद ही असम की जनसंख्या देश के दूसरे हिस्सों से ज्यादा अनुपात में बढ़ती रही। 1971 के बाद इसमें ज्यादा तेजी आई। असम के 33 जिलों में से 9 में मुस्लिम आबादी आधी या उससे ज्यादा है। बताया जाता है कि इन्हीं जिलों में बीते दशकों से बांग्लादेशियों की घुसपैठ काफी हुई है। छाती पीटने वाले ध्यान रखें उच्चतम न्यायालय ने इसके लिए विदेशी हमला जैसा शब्द प्रयोग किया था। पूरी प्रक्रिया उच्चतम न्यायालय की देखरेख में हुई है इसलिए उम्मीद करनी चाहिए कि किसी के साथ अन्याय नहीं होगा। इसके साथ हमें यह भी ध्यान रखना होगा कि जो हिन्दू, सिख्ख, बौद्ध, जैन या ईसाई उत्पीड़ित होकर आए हैं उनको समस्या न हो। अच्छा हो मोदी सरकार अपने नागरिक विधेयक को तत्काल अध्यादेश के रुप में लागू कर अगले संसद सत्र में पारित करा ले।

# कलयुग पाप और अवगुणों का घर




संकलित

## दर्शन

गोस्वामी तुलसीदास जी ने तो मानस में कलयुग का बहुत सुन्दर वर्णन किया है- मारग सोइ जा कहुँ जोइ भावा। पंडित सोइ जो गाल बजावा। मिथ्यारंभ दंभ रत जोई। ता कहुँ संत कहइ सब कोई। अर्थात जिसको जोअच्छा लगे वही मार्ग है। जो डींग मारता है, वही पंडित, जो आडम्बर रचे वही संत, जो दूसरों का धन हर ले वही बुद्धिमान जो अमंगल वेष धारण करे भक्ष्य-अभक्ष्य सब कुछ खाए वही जोगी और सिद्ध पुरुष कहलाता है। सच कहा जाय तो कलियुग पाप और अवगुणों का घर है। यह समय की देन ही है कि हम आज अपने पुराने आदर्श रीति रिवाज नैतिकता सदाचार को छोड़ पाश्चात्य सभ्यता को अपनाते जा रहे हैं या यूँ कहिए कि पश्चिमी सभ्यता का लबादा ओढ कर गौरवान्वित हो रहे हैं। परिस्थितियों को अपने अनुकूल बना ले और उसी में खुशी व सुख के कुछ पल ढूँढ़ ले। कलियुग के विषय में मृत्य पुराण में लिखा है कि जीव हिंसा, चोरी, छल कपट, मिथ्या आडंबर, असत्य, धर्म का विनाश आदि इसके स्वाभाविक गुण हैं। कलियुग में प्रयत्न के बावजूद मन में शंका बनी रहती है कि जीविका की आपूर्ति होगी या नहीं? अकाल महामारी की वृद्धि होती है, मनुष्य का बल, रूप, बुद्धि क्षीण हो जाती है। हमारे संत-ऋषि-मुनी भविष्य दृष्टा थे, उन्हें यह आभास हो जाता था कि आगे क्या घटित होने वाला है? जीवन की वास्तविकता क्या है?

# मानव जीवन का सदुपयोग करें



संकलित

## प्रेरणा

आज का इंसान धर्म के नाम पर बंटता जा रहा है और अपनी पहचान खो रहा है। सब जाति-धर्मों को भुलाकर इंसान को पहचानो। हंस की तरह मोती को चुगो, राम की तरह दयावान बनो, मानवता को अपनाओ। हम अज्ञानता के कारण इंसानियत का दामन छोड़ रहे हैं। तेरे और मेरे का भेद भुलाना होगा और मानवता का धर्म निभाना होगा। ईश्वर से नाता जोड़ो। धर्म पर खतरा तब होता है जब मानव, संतों की बातों को नहीं मानता। मानव का जीवन बड़ी मुश्किल से मिला है, इसका सदुपयोग करें। कुम्हार, बर्तन बनाते समय माटी में कोई फर्क नहीं रखता। जीवन में बुराइयों को भुलाकर अच्छाइयों को अपनाएं। प्राणी मात्र की सहायता करना ही सबसे बड़ा पुण्य है। हर भक्त को अपने मालिक का गुणगान करना चाहिए। ज्ञान से इंसान को सोचने-समझने की शक्ति मिली है। चाहे हम किसी भी धर्म में जन्मे हों, लेकिन इंसानियत को कभी भी भुलाना नहीं चाहिए। जिस मानव के जीवन में प्रेम व करुणा होती है, वह कभी किसी को नहीं ठुकराता, सभी को अपनाता है। जीवन में नफरत की दीवार को गिराकर प्रेम के पुल बांधने चाहिए। आज के समय एक पल का भी भरोसा नहीं है, इसलिए समय की कीमत को पहचानें और ईश्वरको स्मरण करें। बिना किसी भेदभाव सबको साथ लेकर चलेंगे, तभी जीवन सार्थक होगा।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### अर्थव्यवस्था में गिरावट देश के लिए चिंताजनक

वर्तमान में देश आर्थिक मंदी की तरफ बढ़ रहा है, इस सवाल को टाला नहीं जा सकता। अर्थव्यवस्था धीरे-धीरे सरकती जा रही है और संकट का रूप लेती जा रही है, क्योंकि पिछले कुछ दिनों से अर्थव्यवस्था के अलग-अलग क्षेत्रों से बुरी खबर आ रही है। हाल ही में कई आंकड़े आए हैं, जो मंदी की पुष्टि करते हैं। यह देश के लिए चिंता का विषय है।ऑटो उद्योगों में मंदी, मजदूरों की छंटनी, डेयरी उत्पादन में बदहाली एवं कपड़े उद्योगों की हालत दिन-प्रतिदिन बदतर होती जा रही है। हमारी अर्थव्यवस्था अब पांच प्रतिशत तक सिमट गयी। केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय के आंकड़ों के मुताबिक देश की जीडीपी ग्रोथ रेट घटकर पांच फीसदी हो गयी है। कृषि विकास दर पिछले साल के मुकाबले दो फीसदी पर आ गई है।

डॉ. अखिलेश कुमार

## ट्रेंड

### अवसर मिला



राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त करने वाले शिक्षकों को बधाई। मुझे आज पुरस्कार विजेताओं से बातचीत करने एवं युवा मस्तिष्क को बदलाव के मार्ग पर अग्रसर करने से जुड़े उनके अनुभवों को जानने का अवसर मिला। - नरेंद्र मोदी

### नीति आयोग की नीति क्या



कभी कभी हैरानी होती है कि नीति आयोग की नीति क्या है? स्पष्ट है कि यह भारत की हकीकत से अनजान है। पिछली पांच तिमाही में जीडीपी में गिरावट आई है और अब यह कहा जा रहा है।

-जयराम रमेश

### पानी का उपयोग



एक किलोग्राम चावल उगाने के लिए हम 5600 लीटर पानी का उपयोग कर रहे हैं, जबकि चीन में केवल 350 लीटर पानी का उपयोग करके इतना ही उत्पादन किया जाता है। देश की नदियों के पानी का 84% कृषि के लिए उपयोग किया जाता है। यह तरीका किसी भी तरह से ठीक नहीं है। -सदगुरु

### मां की खुशी



एक मां की खुशी तब शुरू होती है जब नया जीवन अंदर सरगर्मी होता है। जब पहली बार एक छोटे से दिल की धड़कन सुनाई देती है और चंचल किक याद दिलाती है कि लिटिल कभी अकेला नहीं होता है। आप जीवन को कभी नहीं समझते हैं जब तक कि यह आपके अंदर नहीं बढ़ता है।

-बबीता फोगाट

## करंट अफेयर

# सऊदी अरब में पाक डॉक्टरों की मान्यता खत्म



सऊदी अरब में रह रहे पाकिस्तानी डॉक्टर पहले से ही जॉबलेस थे, लेकिन अब उनको अपने देश वापस लौटना पड़ रहा है। सऊदी सरकार ने पाकिस्तान से मास्टर ऑफ सर्जरी और डॉक्टर ऑफ मेडिसिन) की डिग्री लेकर आए डॉक्टरों को अयोग्य ठहराया है। वहां की सरकार का मानना है कि पाकिस्तान के इन दोनों डिग्री वाले डॉक्टर्स की पढ़ाई उस स्तर की नहीं कि उन्हें यहां प्रैक्टिस करने दिया जाए। सबसे ज्यादा पाकिस्तानी डॉक्टर सऊदी अरब में हैं। पिछले महीने लिए गए इस फैसले के बाद हजारों डॉक्टरों की नौकरी चली गई थी। इन डॉक्टरों को सऊदी छोड़ने के लिए कहा गया अब ये डॉक्टर वापस पाकिस्तान जा रहे हैं। मिडिल ईस्ट आई की रिपोर्ट के मुताबिक पिछले महीने सऊदी अरब के स्वास्थ्य आयोग द्वारा जारी किए गए टर्मिनेशन लेटर में कहा गया था कि सऊदी सरकार अब पाकिस्तानी स्नातकोत्तर डिग्री कार्यक्रमों, एमएस और एमडी को मान्यता नहीं देती है। मेडिकल लाइसेंस के लिए उनकी योग्यता अस्वीकार्य है। एक लेटर में लिखा गया है, पेशेवर योग्यता के लिए आपका आवेदन अस्वीकार कर दिया गया है। वजह ये है कि पाकिस्तान से आपकी मास्टर डिग्री नियमों के मुतबिक स्वीकार्य नहीं है।

## ऑफ बीट

# बुद्धेश्वर महादेव मंदिर में बुधवार को होती है शिव पूजा




लखनऊ के ऐतिहासिक बुद्धेश्वर महादेव मंदिर को लेकर कई मान्यताएं जुड़ी हुई हैं। मंदिर के इतिहास के बारे में बताया जाता हैं कि पहले यहाँ एक गुफा थी। जब भगवान शिव से वरदान पाकर भस्मासुर नामक राक्षस भगवान शिव का ही वध करना चाह रहा था तो भगवान शिव भस्मासुर से बचने के लिए इसी गुफा में कई दिनों तक छिपे रहे थे। अमूमन देशभर के मंदिरों में भगवान महादेव की विशेष पूजा सोमवार को होती हैं लेकिन लखनऊ का बुद्धेश्वर मंदिर एक मात्र ऐसा मंदिर हैं जहां पर भगवान शिव की विशेष पूजा-अर्चना, अभिषेक तथा महाआरती बुधवार को होती हैं। इतना ही नहीं यहां पर श्रावण माह में भी बुधवार को ही भगवान शिव की पूजा होती हैं और श्रावण माह में आने वाले हर बुधवार को बुद्धेश्वर मंदिर में भव्य मेला लगता हैं। बुधवार को पूजा करने को लेकर भी यहाँ इतिहास जुड़ा हुआहैं। बताया जाता हैं कि त्रेतायुग में जब लक्ष्मण भगवान राम और सीता को जब चित्रकूट छोड़ने जा रहे थे तब यहां से गुजरते समय उन्होंने भगवान शिव का मंदिर देखा और पूजा करने का मन बनाया। भगवान राम ने शिवजी की विशेष पूजा की थी। उस दिन वार बुधवार था। तब से यहां पर बुधवार को शिव पूजा करने की परम्परा शुरू हुई।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### एलओसी जारी करना सत्ता का दुर्भावनापूर्ण इस्तेमाल: फैसल



**नई दिल्ली।** नौकरशाह से नेता बने शाह फैसल ने मंगलवार को दिल्ली उच्च न्यायालय में कहा कि उनके खिलाफ जारी किया गया लुक आउट सर्कुलर (एलओसी) प्रथम दृष्टया सत्ता का दुर्भावनापूर्ण इस्तेमाल है और इसके लिए उन्हें कोई उचित आधार नहीं बताया गया। फैसल को श्रीनगर में हिरासत में लिया गया था। फैसल की ओर से दी गयी दलीलों में कहा गया है कि एलओसी की प्रति उन्हें मुहैया नहीं करायी गई।

### आईपीएल सट्टेबाजी मामले में मेरी छवि खराब की जा रही है: करनल सिंह



**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के पूर्व निदेशक करनल सिंह ने मंगलवार को कहा कि उनके कार्यकाल के दौरान एजेंसी द्वारा 2,000 करोड़ रुपये के कथित आईपीएल क्रिकेट सट्टेबाजी गिरोह की जांच के सिलसिले में 'जानबूझकर 'उनकी छवि खराब करने की 'कोशिश' की जा रही थी। सिंह पिछले साल अक्टूबर में संघीय वित्तीय जांच एजेंसी से सेवानिवृत्त हुए थे। वह मीडिया रिपोर्टों पर प्रतिक्रिया दे रहे थे जिनमें आरोप लगाया गया है कि अप्रैल में केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) ने सीबीआई को एक शिकायत भेजी थी जिसमें पूर्व ईडी प्रमुख द्वारा गड़बड़ी किए जाने का दावा किया गया है।

### डीजीसीए ने कॉकपिट में प्रवेश तथा जंप सीट पर यात्रा करने पर लगाई पाबंदी

**नई दिल्ली।** विमानन क्षेत्र के नियामक नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने मंगलवार को एक आदेश जारी किया जिसमें उड़ान के दौरान कुछ श्रेणियों के लोगों के विमान के कॉकपिट में प्रवेश और 'जंप सीट' पर यात्रा करने पर रोक लगाई गई है। गत 13 जुलाई को उड़ान पूर्व होने वाले अल्कोहल परीक्षण में एअर इंडिया का एक पायलट शराब के नशे में पाया गया था । पायलट उस समय ड्यूटी पर नहीं था और उसे दिल्ली से बेंगलुरू जाने वाले विमान के कॉकपिट में 'जंप सीट' पर यात्रा करनी थी।

---

सरकार ने मनमोहन सिंह के बयान को किया खारिज

# हमने अर्थव्यवस्था को 11वें स्थान से पांचवें स्थान पर पहुंचाया: जावड़ेकर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश की आर्थिक हालत बेहद चिंताजनक होने के पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए सरकार ने मंगलवार को कहा कि मोदी सरकार अर्थव्यवस्था को समग्र दृष्टिकोण के साथ देखती है और ऐसे ही प्रयासों के कारण भारतीय अर्थव्यवस्था दुनिया में 11वें स्थान से उठ कर 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गयी है। केंद्रीय मंत्रिमंडल के बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने संवाददाताओं के सवालों का जवाब देते यह बात कही। उनसे पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के उस बयान के बारे में पूछा गया था जिसमें उन्होंने आर्थिक हालात को बेहद चिंताजनक बताया था। जावड़ेकर ने कहा कि मनमोहन सिंह ने जो विश्लेषण किया, उससे हम इत्तेफाक नहीं रखते हैं । हम जो कहते है, वह करते हैं। हमने अर्थव्यवस्था को 11वें स्थान से (दुनिया में) पांचवें स्थान पर पहुंचाया है और हम तीसरे स्थान की दिशा में बढ़ रहे हैं।




### देश में मंदी की आहट पर बोले गोविंदाचार्य- भारत को अमेरिका बनाएंगे तो ब्राजील बन जाएगा



कभी भारतीय जनता पार्टी(बीजेपी) के थिंक टैंक रहे, आरएसएस विचारक और आर्थिक चिंतक केएन गोविंदाचार्य का मानना है कि मौजूदा वक्त अर्थव्यवस्था के सामने जो संकट है, वह 1991 के कथित सुधारों की देन है। वह आज मंदी की आहट को उदारीकरण का असर मानते हैं। उनका मानना है कि अर्थव्यवस्था का जब वैश्वीकरण होता है तो वह अपने साथ छुपे तौर पर मंदी और रोजगार संकट भी लाती है। एक टीवी चैनल से गोविंदाचार्य ने कहा कि हमें देश की अर्थव्यवस्था की बेसिक स्ट्रेंथ को समझना होगा। तभी कोई कदम उठाना फायदेमंद होगा। उन्होंने कहा कि कहां तो हमें डोमेस्टिक प्रोडक्शन, डोमेस्टिक कंजम्पशन और डोमेस्टिक मार्केटिंग की दिशा में चलना था और कहां हम एक्सपोर्ट की राह पर चले गए। हमें विश्व व्यापार संगठन के प्लेटफॉर्म का आक्रामक होकर उपयोग करना था।

### जीडीपी दर में गिरावट को लेकर चिदंबरम ने सरकार पर साधा निशाना



*नई दिल्ली। पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम ने सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर में गिरावट के लिये मंगलवार को राजग सरकार पर निशाना साधा। अप्रैल-जून तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर गिरकर पांच फीसदी पर आ गई है, जो पिछले छह साल में सबसे कम है। अदालत कक्ष से चिदंबरम के बाहर निकलने पर जब संवाददाताओं ने उनसे पूछा कि उन्हें अपनी सीबीआई हिरासत के बारे में क्या कहना है तो पूर्व वित्त मंत्री ने कहा कि पांच फीसदी। क्या आप जानते हैं पांच फीसदी क्या है। उन्होंने पांचों अंगुलियां दिखाने के लिये अपना हाथ भी उठाया। तभी सीबीआई उन्हें हिरासत में ले लिया। भारत की आर्थिक वृद्धि दर में लगातार पांच तिमाही में गिरावट दर्ज की गई है। जून में समाप्त हुई तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर पांच फीसदी पर आ गई है, जो पिछले छह साल में सबसे कम है। ऐसा उपभोक्ता मांगों और निजी निवेश में गिरावट की वजह से हुआ है।*

---

आइकॉनिक प्लेस की लिस्ट में सबसे ऊपर

## स्वच्छता के मामले में वैष्णो देवी मंदिर बना नंबर वन



- जल शक्ति मंत्रालय के पेयजल और स्वच्छता विभाग द्वारा दी गई जानकारी
- कचरे की समस्या को हल करने के लिए 1300 कर्मचारी लगाए गए

एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू-कश्मीर के कटरा में स्थित श्री माता वैष्णो देवी धाम को देश का सबसे 'स्वच्छ आइकॉनिक स्थान' चुना गया है। जल शक्ति मंत्रालय के पेयजल और स्वच्छता विभाग द्वारा मंगलवार को जारी की गई सूची में माता वैष्णो देवी धाम को पहला स्थान मिला है। धाम की स्वच्छता बेहतर होने के चलते इस सूची में पहला स्थान मिला है। जानकारी के मुताबिक, पिछले कुछ सालों में धाम की साफ-सफाई के लिए काफी काम किए गए हैं। जगह-जगह पर पानी के किओस्क, रिवर्स वेंडिंग मशीन, गोबर मैनेजमेंट सेंटर बनाए गए हैं। इसके अलावा कचरे की समस्या को हल करने के लिए 1300 कर्मचारी लगाए गए हैं। कचरे को इकट्ठा करने, उसे ले जाने और उसका निष्पादन करने के लिए बेहतर मैनेजमेंट तैयार किया गया है।

### देश के कई महत्वपूर्ण स्थानों से था मुकाबला

*बताते चलें कि इस सूची में पहला स्थान पाने के लिए वैष्णो देवी धाम का मुकाबला महाराष्ट्र के सीएसटी, उत्तर प्रदेश के ताजमहल, आंध्र प्रदेश के तिरुपति मंदिर, पंजाब के स्वर्ण मंदिर, वाराणसी के मणिकर्णिका घाट और राजस्थान की अजमेर शरीफ दरगाह से था। इस उपलब्धि पर श्राइन बोर्ड के अध्यक्ष और गर्वनर सत्यपाल मलिक ने धाम के सीईओ और अन्य कर्मचारियों को बधाई दी। आपको बता दें कि साल 2017 में भी वैष्णो देवी धाम को पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय की इस सूची में दूसरा स्थान हासिल हुआ था। तब पंजाब का स्वर्ण मंदिर इस सूची में पहले पायदान पर था। इस साल 6 सितंबर को देश के राष्ट्रपति वैष्णो देवी धाम की इस उपलब्धि के लिए अवॉर्ड देकर सम्मानित करेंगे।*

---

## चौतरफा 'अपनों' से घिरी कांग्रेस, शीर्ष नेतृत्व भारी असमंजस में

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व बुरी तरह हांफ रहा है। 'अपने' आंखें तरेर रहे हैं। एक के बाद एक 'अपने' विदा हो रहे हैं। खुली अनुशासनहीनता पर भी अनुशासन समिति आंखें मूंदने को अभिशप्त है। झारखंड प्रदेश प्रभारी आरपीएन सिंह और नव-नियुक्त अध्यक्ष रामेश्वर उरांव को पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने 'लिलिपुट' कहकर मजाक उड़ाया। उन्होंने कहा, मीडिया से खुलेआम, मगर उसे पार्टी के अंदर का मामला बताकर टालना ही मुनासिब समझा गया। जिस तरह से मप्र कांग्रेस अध्यक्ष के पद के लिये ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आलाकमान को खुली 'अनकही' चुनौती दी है उससे समूची एआईसीसी सहमी हुई है। कहीं एक और विदा न हो जाएं? ये प्रश्न उन्हें खाए जा रहा है! किसी भी कीमत पर इसबार सिंधिया मानने को तैयार नहीं। वे ताल ठोक कर मैदान में हैं। उनके समर्थक विधायकों की गोलबंदी हो रही है। आलाकमान इस बात से सकते में है कि बतौर महाराष्ट्र स्क्रीनिंग कमेटी अध्यक्ष ज्योतिरादित्य सिंधिया उचित प्रत्याशी तय करने में नेतृत्व की मदद करने के बजाय जरा भी रुचि नहीं ले रहे हैं। महाराष्ट्र का चुनाव सिर पर है। प्रभारी मल्लिकार्जुन खड़गे अकेले ही स्क्रीनिंग कमेटी की बैठकों में पैनल पर चर्चा कर रहे हैं। सिंधिया मप्र पीसीसी अध्यक्ष बनने के लिये चौसर सजा रहे हैं। हरियाणा में इससे भी बुरा हाल है। विधानसभा चुनाव हरियाणा में भी होने हैं। वहां पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने बगावती तेवरी अख्तियार किया हुआ है। उन्होंने स्पष्ट रूप से शीर्ष नेतृत्व को चेतावनी दे रखी है कि पीसीसी अध्यक्ष अशोक तंवर को हटाओ। केवल पीसीसी अध्यक्ष ही नहीं वे विधायक दल का नेता भी अपनी पसंद का चाहते हैं। आलाकमान के मना करने के बाद भी रोहतक में रैली कर हुड्डा ने खुली चुनौती दी हुई है। हरियाणा में जहां भाजपा ने जोरशोर से चुनावी तैयारियों पर फोकस कर लिया है वहीं कांग्रेस अभी भारी खींचतान में उलझी हुई है।

### दिल्ली हाईकोर्ट ने जनसंख्या नियंत्रण की मांग वाली याचिका पर सुनवाई से किया इनकार




- कानून बनाने का काम संसद और राज्य विधानमंडलों का है कोर्ट का नहीं

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने देश की बढ़ती जनसंख्या को नियंत्रित करने के लिए दो बच्चों के नियम समेत कुछ खास कदमों को लागू करने की मांग करने वाली एक याचिका पर सुनवाई करने से मंगलवार को इनकार कर दिया। मुख्य न्यायाधीश डी एन पटेल और न्यायमूर्ति सी हरिशंकर की पीठ ने कहा कि कानून बनाने का काम संसद और राज्य विधानमंडलों का है न कि इस अदालत का। उसने कहा कि इस अदालत का प्राथमिक कार्य कानून की व्याख्या करना है न कि कानून बनाने का निर्देश देना या सुझाव देना। अदालत ने कहा कि संसद और राज्य विधानमंडलों ने कानून बनाने के लिए पर्याप्त तंत्र विकसित कर लिये हैं और उन्होंने इस विषय पर सिफारिश देने के लिए आयोग भी गठित किये हैं। पीठ ने कहा कि संसद और राज्य विधानमंडल की प्राथमिकता के अनुसार कानून बनाने का जिम्मा उन पर छोड़ा जाता है। अदालत ने भाजपा के नेता और वकील अश्विनी कुमार उपाध्याय की याचिका यह कहते हुए खारिज कर दी कि हमें इस पर विचार करने का कोई कारण नजर नहीं आता।

भाजपा के वरिष्ठ नेता मुरली मनोहर जोशी ने कहा

## अहम मुद्दों पर पार्टियों में विचार विमर्श की परंपरा टूटी, इसे जिंदा करने की जरूरत



- जोशी ने पूर्व केन्द्रीय मंत्री और कांग्रेस नेता एस जयपाल रेड्डी के निधन पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा को किया संबोधित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा के वरिष्ठ नेता मुरली मनोहर जोशी ने कहा है कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय महत्व के अहम मुद्दों पर लगभग सभी राजनीतिक पार्टियों में दलगत राजनीति से परे होकर गंभीर विचार विमर्श की परंपरा लगभग खत्म हो गयी है और इस परंपरा को फिर से कायम करने की जरूरत है। जोशी ने पूर्व केन्द्रीय मंत्री और कांग्रेस नेता एस जयपाल रेड्डी के निधन पर मंगलवार को आयोजित श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुये कहा कि दलगत राजनीति से परे हटकर देशहित से जुड़े अहम मुद्दों पर विचार विमर्श कर एकराय बनाने की कोशिशें थम गयी हैं। उन्होंने बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) जैसे अहम मुद्दों पर रेड्डी एवं वामदल सहित अन्य दलों के नेताओं की मौजूदगी वाले विभिन्न नेताओं के समूहों (फोरम) का जिक्र करते हुये कहा कि इन समूहों में दलगत विचारधारा से हटकर विचार विमर्श होता था। जोशी ने कहा कि कुछ मामलों में माकपा के नेता सीताराम येचुरी अपने नाम के अनुरूप 'सीताराम' का ध्यान रखकर हमारा (भाजपा) साथ देते थे और कभी कभी हम भी उनका (वामपंथी विचारधारा) साथ देते थे।

---

मुस्लिम पक्ष के वकील को जान से मारने की मिली धमकी

## सुप्रीम कोर्ट ने 2 लोगों को जारी किया नोटिस

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को अयोध्या भूमि विवाद मामले में मुस्लिम पक्ष के वकील राजीव धवन ने कहा कि तमिलनाडु और राजस्थान के दो लोगों की ओर से उन्हें धमकियां मिल रही हैं। इस पर चीफ जस्टिस रंजन गोगोई की अध्यक्षता वाली बेंच ने आरोपियों के खिलाफ नोटिस जारी किया। धवन ने याचिका में कहा है कि मुस्लिम पक्ष की ओर से पैरवी करने पर तमिलनाडू के प्रोफेसर एन षण्मुगम की ओर से उन्हें 14 अगस्त को धमकी भरा पत्र मिला था। जबकि राजस्थान के संजय कलाल बजरंगी ने उन्हें वॉट्सऐप पर मैसेज भेजा था। धवन के मुताबिक, आरोपियों ने उनके साथ घर और कोर्ट परिसर में रोक-टोक करने की कोशिश की। सुप्रीम कोर्ट के एक वरिष्ठ वकील के साथ इस तरह का बर्ताव कोर्ट की अवमानना और आपराधिक मामला है।

### इसरो के इतिहास में सबसे जटिल सॉफ्ट लैंडिंग: माधवन

**बेंगलुरु।** इसरो के पूर्व अध्यक्ष जी माधवन नायर का कहना है कि संस्था के अब तक के इतिहास में चंद्रयान-2 मिशन के तहत चंद्रमा की सतह पर सात सितंबर को होने वाली प्रस्तावित सॉफ्ट-लैंडिंग सबसे जटिल अभियान है। उन्होंने कहा कि उन्हें इसकी सफलता का शत-प्रतिशत भरोसा है। करीब एक दशक पहले भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान (इसरो) के चंद्रयान-1 मिशन का नेतृत्व करने वाले नायर ने इसरो के चंद्रयान-2 ऑर्बिटर से सोमवार को लैंडर 'विक्रम' के सफलतापूर्वक अलग होने को महान घटना करार देते हुए कहा कि अब आगे काम ज्यादा कठिन होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि हम चंद्रमा की सतह पर सॉफ्ट लैंडिंग के एक कदम और करीब पहुंच गए हैं और अब तक सब बहुत अच्छा है।

### 16 छात्र पीएम के साथ चंद्रयान-2 के चंद्रमा पर उतरने का नजारा देखेंगे



**नई दिल्ली।** देशभर में स्थित केंद्रीय विद्यालयों के 16 छात्र सात सितंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ चंद्रयान-2 के चंद्रमा पर उतरने का नजारा देखेंगे। केंद्रीय विद्यालय संगठन की विज्ञप्ति के अनुसार, इन 16 छात्रों का चयन भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा आयोजित आनलाइन क्वीज प्रतियोगिता के जरिये किया गया है। इसरो की ओर से आयोजित इस आनलाइन क्वीज प्रतियोगिता में विभिन्न केंद्रीय विद्यालयों के 150279 छात्रों ने हिस्सा लिया था।

### कांग्रेस के पीसीसी महासचिवों को दिया गया वैचारिक प्रशिक्षण



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने मंगलवार को राज्यों की पार्टी इकाइयों के महासचिवों के लिए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें उन्हें पार्टी की विचारधारा के विभिन्न पहलुओं के बारे में जानकारी दी गई। सूत्रों के मुताबिक पार्टी मुख्यालय में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कांग्रेस के संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल और पार्टी नेता सचिन राव ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी (पीसीसी) के महासचिवों से संवाद किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में मौजूद एक नेता ने बताया कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने प्रदेश महासचिवों को हमारी पार्टी की विचारधारा के विभिन्न पहलुओं के बारे में बताया।

### सम्पर्क अभियान ...



नई दिल्ली। भाजपा अध्यक्ष अमित शाह और पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष जे पी नड्डा ने मंगलवार को जम्मू कश्मीर के पूर्व राज्यपाल जगमोहन से मुलाकात की।

---

महाराष्ट्र के किसान का बेटा बना अफसर

## गांव के बच्चों को दे रहा आईएएस बनने के टिप्स

**नई दिल्ली।** यूपीएससी परीक्षा 2018 पास करने वाले महाराष्ट्र के किसान के बेटे नवजीवन राजे विजय कुमार ने 316 रैंक हासिल की है। दिल्ली में महज कुछ महीनों की कोचिंग करके किसान के इस बेटे ने सफलता हासिल की है। पास होने के तुरंत बाद नवजीवन ने अपने आसपास के गांवों में एक अभियान चलाया। ये अभियान गांवों के बच्चों में आईएएस या आईपीएस बनने के लिए फैले मिथकों को लेकर था। नवजीवन ने दिल्ली नॉलेज ट्रैक को बताया कि यूपीएससी में सेलेक्शन हो जाने के बाद हमने मूमेंट चलाई थी। इस अभियान के तहत हमने गांव-गांव जाकर लोगों के बीच जो मिथ हैं, उन्हें सुलझाने के लिए कोशिश की। लेकिन, आपको बता दूं कि अगर गांव के बच्चे यूपीएससी की तैयारी को लेकर भ्रमित न हों तो वो भी आसानी से इस परीक्षा को पार कर सकते हैं। सिविल इंजीनियरिंग क्षेत्र से थे। फिर दिल्ली आकर कोचिंग की।

*गांव के बच्चे भी यूपीएससी की तैयारी कर उसे आसानी से पास कर सकते हैं*



- यूपीएससी परीक्षा 2018 पास करने वाले किसान के बेटे नवजीवन राजे विजय कुमार ने 316 रैंक हासिल की थी

उनके पिता किसान और मां स्कूल टीचर हैं। गांवों के बच्चों के कुछ सवाल और उनके भ्रम जो इन बच्चों को इस तैयारी को पूरे मन से नहीं करने देते। नवजीवन का कहना है कि बहुत स्टूडेंट्स पूछते हैं कि तैयारी के लिए क्या एजुकेशन बैकग्राउंड बहुत महत्वपूर्ण है। ऐसे में मैं उन्हें यही कहता हूं कि नहीं, आपके पास डिग्री होनी चाहिए, जिसके हिसाब से आप एग्जाम दे सकें। फिर कुछ कहते हैं कि ट्रेंड चल रहा है कि इंजीनियर डॉक्टर को फायदा मिलेगा। लेकिन नवजीवन कहते हैं कि आप किसी भी फील्ड से करो, कुछ फायदे नुकसान होते हैं।

### 'यूपीएससी निकालना है तो आप अपने ओरिजनल बनो'

स्टूडेंट ने पूछा कि क्या मुझे यूपीएससी की तैयारी करनी चाहिए या स्टेट सर्विस एग्जाम पर फोकस करना चाहिए। इस पर मैं उन्हें यही कहता हूं कि आपको अर्जुन बनना चाहिए। द्रोणाचार्य के दूसरे शिष्यों को भले ही कुछ और दिखा हो, लेकिन अर्जुन को सिर्फ तोते की आंख दिखी थी। इसी तरह जो लोग गांव में स्टडी कर रहे हैं वो कोचिंग के बारे में पूछते हैं, मैं सबसे यही कहता हूं कि ये आपकी समझ पर निर्भर है कि आप किसमें सहज महसूस करते हो। आपको तैयारी का तरीका पता होना चाहिए, वो कोचिंग में जाने से ही नहीं मिलता, वो ऑनलाइन भी मिल सकता है। लेकिन कोचिंग भी गलत चीज नहीं है। मैंने तैयारी के लिए एक साल कोचिंग की है। नवजीवन कहते हैं कि यूपीएससी निकालना है तो आप अपने ओरिजनल बनो। किसी टॉपर ने कैसे कॉपी लिखी, ये देखो लेकिन फिर लिखो अपनी तरह से। आपका तरीका उनसे अलग भी हो सकता है।

### सीएम गहलोत ने राज्यपाल को चाय पर किया आमंत्रित



**जयपुर।** राजस्थान के राज्यपाल कल्याण सिंह को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अपने निवास पर बुधवार को चाय पर आमंत्रित किया है। सरकारी सूत्रों ने बताया कि राज्यपाल कल्याण सिंह ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के आमंत्रण को स्वीकृति प्रदान कर दी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री गहलोत ने राज्यपाल के सम्मान में चार सितम्बर को अपने राजकीय निवास पर शाम चार बजे चाय का कार्यक्रम रखा है। राज्यपाल सिंह बुधवार को शाम चार बजे मुख्यमंत्री के राजकीय निवास पर जायेंगे। कल्याण सिंह ने चार सितम्बर 2014 को राज्यपाल का पदभार ग्रहण किया था। उनका कार्यकाल पूरा हो गया है। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कलराज मिश्र को राजस्थान का राज्यपाल नियुक्त किया है। सिंह का सोमवार नौ सितम्बर को जयपुर से लखनऊ जाने का कार्यक्रम है।

2.2 करोड़ रुपये की आई है लागत

## भारत ने नया स्कूल भवन नेपाल को सौंपा

- श्री स्कूलचौन उच्च माध्यमिक विद्यालय का उद्घाटन भारत के राजदूत मंजीव सिंह पूरी और अटॉर्नी जनरल अग्नि प्रसाद खारेल ने संयुक्त रूप से किया

**काठमांडू।** भारत ने नेपाल को प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के गृह जिले झापा में 2.2 करोड़ रूपये की लागत से बना नया स्कूल भवन सौंपा है। हिमालय टाईम्स की मंगलवार की खबर के अनुसार सोमवार को श्री स्कूलचौन उच्च माध्यमिक विद्यालय का उद्घाटन नेपाल में भारत के राजदूत मंजीव सिंह पूरी और अटॉर्नी जनरल अग्नि प्रसाद खारेल ने संयुक्त रूप से किया गया। दूतावास की एक विज्ञप्ति के अनुसार इस विद्यालय की स्थापना 1965 में हुई थी। यहां कक्षा बारहवीं तक पढ़ाई होती है। इस विद्यालय में करीब 1150 विद्यार्थी हैं जिनमें 60 फीसद छात्राएं हैं। यह झापा का प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान है जो प्रधानमंत्री ओली का गृह जिला है। भारत ने हाल में नेपाल सरकार को विभिन्न बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए 233 करोड़ रूपये दिये हैं। उनमें सड़क निर्माण तथा 2015 के भूकंप में नष्ट हुए मकानों के पुनर्निर्माण आदि शामिल हैं। इस भूकंप के कारण 9000 से अधिक लोगों की जान चली गयी थी। बुनियादी ढांचा परियोजना सहायता पर नेपाल-भारत संयुक्त आयोग की पांचवीं बैठक में निर्णय लिया गया था। इस बैठक में विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने हिस्सा लिया था।



# अनिल ने शेयर की पुरानी तस्वीर इस फिल्म ने बदल दी थी जिंदगी

**मुंबई।** बी-टाउन में अनिल कपूर बेहतरीन ऐक्टर्स में से एक हैं। अपनी ऐक्टिंग के दम पर उन्होंने बॉलिवुड इंडस्ट्री पर राज किया है। अनिल कपूर ने अपने ट्विटर हैंडल पर एक तस्वीर शेयर की। तस्वीर में युवा अनिल कपूर को मास्टर राजू के साथ मुंबई की सड़कों पर घूमते दिखाया गया है। अनिल कपूर ने तस्वीर के कैप्शन में लिखा, ' 1977 से 1983 तक मैं काम कर रहा था... एक अच्छे मौके को पाने के लिए स्ट्रगल कर रहा था जो सब कुछ बदल दे और फिल्म 'वो सात दिन' वही मौका था। एक जिंदगी बदलने वाला पल और रोल! उसके बाद से उनका करियर उनके लिए सपनों के सच होने जैसा बन गया। आज की तारीख में मैं जो कर रहा हूं उसके लिए मैं खुद को धन्य महसूस करता हूं।'

लाइफ Style

# परिणीति

## लाइफ में चाहती हैं 'ऐसा' लड़का

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा ने हाल ही में एक इंटरव्यू दिया जिसमें उन्होंने शादी, लव मैरीज, रिलेशनशिप और पति को लेकर बात की। परिणीति चोपड़ा ने इस मुद्दे पर भी बात की कि किस तरह लड़कों को केवल गोरी लड़की की डिमांड रहती है।

हाल ही में परिणीति चोपड़ा के रिलेशनशिप की खबरें मीडिया में तेज हुई थीं। चरित देसाई के साथ इनका रिलेशन है ऐसी खबरें आई थीं। शादी के बारे में सवाल पूछे जाने पर परिणीति कहती हैं कि मैं शादी करना चाहती हूं लेकिन सही इंसान से। लड़का एकदम परफेक्ट होना चाहिए जहां हम दोनों ही एक-दूसरे को ज्यादा बेहतर तरीके से समझ सकें। वह आगे कहती हैं कि मैं एक एक्टर हूं और मेरी जिंदगी और करियर दोनों ही थोड़े पेचीदा हैं। मैं एक ऐसा लड़का चाहती हूं जो मेरे जीवन को समझे। वो मुझे मेरे लिए प्यार करे न कि मेरे साथ जुड़े एक एक्टर के टैग से। केवल शादी ही सभी कुछ नहीं। अगर हम खुश हैं और एक अच्छे रिलेशन में हैं तो शादी की जरूरत कम लगती है। मैं एक फॉर्वर्ड सोच रखने वाली लड़की हूं लेकिन मैं शादी में बिलीव करती हूं। चर्चा में परिणीति चोपड़ा ने बताया कि वह इस बात से इत्तेफाक रखती हैं कि किस तरह लोगों को केवल गोरी लड़की चाहिए क्योंकि वे समझते हैं कि केवल गोरा इंसान ही बेहतर इंसान है। वह कहती हैं कि मैं गोरी हूं और मैं खुद को ऐसे ही पसंद करती हूं लेकिन मैं इस बात को मानने के लिए तैयार नहीं कि गोरे लोग ही बेहतर होते हैं। वो समय चला गया है जब ये सब बातें मायने रखती थीं।



## हॉलीवुड मसाला




# टीवी सीरीज में नजर आएंगी...

**लॉस एंजेलिस।** ऑस्कर विजेता अभिनेत्री वायोला डेविस एक नए टीवी सीरीज 'फस्ट लेडीज' में अमेरिका की पूर्व प्रथम महिला मिशेल ओबामा की भूमिका में नजर आएंगी। डेविस शोटाइम ड्रामा की एक्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर भी हैं, जो पूरे इतिहास में प्रथम महिलाओं के व्यक्तिगत और राजनीतिक जीवन के बारे में जानकारी प्रदान करेगा। पहला सीजन मिशेल ओबामा, एलिनोर रूजवेल्ट और बेट्टी फोर्ड पर केंद्रित होगा। वायोला डेविस ने ट्वीट किया कि परियोजना का हिस्सा बनने को लेकर सम्मानित महसूस कर रही हूं।



# शादी टूटने से डिप्रेशन में हेम्सवर्थ...

**लॉस एंजिल्स।** लियाम हेम्सवर्थ का दुख दुनिया के सामने दिखाई दे रहा हैं वहा माइली इटली में छुट्टियां मना रही हैं। सोशल मीडिया पर माइली ने अपनी तस्वीर शेयर की हैं जिसमें वह कैटलिन कार्टर को किस करती दिखाई दे रही हैं। सिंगर माइली सायरस और हॉलीवुड एक्टर लियाम हेम्सवर्थ काफी लंबे समय से रिलेशनशिप में थे कुछ दिन पहले दोनों ने शादी रचाई थी, लेकिन केवल सात महीने बाद ही दोनों की शादी टूट गई। दोनों के लिए यह काफी मुश्किल समय हैं। मीडिया ने दोनों से कई बार शादी के टूटने को लेकर सवाल पूछे हैं लेकिन हर सवाल को टाल दिया गया। कुछ दिन बीतने के बाद हॉलीवुड एक्टर लियाम हेम्सवर्थ ने अपनी टूटी हुई शादी पर पूछे जा रहे लगातार सवालों पर कहा कि आप नहीं समझ सकते कि कैसा लगता है। मैं इस बारे में बात नहीं करना चाहता। मैं उनके खुश और स्वस्थ रहने की कामना करता हूं। ये मेरा निजी मामला है मैं इस पर कोई कमेंट नहीं करना चाहता।



# लेडी इंस्पेक्टर बनकर ढाया कहर ...

**मुंबई।** जी हां अनुष्का शर्मा की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही है जिसमें वह एक पुलिस ऑफिसर के अवतार में दिखाई दे रही हैं। कहा जा रहा है कि ये तस्वीर अनुष्का शर्मा की आने वाली फिल्म की पहली झलक है। जी हां अनुष्का शर्मा की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही है जिसमें वह एक पुलिस ऑफिसर के अवतार में दिखाई दे रही हैं। कहा जा रहा है कि ये तस्वीर अनुष्का शर्मा की आने वाली फिल्म की पहली झलक है। इस झलक को देखने के बाद अनुष्का शर्मा के फैंस काफी खुश हैं और सोशल मीडिया पर उनको वेलकम बैक कह रहे हैं। ज्ञात हो कि काफी समय से अनुष्का शर्मा बड़े पर्दे से दूर हैं उन्होंने आखिरी फिल्म शाहरुख खान के साथ जीरों की थी, जिसे लोगों ने खास पसंद नहीं किया था।



# ट्रैफिक नियमों का पालन करें फैंस

**मुंबई।** बॉलिवुड स्टार शाहरुख खान इस समय अपने परिवार के साथ समय बिता रहे हैं। ऐक्टर काफी दिनों से सिल्वर स्क्रीन से दूरी बनाए हुए हैं। सोमवार को गणेश चतर्थी के मौके पर शाहरुख खान पुलिस इंस्पेक्टर राजेंद्र काणे का समर्थन करते हुए नजर आए। पुलिस इंस्पेक्टर काणे ने यातायात नियमों का पालन करने की पहल की और शाहरुख खान ने इसका समर्थन किया है। शाहरुख का एक वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो रहा है। लगभग 14 सेकंड के इस वीडियो में उनको अपने फैंस से यातायात नियमों का पालन करने का आग्रह करते देखा जा सकता है। लेटेस्ट रिपोर्ट्स के अनुसार, सोनम कपूर और दलकीर सलमान की अपकमिंग फिल्म 'द जोया फैक्टर' में शाहरुख खान का स्पेशल अपियरेंस है लेकिन अभी तक उन्होंने इस बात की पुष्टि नहीं की है। बता दें कि शाहरुख खान आखिरी बार आनंद एल राय की फिल्म 'जीरो' में दिखाई दिए थे। इस फिल्म में उनके साथ कैटरीना कैफ और अनुष्का शर्मा थीं। अभी तक उन्होंने अपने अगले प्रॉजेक्ट की घोषणा नहीं की है।


# हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

### ज्योतिष

बंगाल का जादु करेगा चमत्कार
हमसे पहले काम करने वाले को मुँह मांगा ईनाम
2 घंटे में समाधान
गोल्ड मेडलिस्ट
बाबा खान बँगाली
9872207873
कारोबार, गृहक्लेश जादू टोना वशीकरण करवाओ/तुड़वाओ खोया प्यार पाओ, दुश्मन सौतन तड़पाओ, मुठकरनी
आपका प्यार रूठने नहीं दूंगा My Promise
सभी जटिल समस्याओं का समाधान गारन्टी स्टाम्प लिखित
मिलें : जी.टी. रोड, पुल के नीचे (समालखा, पानीपत)

अद्भुत चमत्कार
वर्ल्ड फेमस
3 घण्टो में
घर बैठे तुरन्त समाधान पायें (गारन्टीड) जादू-टोना, स्पेशलिस्ट वशीकरण, मनचाहा प्यार सौतन/दुश्मन से छुटकारा किया कराया कारोबारी रुकावट, मूठकरनी, प्यार में धोखा खाये प्रेमी-प्रेमिका इधर उधर ना भटके काम होगा इधर
रूहानी एवं काले इल्म के माहिर
सूफी हसन जी
9917255848

17 सालो से एक स्थान पर
मेरे किये हुये काम को काटे उसे मुँह मांगा ईनाम
खुला चैलेंज
गुरु पाशा जी बंगाली
3 घंटे में निश्चित समाधान जैसे मनचाहा प्यार, मनचाही शादी में रुकावट, रुठे को मनाना, प्यार में धोखा खाये मिले, कारोबार में बंदिश, पति-पत्नी में अनबन, बिमारी में दवा ना लगना, सास-बहू में झगड़ा, जादू-टोना, चौकी छोड़ने के माहिर
स्पे. महामुठकरणी व वशीकरण
सौतन व दुश्मन छुटकारा
9997322441
www.gurupashaji.com Fees ₹200/-
पता : रमेश नगर मेट्रो स्टेशन, दिल्ली

### ज्योतिष

कर भला तो हो भला
MY PROMISE
जैसा चाहोगे वैसा होगा
आ गए हैं
गुरूओं के महागुरू
गुरु अर्जुन शर्मा
वशीकरण स्पेशलिस्ट
लवमैरिज, मनचाहा प्यार, गृह क्लेश, नौकरी, कारोबार, पति, पत्नी में अनबन, सौतन, दुश्मनी से छुटकारा, मूठकरनी
3 घंटे में घर बैठे समाधान।
सभी जगह से निराश एक बार अवश्य फोन करें।
8512013053
7428720960

मेरे किये हुये काम को काटे उसे मुँह मांगा ईनाम
17 सालो से एक स्थान पर
खुला चैलेंज
गुरु पाशा जी बंगाली
3 घंटे में 101% गारंटिड समाधान जैसे मनचाहा प्यार, मनचाही शादी में रुकावट, रुठे को मनाना, प्यार में धोखा खाये मिले, कारोबार में बंदिश, पति-पत्नी में अनबन, बिमारी में दवा ना लगना, सास-बहू में झगड़ा, जादू-टोना, चौकी छोड़ने के माहिर
स्पे. महामुठकरणी व वशीकरण
सौतन व दुश्मन छुटकारा
8929377723
www.gurupashaji.com Fees ₹200/-
पता : रमेश नगर मेट्रो स्टेशन, दिल्ली

ज्योतिष तांत्रिक काला इल्म
कहीं से नहीं मिलने से कष्ट दूर होंगे कर लो प्रेमी, प्रेमिका, पत्नी मुट्ठी में
यंत्र लेते ही तुरन्त असर शुरू
GOLD MEDALIST
गुरु राज भारती
11 घण्टो में तुरन्त समाधान (वर्ल्ड फैमस)
9697730004
कारोबार, गृह क्लेश, वशीकरण, करवाओ तुड़वाओ, दुश्मन सौतन तड़पाओ जैसी जटिल समस्या का समाधान लिखकर लो
प्यार में धोखा खाए प्रेमी-प्रेमिका सम्पर्क करें
स्पेशलिस्ट वशीकरण, मुठकरणी, खोया प्यार
मन में सच्ची श्रद्धा लेकर ही फोन करें।
संजय चौक, चांदनी बाग, पानीपत

### टॉवर

☞ भारत सरकार रजि. इंडस टॉवर ग्रुप द्वारा खाली जमीन खेत, छत, पर 4जी/ 5जी मल्टीमीडिया उपकरण लगवाएं । घर बैठे कमाएं। 90 लाख एडवांस 85,000/- रेंट + जॉब + बोलेरो 9473578006, 9473907609 अनिल मित्तल

### आवश्यकता

☞ एयरपोर्ट भर्ती तुरंत इंटरव्यू (8वीं-ग्रेजुएट) लड़के-लड़कियां (25,500 - 74500) सुपरवाईजर, कम्प्यूटर ऑपरेटर, एयरहोस्टेज, क्लर्क, ड्राइवर, हेल्पर, लोडर, चेकर, स्टोरकीपर, रहना + खाना + फण्ड + बीमा + लैपटॉप फ्री सम्पर्क करें 96397-45866, 79004-63349

☞ वन विभाग को आवश्यकता है जिलेनुसार 450 लड़के-लड़कियां योग्यता 8वीं से ग्रेजुएट सैलरी 23500/- रहना+ खाना फ्री इच्छुक व्यक्ति नाम पता शहर पिनकोड SMS करें- 7705081353

### ज्योतिष

☞ LOVE MATTER स्पेशलिस्ट ज्योतिष, खोया प्यार, वापस पाएं, शादी करवाना, सौतन, तलाक, दुश्मनी में बदला, घरवालों की दिक्कत, वशीकरण तंत्रमंत्र के सम्राट काली विद्यायाओं के माहिर 100% गारंटी बाबाजी 70285-57299

### टॉवर

☞ Hi-Tech टावर (Regd) कम्पनी द्वारा अपनी खाली जमीन, प्लॉट, छत, खेत पर सभी कम्पनी के 4G/5G डिजिटल टावर लगवायें एडवांस 60 लाख, किराया 40000/- + 2 नौकरी सैलरी 20,000/- # 081006-18456, 088149-98118

### सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नही होगी।

### ज्योतिष

कर भला तो हो भला
MY PROMISE
जैसा चाहोगे वैसा होगा
मेरे किया जो काटे उसे ईनाम
बाबा बंगाली
वशीकरण स्पेशलिस्ट
लवमैरिज, मनचाहा प्यार, गृह क्लेश, नौकरी, कारोबार, पति, पत्नी में अनबन, सौतन, दुश्मनी से छुटकारा, मूठकरनी
3 घंटे में घर बैठे समाधान।
सभी जगह से निराश एक बार अवश्य फोन करें।
9012184215

खुला चैलेंज
गुरु विशाल शर्मा
(गोल्डमेडलिस्ट)
शक्ति चमत्कार देखें
घर बैठे 11 मिनट में समाधान
स्पेशलिस्ट : वशीकरण, मुठकरनी
प्रेमविवाह, सौतन, दुश्मन से छुटकारा, पति, पत्नी में अनबन, प्यार में धोखा, विदेश यात्रा, शादी, तलाक, कारोबार में बाधा, गड़ा धन मुकदमा आदि का । A to Z समाधान । हर जगह से निराश एक बार फोन करें
9718972956
9891598324

### फायनेंस

☞ एक बार सेवा का मौका अवश्य दें (श्री राम फाइनेंस) लाखों ग्राहकों का सम्पूर्ण विश्वास 1975 से रजि. कम्पनी मार्कशीट, प्रॉपर्टी, पर्सनल, आधारकार्ड, राशनकार्ड, बिजनेस लोन (ब्याज 1% छूट 60%) विश्वास आपका काम हमारा समस्त लोन घर बैठे उपलब्ध संपर्क 63998-76649, 63998-06784

### ज्योतिष

भारत के नं. 1
पहले जानो फिर मानो
तांत्रिक शक्तियों के सम्राट
मियाँ खान बंगाली
घर बैठे तुरंत समाधान 11 मिनटों में
वशीकरण, मुठकरनी स्पेशलिस्ट
लवमैरिज, तलाक, गृहक्लेश मनचाही शादी, संतान प्राप्ती विदेश यात्रा, सास बहु में अनबन
जब कहीं ना हो काम तो हमसे लें समाधन
सौतन व दुश्मनं छुटकारा
कारोबार, गड़ा धन
मेरे किए को काटे उसे मुँह मांगा ईनाम
प्रेम विवाह, घरवालों को मनाना दुःख, बीमारी दवा ना लगना
8755856653


# 'किक 2' अगले साल ईद पर नहीं होगी रिलीज

**मुंबई।** अफवाहों पर विराम लगाते हुए फिल्मकार साजिद नाडियाडवाला ने स्पष्ट किया है कि सलमान खान की 2014 की ब्लॉकबस्टर फिल्म किक का बहुप्रतीक्षित सीक्वेल 'किक 2'' अगले साल ईद पर रिलीज नहीं होगी। दरअसल सलमान के एक ट्वीट जो उनके इस फिल्म के फेमस डॉयलॉग्स में एक है कि इतना मत सोचना मेरे बारे में, दिल में आता हूं.. और ईद पर भी। अटकलें लगने लगीं थीं कि 'किक 2' अगले साल ईद के दौरान सिनेमाघरों में प्रदर्शित होगी लेकिन अब नाडियावाला ने इस पर स्पष्टीकरण दिया है कि यह ईद पर नहीं आ रही है।



एक नजर ...

**कोलकाता।** बॉलीवुड अभिनेता मौनी रॉय ने कोलकाता में होने वाले दुर्गा पूजा उत्सव के लिए लाइफस्टाइल पूजा संग्रह के शुभारंभ के दौरान मॉडल के साथ पोज देतीं हुई नजर आईं।

# मैं किसी से खुद की बराबरी नहीं करती : राधिका



**मुंबई।** बॉलीवुड में कई सारे नए चेहरे हैं, लेकिन अभिनेत्री राधिका मदान उनमें से नहीं हैं जो किसी और के साथ प्रतिस्पर्धा करने में यकीन रखती हैं। टेलीविजन शो 'मेरी आशिकी तुम से ही' में काम करने और कुछ रिएलिटी शो में अपना हाथ आजमाने के बाद राधिका ने पिछले साल फिल्म 'पटाखा' के साथ बॉलीवुड में डेब्यू किया जिसमें उनके अभिनय को लोगों ने खूब सराहा। अपने सक्सेस मंत्रा और फ्रेश फैक्टर पर राधिका ने कहा कि मैं जैसी हूं हमेशा वैसा ही होने पर यकीन रखती हूं। मैं किसी और के जैसे होने या किसी के साथ प्रतिस्पर्धा करने में यकीन नहीं रखती हूं। उन्होंने आगे कहा कि मैं हमेशा खुद को तव्वजो देने और जो भी आप कर सकते हैं उस पर विश्वास करने में यकीन रखती हूं। मुझे लगता है कि यही मेरा फ्रेश फैक्टर है-मैं सच्ची हूं, मैं ईमानदार हूं और मैं किसी भी चीज या किसी इंसान के साथ प्रतिस्पर्धा नहीं करती हूं। राधिका और 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2' के अभिनेता आदित्य सील टाइम्स फ्रेश फेस के लेटेस्ट एडिशन के लॉन्च कार्यक्रम में शामिल हुए। अपने फ्रेश फैक्टर के बारे में आदित्य ने बताया कि मैं प्रोफेश्नल कोरियन मार्शल आर्ट में प्रशिक्षित हूं इसलिए मैं कहूंगा कि मेरे अल्ट्रा चॉकलेटी फेस के साथ पैक ऑफ पंच का असामान्य कॉम्बिनेशन मेरा फ्रेश फैक्टर है।

# 'ड्रीम गर्ल' का नया रोमांटिक सॉन्ग 'इक मुलाकात' रिलीज



**मुंबई।** नैशनल अवॉर्ड जीत चुके ऐक्टर आयुष्मान खुराना की अगली फिल्म 'ड्रीम गर्ल' जल्द ही रिलीज होने वाली है। इस फिल्म के ट्रेलर और गाने पहले ही रिलीज हो चुके हैं जिन्हें फैन्स काफी पसंद कर रहे हैं। अब फिल्म का एक और रोमांटिक सॉन्ग 'इक मुलाकात' रिलीज कर दिया गया है। गाने के वीडियो में आयुष्मान खुराना और नुसरत भरूचा काफी रोमांटिक मूड में दिखाई दे रहे हैं। फिल्म का डायरेक्शन राज शांडिल्य ने किया है और यह उनकी पहली फिल्म है। फिल्म को एकता कपूर और आशीष सिंह ने प्रड्यूस किया है और यह 13 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। फिल्म के डांस वाले गानों के बाद अब यह सुरीला गाना रिलीज किया गया है जो आपको जरूर पसंद आएगा। गाने को अल्तमश फरीदी और पलक मुच्छल ने अपनी अवाज दी है। गाने को लिखा है शब्बीर अहमद ने जबकि मीत ब्रदर्स ने इसका म्यूजिक दिया है। बता दें कि इससे पहले इस फिल्म के 'धगाला लागली', 'दिल दा टेलिफोन' और 'राधे-राधे' गाने रिलीज हो चुके हैं जिन्हें काफी पसंद किया गया है।

### सूचना

मैं जगबीर सिंह पुत्र श्री सिहाराम व श्रीमती राजेश पत्नी श्री जगबीर सिंह निवासी गांव जवां तहसील बल्लभगढ़ जिला फरीदाबाद सर्व साधारण को सूचित करते है कि मेरा पुत्र गौतम व पुत्रवधु श्रीमती अंजली पत्नी श्री गौतम हमारे कहे से बाहर है। मैंने व मेरे परिजनों ने उनसे संबंध विच्छेद कर लिए है तथा हमने इन दोनों को अपनी तमाम चल-अचल सम्पत्ति से भी बेदखल कर दिया है। भविष्य में इन दोनों के किसी भी लेन-देन या गतिविधि के लिए हम या हमारे कोई भी परिजन जिम्मेदार नहीं होगें। इसके लिए दोनों स्वयं जिम्मेदार होगें।

### PUBLIC NOTICE

My clients (i) Dr. Peter Deep Arya (ii) Rajvir Arya (minor) and Disha Arya (minor) through their father and natural guardian Dr. Peter Deep Arya r/o Flat No. 202, Gracious Tower, Plot No. GH-12, Sector-56, Gurugram do hereby notify for public at large that Late Smt. Manisha Arya w/o Dr. Peter Deep Arya expired on 29-10-2014 leaving behind us as her legal claimant in respect of flat bearing No. T1/0004 in Group Housing Scheme, Callidora, Sector-73, Gurugram build by Today Home & Infrastructure Pvt. Ltd. and no one else has any right, title or interest in the same. All persons having any claim against the said property are hereby required to make the same in writing to undersigned within 14 days from the date of publication of this notice, otherwise the flat will be transferred in the name of (i) Dr. Peter Deep Arya (ii) Rajvir Arya (minor) and Disha Arya (minor) through their father and natural guardian Dr. Peter Deep Arya.

-sd-
AMIT BHALLA, Advocate
Chamber No. 364, Lawyer's Chamber, District Court, Sector-12, Faridabad.

## खबर संक्षेप

### ई-टिकट की बुकिंग पर सर्विस चार्ज में 25 फीसदी कमी

**हरिभूमि ब्यूरो, नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे की विस्तारित वाणिज्यिक शाखा और इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन (आईआरसीटीसी) ने ई-टिकट बुक कराने के लिए सेवा कर में 25 फीसदी की कमी करने का निर्णय लिया है। आईआरसीटीसी के प्रवक्ता ने मंगलवार का यह जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय रेलवे की विस्तारित वाणिज्यिक शाखा ने एक सितंबर से ई-टिकट की ऑनलाइन बुकिंग के लिए ग्राहकों से लिए जाने वाले सेवा कर में 25 फीसदी की कमी करने का ऐलान किया है। आईआरसीटीसी की वेबसाइट www.irctc.co.in के जरिए अब नॉन-एसी क्लास की बुकिंग के लिए प्रति टिकट 20 रुपये के बजाए 15 रुपये का सेवा कर वसूला जाएगा।

### एक ही अपराध में दो प्राथमिकी दर्ज नहीं की जा सकती हैः अदालत

**ठाणे।** महाराष्ट्र में ठाणे की एक अदालत ने कहा कि एक ही अपराध में एक से अधिक प्राथमिकी दर्ज नहीं की जा सकती हैं। अदालत ने हत्या के प्रयास और दंगे के लगभग 25 वर्ष पुराने मामले में आरोपी 10 लोगों को बरी कर करते हुए यह टिप्पणी की। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ए एस पंधारीकर ने बृहस्पतिवार के अपने आदेश में कहा कि हर जांच का अंतिम उद्देश्य यह पता लगाना होता है कि क्या अपराध किया गया है और यदि यह हुआ है तो यह किसने किया है।

### भाग्य और ईश्वर की कृपा मुश्किल स्थितियों से निपटने में अहम होती हैं : नरसिम्हन



**हैदराबाद।** तेलंगाना के निवर्तमान राज्यपाल ई एस एल नरसिम्हन ने मंगलवार को कहा कि मुश्किल स्थितियों से निपटने में सामर्थ्य के बजाय भाग्य एवं ईश्वर की कृपा अहम भूमिका निभाती है। राजभवन में मीडिया के साथ राज्यपाल के रूप में अपना अनुभव साझा करते हुए उन्होंने सभी राजनीतिक दलों को उनके करीब एक दशक के कार्यकाल के दोरान सहयोग करने के लिए धन्यवाद दिया। तमिलनाडु भाजपा की अध्यक्ष तमिलसाई सुंदरराजन रविवार को तेलंगाना की नयी राज्यपाल नियुक्त की गयीं।

### बैंक अधिकारियों के संघों की विलय पर कल दिल्ली में बैठक

**हैदराबाद।** विभिन्न बैंकों की अधिकारी यूनियनें सरकारी बैंकों के विलय के फैसले का विरोध कर रही है और इसी के मद्देनजर उनकी पांच सितंबर को दिल्ली में बैठक बुलाई गई है। आल इंडिया आंध्रा बैंक आफिसर्स एसोसिएशन ने मंगलवार को यह जानकारी दी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पिछले सप्ताह ओरियंटल बैंक आफ कामर्स तथा यूनाइटेड बैंक का पंजाब नेशनल बैंक में, सिंडिकेट बैंक का केनरा बैंक और आंध्रा बैंक और कॉरपोरेशन का विलय यूनियन बैंक आफ इंडिया में किया जाएगा।

### चोर होने के संदेह में बस ड्राइवर की बुरी तरह पिटाई, अस्पताल में मौत

**पालघर।** महाराष्ट्र के पालघर में कुछ लोगों ने चोर होने के संदेह में 32 वर्षीय एक बस ड्राइवर की बुरी तरह पिटाई की और गुजरात के एक अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी। पालघर पुलिस के प्रवक्ता हेमंत काटकर ने बताया कि इस घटना के सिलसिले में छह लोगों पर मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि 21 अगस्त को बायोसर इलाके में ड्राइवर रंजीत पांडे एक बस के समीप खड़ा था। कुछ लोगों को संदेह हुआ कि वह गाड़ी की बैट्री चुराने और उसकी टायर से हवा निकालने की फिराक में है। उन्होंने उसे पकड़ लिया और बुरी तरह पीटा।

---

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा

# रूसी राष्ट्रपति के साथ हमारा एक खास तालमेल है

**अन्य देशों को निर्यात करने के लिए हथियारों का रूस के साथ संयुक्त उत्पादन करना चाहते हैं**

एजेंसी ▶▶ व्लादिवोस्तोक

व्लादिमीर पुतिन के साथ अपनी शिखर वार्ता की पूर्व संध्या पर मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि रूसी राष्ट्रपति के साथ उनका एक खास तालमेल है। साथ ही, वह प्रौद्योगिकी हस्तांतरण चाहते हैं ताकि दोनों देश अन्य देशों को सस्ती दरों पर निर्यात करने के लिए सैन्य उपकरण बना सकें। रूस के सुदूर पूर्व शहर व्लादिवोस्तोक का दौरा करने वाले मोदी भारत के पहले प्रधानमंत्री हैं। वह रूसी बंदरगाह शहर के लिए अपनी रवानागी से पहले बुधवार को राष्ट्रपति पुतिन के साथ व्यापक वार्ता करने वाले हैं। मोदी ने रूस की सरकारी समाचार एजेंसी 'तास' को दिये एक इंटरव्यू में कहा कि मैं आश्वस्त हूं कि यह यात्रा नये रास्ते पर ले जाएगी, नयी ऊर्जा देगी और हमारे देशों के बीच संबंधों को नयी गति प्रदान करेगी। तास की एक खबर में कहा गया है कि पूर्वी आर्थिक मंच (ईईएफ) से इतर होने वाले 20 वें रूस-भारत शिखर बैठक के दायरे में दोनों देश करीब 15 दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने वाले हैं, जिनमें कुछ सैन्य-प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में भी होंगे। प्रधानमंत्री 2019 ईईएफ में बतौर मुख्य अतिथि हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा, "हम इसके(इस मंच) लिए छह महीनों से तैयारी कर रहे हैं।" मोदी ने कहा कि रूस-भारत साझेदारी सैन्य एवं प्रौद्योगिकी सहयोग के दायरे से आगे तक हैं। उन्होंने कहा कि हम करीबी मित्र हैं। और करीबी मित्र होने के नाते हमें यह सोचना चाहिए कि हम भविष्य में साथ मिल कर क्या कर सकते हैं। मोदी ने कहा कि हम सैन्य प्रौद्योगिकियों के महज ग्राहक और विक्रेता के संबंधों तक सीमित नहीं रहना चाहते हैं। हम प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के प्रारूप के बारे में आश्वस्त हैं। मैंने इस बारे में कई बार कहा है और हमने इस दिशा में आगे बढ़ना शुरू कर दिया है।" उन्होंने कहा, "आज, प्रौद्योगिकी मुहैया होने से सैन्य उपकरणों का उत्पादन भारत में सस्ते में हो सकता है।



#### हम दोनों देशों के बीच शानदार संबंध है

मोदी ने कहा कि मैं पूर्वी आर्थिक मंच की बैठक में हिस्सा लेने वाले वैश्विक नेताओं के साथ बैठक तथा इसमें हिस्सा लेने वाले भारतीय उद्योगों एवं कारोबारी प्रतिनिधियों से चर्चा के लिए भी उत्सुक हूं। उन्होंने कहा कि यह मंच रूस के सुदूर पूर्वी क्षेत्र में कारोबार एवं निवेश अवसरों के विकास पर जोर देने तथा इस क्षेत्र में भारत और रूस के बीच साझा लाभ के लिये सहयोग बढ़ाने का व्यापक अवसर प्रदान करता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हम दोनों देशों के बीच शानदार संबंध हैं जो हमारे विशेष एवं विशिष्ट सामरिक संबंधों से जुड़े मजबूत आधार पर हैं ।

#### भारत, रूस अपने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूती एवं विविधता प्रदान करना चाहते हैं

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि वह पूर्वी आर्थिक मंच की बैठक में हिस्सा लेने के लिये अपनी व्लादिवोस्तोक यात्रा के दौरान रूसी राष्ट्रपति ब्लादीमिर पुतिन के साथ आपसी हितों से जुड़े क्षेत्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा को लेकर आशान्वित हैं । प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी यह यात्रा दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों को विविधता प्रदान करने और रिश्तों को और मजबूत बनाने की इच्छा को प्रदर्शित करती है । मोदी की रूस के इस सुदूर पूर्वी क्षेत्र की यात्रा किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यात्रा है ।प्रधानमंत्री ने बुधवार से शुरू होने वाली अपनी दो दिवसीय यात्रा पर रवाना होने से पहले अपने बयान में कहा कि मैं अपने मित्र राष्ट्रपति पुतिन के साथ हमारे द्विपक्षीय संबंधों तथा आपसी हितों से संबंधित क्षेत्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मुद्दों के सभी आयामों पर चर्चा को लेकर आशान्वित हूं। व्लादिवोस्तोक में मोदी 5वीं पूर्वी आर्थिक मंच की बैठक में राष्ट्रपति पुतिन के निमंत्रण पर मुख्य अतिथि के रूप में हिस्सा लेंगे । प्रधानमंत्री मोदी व्लादिवोस्तोक में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ 20 वीं वार्षिक द्विपक्षीय शिखर बैठक करेंगे। मोदी और पुतिन देश के एक प्रमुख पोत निर्माण यार्ड का भी संयुक्त दौरा करेंगे।

---

### वायनाड से जुड़े मुद्दों पर सहयोग मांगा

# राहुल ने मुंडा और विजयन को लिखा पत्र

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा और केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन को पत्र लिखा है जिसमें उन्होंने केरल खासकर अपने संसदीय क्षेत्र वायनाड में बाढ़ प्रभावित आदिवासियों तथा कुछ अन्य मुद्दों पर सहयोग का आग्रह किया है। मुंडा को लिखे पत्र में गांधी ने कहा कि उनके संसदीय क्षेत्र के दौरे के दौरान कई आदिवासी परिवारों ने मुआवजे की राशि और समग्र पुनर्वास पैकेज की जल्द भुगतान की मांग उठाई । उन्होंने कहा कि जनजातीय कार्य मंत्रालय केंद्र सरकार के मंत्रालयों और राज्य सरकार के बीच सहज समन्वय सुनिश्चित करे ताकि बाढ़ प्रभावित आदिवासियों को राहत मिल सके। गांधी ने कहा कि आने वाले दिनों में गृह मंत्रालय की निगरानी में केंद्र की एक अंतर-मंत्रालयी टीम केरल सहित बाढ़ प्रभावित राज्यों का दौरा करने वाली है और ऐसे में उसे कई बिंदुओं पर ध्यान देने की जरूरत है। मसलन, आदिवासियों के लिए ऐसे मकान बनाए जाएं जो प्राकृतिक आपदाओं को झेल सकें और स्वच्छ पेयजल को प्राथमिकता दी जाए। केरल के मुख्यमंत्री विजयन को लिखे पत्र में गांधी ने कहा कि मालाप्पुरम जिले में कैप्पिनिकादवू सेतु का जल्द पुनर्निमाण किया जाए ताकि स्थानीय लोगों को राहत मिल सके।

### बाढ़ से हुये नुकसान का आकलन करने के लिए केंद्र की टीम असम पहुंची

बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने और उनका आकलन करने के लिए केंद्र सरकार की एक अंतर-मंत्रालयी टीम मंगलवार को असम पहुंची। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि केंद्र सरकार की टीम असम सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक करेगी, जिसमें विभिन्न विभागों के अंतर्गत जान-माल की क्षति को लेकर चर्चा की जाएगी। उसके बाद, टीम बुधवार को संबंधित जिलों में क्षेत्र के दौरे पर रवाना हो जाएगी। बयान में कहा गया, "टीम 2019 में राज्य में आयी भीषण बाढ़ के मद्देनजर स्थिति के तत्काल आकलन के लिए नलबाड़ी, बारपेटा, बोंगईगांव, मोरीगांव, गोलाघाट, जोरहाट, लखीमपुर, धेमाजी और डिब्रूगढ़ जिलों का दौरा करेगी।

---

### इस्तेमाल के बाद भी बेकार नहीं जाएंगे मिट्टी के बर्तन!

**हरिभूमि ब्यूरो, नई दिल्ली।** देश में प्लास्टिक के गिलास और प्लेटों तथा अन्य सामान पर रोक लगाने की दिशा में केंद्र सरकार द्वारा चलाई गई मुहिम के तहत खादी व ग्रामोद्योग आयोग ने ऐसी मशीन शुरू की है जिसमें मिट्टी के बर्तनों को इस्तेमाल के बाद उनका पाउडर बनाकर फिर से नए बर्तन बनाए जा सकेंगे। इससे मिट्टी का बर्तन बनाने वालों के कारोबार का प्रोत्साहन मिलेगा। केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के अनुसार खादी व ग्रामोद्योग आयोग ने 'टेराकोटा ग्राइंडर' जैसी मशीन का एक ऐसा डिजाइन तैयार किया है, जिसका निर्माण राजकोट की एक इंजीनियरिंग इकाई द्वारा किया गया है। इस मशीन में बेकार और टूटे बर्तनों का पाउडर बनेगा और इस पाउडर से नए बर्तनों का निर्माण किया जा सकेगा। आयोग के चेयरमैन सुनील कुमार सक्सेना ने यूपी के वाराणसी के सेवापुरी में पहला टेराकोटा ग्राइंडर की शुरूआत की है, ताकि कुम्हारों को बेकार मिट्टी के बर्तनों के पाउडर से नए बर्तन बनाने में मदद मिल सकेगी। केवीआईसी के चेयरमैन सुनील कुमार सक्सेना ने कहा कि पहले बेकार पड़े मिट्टी के बर्तनों को खल-मूसल के द्वारा पाउडर बनाया जाता था और इसके बारिक पाउडर को साधारण मिट्टी में मिलाया जाता था।

## असम में अपने साथी की हत्या के विरोध में हड़ताल पर रहे डॉक्टर

**गुवाहाटी।** असम में एक वृद्ध डॉक्टर के साथ बुरी तरह मारपीट और फिर उनकी मौत होने से गुस्साए चिकित्सक मंगलवार को 24 घंटे की हड़ताल पर रहे। हालांकि, आपात सेवाओं को हड़ताल के दायरे से बाहर रखा गया है।जिले के टियोग टी एस्टेट में शनिवार को अस्पताल में इलाज के दौरान एक बागान मजदूर की मौत हो गयी थी। इससे गुस्साए उसके रिश्तेदारों ने 73 वर्षीय डॉ. देबन दत्ता के साथ मारपीट की थी। बाद में दत्ता की जान चली गयी थी। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) की असम इकाई के आह्वान पर सरकारी एवं निजी अस्पतालों तथा अन्य चिकित्सा केंद्रों के डॉक्टर सुबह छह बजे से काम से दूर रहे। उन्होंने बस आपात सेवाओं का कामकाज संभाला।



#### आईएमए ने दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग की

आईएमए ने सरकार से दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की है और चाय बगान समेत सभी जगह के स्वास्थ्य प्रतिष्ठानों में सर्विलांस कैमरा लगाने सहित अन्य सुरक्षा उपाय बढ़ाने की मांग की है। तियोक चाय बागान से कुल 26 लोगों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस महानिरीक्षक (कानून व्यवस्था) दीपक केडिया ने स्थिति का जायजा लेने के लिए चाय बगान का दौरा किया।

### अरुण जेटली की श्रद्धांजलि सभा

## वेंकैया नायडू और अमित शाह ने श्रद्धासुमन अर्पित किए

नई दिल्ली। पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण जेटली की श्रद्धांजलि सभा में मंगलवार को उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, प्रधान न्यायाधीश रंजन गोगोई , भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष जे पी नड्डा समेत अनेक नेताओं एवं प्रबुद्ध लोग शामिल हुए । उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने कहा कि निः स्वार्थ और समर्पित जनसेवा से, अरुण जी भारत के इतिहास में अपनी अमित छाप छोड़ गए जो लोगों को देश सेवा के लिये प्रेरित करेगी। दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया था ।इसमें विभिन्न दलों के नेता मौजूद थे जिसमें केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, रविशंकर प्रसाद, धर्मेन्द्र प्रधान के अलावा जदयू नेता के सी त्यागी, अकाली दल के सुखवीर सिंह बादल, बीजद के पिनाकी मिश्रा आदि शामिल हैं।



#### अरूण जेटली सत्यनिष्ठ राजनेता थेः नायडू

उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू ने अपने ट्वीट में कहा कि अरुण जी का असामयिक निधन व्यक्तिगत जीवन में भी एक रिक्ति छोड़ गया है जहां उनकी स्मृतियां ही बसती हैं। उन्होंने कहा कि अरूण जेटली उत्कृष्ट सांसद, विद्वान विधिवेत्ता, प्रबुद्ध बुद्धिजीवी, कुशल प्रशासक तथा सत्यनिष्ठ राजनेता ।

---

### शहीद का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार...



जयपुर । जम्मू कश्मीर के पुंछ राजौरी क्षेत्र में सरहद की रक्षा करते हुए शहीद हुए भारतीय सेना के ग्रेनेडियर हेमराज जाट को मंगलवार को उनके पैतृक गांव भदूण, जिला अजमेर में हजारों लोगों ने नम आंखों से अंतिम विदाई दी । राजस्थान के चिकित्सा एवं जनसम्पर्क मंत्री डॉ. रघु शर्मा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों और आम लोगों ने शहीद को श्रद्धासुमन अर्पित किए। डॉ. शर्मा ने राज्य सरकार की ओर से शहीद को पुष्प चक्र अर्पित किया। शहीद हेमराज जाट का पार्थिव शरीर पूरे सैन्य सम्मान के साथ उनके पैतृक गांव रूपनगढ़ के भदूण लाया गया। रूपनगढ़ से भदूण तक जांबाज सैनिक की अंतिम यात्रा में हजारों लोग उमड़ पड़े।

### क्रिकेटर शमी की पत्नी बोलीं

## कोर्ट और ममता बनर्जी पर है भरोसा, मिलेगा न्याय

**कोलकाता।** घरेलू हिंसा के मामले में क्रिकेटर मुहम्मद शामी के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी होने के बाद उनकी पत्नी हसीन जहां ने कहा है कि उन्हें न्याय मिलना शुरू हो गया है। न्यायपालिका और पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री पर भरोसा जताते हुए उन्होंने कहा कि मुझे दोनों पर पूरा आशा है कि न्याय मिलेगा। गेंदबाज मोहम्मद शमी को घरेलू हिंसा के मामले में गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है। हसीन जहां ने कहा कि मुझे न्याय मिलना शुरू हो गया है। मुझे कोर्ट और पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर पूरा भरोसा है। मुझे न्याय मिलेगा। अलीपुर अदालत ने मोहम्मद शमी और उनके भाई हसीद अहमद के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। अदालत ने उन्हें 15 दिनों के भीतर आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया है, नहीं तो उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। क्रिकेटर शमी की पत्नी हसीन जहां ने उनके खिलाफ मारपीट, रेप, हत्या की कोशिश और घरेलू हिंसा जैसे आरोप लगाते हुए केस दर्ज करवाया है। दोनों के तलाक का मुकदमा भी कोर्ट में चल रहा है।



#### 'पाकिस्तानी लड़की से पैसा लेते हैं शमी'

हसीन जहां ने अपने पति शमी पर मैच फिक्स करने तक के आरोप लगाए थे। उन्होंने कहा था कि शमी का संबंध एक पाकिस्तानी लड़की से भी है। वह लड़की शमी को पैसा देती है। जांच के बाद बीसीसीआई ने शमी को बेगुनाह पाया था। शमी और उनके भाई के खिलाफ आईपीसी की धारा 498 ए के तहत घरेलू हिंसा के लिए मामला दर्ज किया गया है। शमी मौजूदा समय में भारतीय टीम के प्रमुख गेंदबाजों में से एक हैं। शमी ने हाल ही में टेस्ट क्रिकेट में 150 विकेट लेने का कारनामा किया है। इसके अलावा शमी 70 वनडे इंटरनेशनल मुकाबले में भारतीय टीम के लिए 131 विकेट अपने नाम चुके हैं।

### अमित शाह आज गुजरात के निजी दौरे पर

**अहमदाबाद।** केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह बुधवार को गुजरात के एक दिवसीय निजी दौरे पर रहेंगे। पार्टी सूत्रों ने यह जानकारी दी। शाह एक सप्ताह में दूसरी बार अपने गृह राज्य की यात्रा करेंगे। यहां वह अपने परिवार के सदस्यों के साथ समय बिताएंगे। भाजपा के एक नेता ने कहा कि गृह मंत्री मंगलवार रात अहमदाबाद हवाईअड्डे पर उतरेंगे और उम्मीद है कि बुधवार को यहां अपने आवास पर रुकेंगे। सूत्रों ने कहा कि हालांकि शाह निजी यात्रा पर हैं लेकिन उम्मीद है कि गांधीनगर से सांसद विभिन्न मुद्दों पर चर्चा के लिए अपने आवास पर पार्टी नेताओं और सरकारी अधिकारियों से मिलेंगे।


---

### अध्ययन करने वाली स्निग्धा सेन ने बताया

# आंध्र प्रदेश और प.बंगाल में पिछले 10 साल में 429 मानव तस्करों में से केवल तीन दोषी साबित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आंध्र प्रदेश और पश्चिम बंगाल में बीते 10 साल में 429 मानव तस्करों में से केवल तीन दोषी साबित हुए हैं। विभिन्न एनजीओ द्वारा 198 ऐसे मामलों के आरोप पत्र, प्राथमिकियों और पुलिस रोज़नामचा का किये गए अध्ययन में यह पाया गया है। यह अध्ययन आंध्र प्रदेश में एचईएलपी और पश्चिम बंगाल में गोरानबोस ग्राम बिकास केंद्र और पार्टनर्स फॉर एंटी-ट्रैफिकिंग (पीएटी) ने किया है जो समुदाय आधारित आठ संगठनों का संघ है। इसने पाया कि 68 मानव तस्करों को जमानत दी गई है और पांच आरोपियों से संबंधित जांच एक दशक से ज्यादा वक्त से चल रही है। अध्ययन में यह भी पता चला है कि 429 मानव तस्करों में से 31 मानव तस्करी के कई मामलों में आरोपी हैं और उनके पीड़ित बच्चियां और किशोरियां हैं। इन 31 आरोपियों ने इस अध्ययन में कुल विश्लेषण किए गए जुर्म में से 91 (या 19 फीसदी) अपराध अंजाम किए हैं। इस अध्ययन से पता चला है कि 429 नामजद आरोपियों में से सिर्फ तीन को दोषी ठहराया गया है जिन्हें पांच से सात साल तक की सजा दी गई है। वहीं 10 आरोपियों को ऐसे मामलों में सबूतों के अभावों में बरी कर दिया गया है जो कई सालों तक चलते रहे। अन्य मामलों में जांच चल रही है।




#### दोष सिद्धि का आंकड़ा कम है और बरी किए जाने का आंकड़ा ज्यादा

अदालतों और थानों से दस्तावेज हासिल कर अध्ययन करने वाली स्निग्धा सेन ने बताया कि अध्ययन में पाया गया है कि दोष सिद्धि का आंकड़ा कम है और बरी किए जाने का आंकड़ा ज्यादा है। इससे मानव तस्करी के मामलों में कानून लागू करने वाली एजेंसियों की जांच करने की दक्षता पर संदेह पैदा होता है। सेन ने कहा कि इन मामलों में पश्चिम बंगाल और आंध्र प्रदेश के मानव तस्करी के 173 से ज्यादा पीड़ित हैं।

#### केंद्रीय एवं राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के बीच जंग से न्यायालय नाराज

उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल के एक अनाथालय से बच्चों की कथित तस्करी से संबंधित मामले में राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग और राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के बीच छिड़ी जंग पर मंगलवार को नाराजगी व्यक्त की। शीर्ष अदालत ने कहा कि वह अनाथालय या आश्रय गृह में रहने वाले बच्चों को लेकर चंतित है। न्यायमूर्ति दीपक गुप्ता और न्यायमूर्ति अनिरूद्ध बोस की पीठ ने कहा कि यह सब क्या हो रहा है ? यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है कि दो विधायी निकाय इस तरह से लड़ रहे हैं। यह दुखद है कि आप दोनों इन बच्चों के कल्याण के लिये किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंच सकते। पीठ ने कहा, कि हमें केन्द्र और पश्चिम बंगाल आयोग की चिंता नहीं है। हम उन गरीब बच्चों के लिये चिंतित हैं जो आश्रय गृह में हैं। शीर्ष अदालत कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अपील पर सुनवाई कर रही थी। उच्च न्यायालय ने पश्चिम बंगाल में अनाथ बच्चों के अधिकारों के कथित हनन से संबंधित एक मामले में कार्यवाही पर रोक लगा दी थी।

### ए-वेब के अध्यक्ष का कार्यभार संभाला

## अब दुनिया को चुनावी गुर सिखाएंगे सुनील अरोड़ा

**नई दिल्ली।** भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) सुनील अरोड़ा ने मंगलवार को एसोसिएशन ऑफ वर्ल्ड इलेक्शन बॉडीज (ए-वेब) के अध्यक्ष का पद संभाल लिया। चुनाव आयोग ने एक बयान में यह जानकारी दी। अरोड़ा ने रोमानिया के लोन मिंकू राडूलेस्कू की जगह ली। अरोड़ा इस पद पर दो साल (2019-2021) तक रहेंगे। अरोड़ा को यह पद बेंगलुरु में चल रही एसोसिएशन की चौथी महासभा बैठक में दिया गया। यह बैठक वर्तमान में उनकी अध्यक्षता में चल रही है। इस दौरान चुनाव आयुक्त अशोक लवासा और सुशील चंद्रन भी मौजूद थे। इस महासभा में 50 देशों के 120 प्रतिनिधि शामिल हुए। मुख्य चुनाव आयुक्त सुनील अरोड़ा ने ए-डब्ल्यूईबी के एग्जीक्युटिव बोर्ड के एक सत्र में कहा कि भारत साल 2011-12 में ए-डब्ल्यूईबी के गठन की प्रक्रिया से काफी करीब से जुड़ा रहा। साथ ही 2013 में ए-डब्ल्यूईबी के संस्थापक सदस्यों में से एक था। उन्होंने कहा कि भारत 2013 से ही एग्जीक्युटिव बोर्ड मेंबर है और 2017 से ए-डब्ल्यूईबी के उपाध्यक्ष की कुर्सी पर उसी का कब्जा था।



■ अरोड़ा ने रोमानिया के लोन मिंकू राडूलेस्कू की जगह ली

## खबर संक्षेप



### टोयोटा ने पेश किया 'यारिस' का नया संस्करण

**बेंगलुरु।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने यारिस का नया उन्नत संस्करण 'द हैपनिंग न्यू यारिस' पेश किया। कंपनी ने एक बयान में बताया कि यह मैनुअल ट्रांसमिशन-एमटी (हाथ से गियर बदलने) और कंटीन्यूअसली वैरिएबल ट्रांसमिशन-सीवीटी (स्वचालित गियर) के विकल्प मौजूद हैं। यह छह रंगों में आती है। कंपनी ने बताया कि यारिस-जे ऑप्शनल की कीमत एमटी विकल्प में 8,65,000 रुपये से और सीवीटी विकल्प में 9,35,000 रुपये से शुरू होगी।

### रिलायंस पावर ने जेईआरए से मिलाया हाथ

**नई दिल्ली।** रिलायंस पावर ने कहा कि उसने बांग्लादेश के मेघनाघाट में 750 मेगावाट की गैस आधारित बिजली परियोजना (पहला चरण) की स्थापना के लिए जापान की दिग्गज कंपनी जेईआरए के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए। रिलायंस पावर ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा , संयुक्त उद्यम में रिलायंस पावर की 51 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी जबकि शेष 49 प्रतिशत हिस्सेदारी जेईआरए के पास होगी। कंपनी ने कहा कि इस सौदे से रिलायंस पावर के कर्ज में 835 करोड़ रुपये की कमी आएगी।

### कच्चा तेल वायदा में 14 रुपए की मजबूत

**नई दिल्ली।** मजबूत वैश्विक रुख के साथ सटोरियों के सौदे बढ़ाने से मंगलवार को वायदा कारोबार में कच्चा तेल 0.35 बढ़कर 3,971 रुपए प्रति बैरल पर पहुंच गया।



विश्लेषकों ने कहा कि प्रतिभागियों के सौदे बढ़ाने से वायदा कारोबार में कच्चे तेल की कीमतों में तेजी रही। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में सितंबर महीने में डिलीवरी वाला कच्चा तेल 14 रुपये यानी 0.35 प्रतिशत बढ़कर 3,971 रुपये प्रति बैरल पर पहुंच गया। इसमें 22,944 लॉट का कारोबार हुआ। वैश्विक स्तर, न्यूयॉर्क में वेस्ट टेक्सॉस इंटरमीडिएट कच्चा तेल 0.33 प्रतिशत गिरकर 54.92 डॉलर प्रति बैरल जबकि ब्रेंट कच्चा तेल 0.02 प्रतिशत बढ़कर 58.67 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।

### लीलैंड की अगस्त में बिक्री 47 प्रतिशत गिरी


**नई दिल्ली।** हिंदुजा समूह की प्रमुख कंपनी अशोक लीलैंड की कुल बिक्री अगस्त में 47 प्रतिशत घटकर 9,231 वाणिज्यिक वाहन रही। पिछले साल इसी माह में कंपनी ने 17,386 वाहन की बिक्री की थी। कंपनी ने एक बयान में बताया कि मध्यम एवं भारी



वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री इस माह में 5,349 इकाई रही। यह पिछले साल अगस्त में कंपनी के ऐसे 13,158 वाहनों की बिक्री से 59 प्रतिशत कम है। हल्के वाणिज्यिक वाहन श्रेणी में कंपनी ने इस अवधि में 3,882 वाहन बेचे जो पिछले साल इसी अवधि में बेचे गए 4,228 वाहनों के मुकाबले आठ प्रतिशत कम है।

### बजाज ऑटो की 11 प्रतिशत बिक्री गिरी

**नई दिल्ली।** बजाज ऑटो की कुल बिक्री में अगस्त महीने में गिरावट देखी गई। उसकी बिक्री 11 प्रतिशत गिरकर 3,90,026 वाहन रह गई। एक साल पहले इसी अवधि में



उसने 4,37,092 वाहनों की बिक्री की थी। बजाज ऑटो ने शेयर बाजार को बताया कि कंपनी की घरेलू बाजार में बिक्री अगस्त महीने में 19 प्रतिशत गिरकर 2,08,109 इकाइयों पर रही। अगस्त 2018 में उसने 2,55,631 वाहन बेचे थे।

# एफडी हो जाएगी ज्यादा सिक्योर, सरकार डीमैट फॉर्म में जारी करने की तैयारी में

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

फाइनेंस मिनिस्ट्री जल्द ही एफडी व कई दूसरे फाइनेंशियल इंस्ट्रूमेंट को डीमैट फॉर्म में जारी कर सकती है। उसे मिनिस्टर के एक पैनल ने ऐसा करने का सुझाव दिया है। पैनल का तर्क है कि डीमैट फॉर्म से ग्राहकों को सहूलियत होगी और यह काफी सुरक्षित भी है। इस पैनल के मुखिया इकोनॉमिक अफेयर्स सेक्रेटरी हैं। उन्होंने डिपार्टमेंट ऑफ फाइनेंशियल सर्विसेज (डीएफएस) और आरबीआई इस पर मंथन करने को कहा है। यह सुझाव फाइनेंस मिनिस्ट्री को सौंपा जा चुका है।

■ डीएफएस और आरबीआई में इस विषय पर मंथन चल रहा

## डीमैट फार्म में राशि काफी सुरक्षित रूप में रहेगी

### एफडी हो जाएगी महंगी

सीए अरविंद दुबे का कहना है कि सरकार को सभी एफडी को डीमैट फॉर्म में नहीं बदलना चाहिए। इसके लिए कैपिंग करनी चाहिए मसलन 10 लाख रुपए से ऊपर की एफडी को डीमैट में कन्वर्ट करना सही होगा। छोटी एफडी को डीमैट में बदलने से वह महंगी हो जाएगी। ऐसा इसलिए क्योंकि केवाईसी कराने और डीमैट खाता चालू रखने का सालाना खर्च भी लगता है।



### विधाई बदलाव किए जाने चाहिए

समिति ने सुझाव दिया है कि एफडी और अन्य वित्तीय उत्पादों को डीमैट रूप में जारी करने के लिए उचित नियामकीय और विधाई बदलाव किए जाने चाहिए। रिपोर्ट में कहा गया है कि सरकार को डाकघरों और अन्य इकाइयों के पास रखी सभी वित्तीय संपत्तियों को डीमैट रूप में बदलने के लिए अभियान चलाना चाहिए। जहां तक संभव हो इन्हें डीमैट रूप में बदला जाना चाहिए, नहीं तो इन्हें इलेक्ट्रॉनिक रूप में रखा जाना चाहिए। समिति के अन्य सदस्यों में वित्तीय सेवा सचिव, एमएसएमई सचिव, यूआईडीएआई के सीईओ और रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर शामिल हैं।

### कानून में होगा बदलाव

पैनल ने सुझाव दिया कि एफडी और दूसरे फाइनेंशियल प्रोडक्ट को डीमैट फॉर्म में जारी करने के लिए कानून में जो बदलाव जरूरी हैं, वे किए जाने चाहिए। साथ ही सरकार को पोस्ट ऑफिस में जमा सभी फाइनेंशियल प्रोडक्ट को डीमैट फॉर्म में बदलने के लिए अभियान चलाना चाहिए। जहां तक संभव हो इन्हें डीमैट रूप में बदला जाना चाहिए। नहीं तो इन्हें इलेक्ट्रॉनिक रूप में रखा जाना चाहिए।

### क्या होगा फायदा

डीमैट फॉर्म सबसे सिक्योर खाता होता है। इसके लिए 'नो योर कस्टमर' यानि केवाईसी करानी होती है। केवाईसी से आपका फाइनेंशियल प्रोडक्ट और सिक्योर हो जाता है। इससे कई तरह के फ्रॉड पर भी रोक लगाई जा सकेगी।

## शेयर बाजार में गिरावट के पीछे रहे कई घरेलू कारण

# शेयर बाजार में फिर बड़ी गिरावट, सेंसेक्स 770 और निफ्टी भी 225 अंक लुढ़का

एजेंसी ▶▶| मुंबई

जीडीपी विकास दर अनुमान से भी कम होने, उत्पादन 15 महीने के निचले स्तर पर पहुंचने और कोर सेक्टर की धीमी वृद्धि का असर देश के शेयर बाजार पर भी देखने को मिला। बीएसई के 30 कंपनियों के शेयरों पर आधारित संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 769.88 अंकों (2.06%) की गिरावट के साथ 36,562.91 पर बंद हुआ। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (निफ्टी) के 50 कंपनियों के शेयरों पर आधारित संवेदी सूचकांक 225.35 अंक (2.04%) लुढ़ककर 10,797.90 पर बंद हुआ।

दिनभर के कारोबार में सेंसेक्स ने 37,188.38 का ऊपरी स्तर तथा 36,466.01 का निचला स्तर छुआ, जबकि निफ्टी ने 10,967.50 का उच्च स्तर तथा 10,772.70 का निम्न स्तर छुआ। बीएसई पर 28 कंपनियों के शेयर लाल निशान पर, जबकि दो कंपनियों के शेयर हरे निशान पर बंद हुए। एनएसई पर 48 कंपनियों के शेयरों में बिकवाली तथा दो कंपनियों के शेयरों में लिवाली दर्ज की गई।

■ बाजार के लिए कोई भी आंकड़े उत्साहजन क नहीं रहे

### खास बातें

- औद्योगिक उत्पादन 15 महिने के सबसे निचले स्तर पर पहुंचा
- आठ कोर सेक्टर में काफी धीमी वृद्धि का असर भी बाजार पर
- पिछले सात माह से ऑटो सेक्टर में काफी मंदी आ चुकी है




### क्लोजिंग बैल के पहले सेंसेक्स 800 अंक लुढ़का

दोपहर 3:15 बजे के आसपास सेंसेक्स 800 अंकों से ज्यादा लुढ़क गया और 36,500 के आसपास आ गया। 151 अंकों की गिरावट के साथ खुला बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स दोपहर करीब 3 बजकर 20 मिनट पर 812 अंकों का गोता लगाकर 37,000 के स्तर से काफी नीचे (36,520) आ गया। शेयर बाजार में इस गिरावट के पीछे कई घरेलू कारण हैं।

### 15 महीने में सबसे कम रहा उत्पादन

निर्माण गतिविधि अगस्त में बिक्री घटने से 15 महीने के निचले स्तर पर पहुंचने से शेयर बाजार में निराशा का माहौल है। विनिर्माण घटने से पता चलता है कि खपत या निवेश में अभी तक रिकवरी नहीं हुई है। इससे पहले जून तिमाही की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) ग्रोथ 6 साल के निचले स्तर पर पहुंच गई थी। आईएचएस मार्किट इंडिया मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई अगस्त में गिरकर 51.4 पर आ गई।

### वाहन कंपनियों की बिक्री के आंकड़ों से निराशा

अगस्त के वाहन बिक्री के आंकड़ों से भी बाजार में निराशा है। अगस्त में मारूति सुजुकी की बिक्री में 33 फीसदी से ज्यादा की गिरावट दर्ज की गई। टाटा मोटर्स की पैसेंजर गाड़ियों की बिक्री में भी 58 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इसके अलावा, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज ऑटो की अगस्त बिक्री भी काफी कम रही।

### वित्तीय और वाहन कंपनियों के शेयर कमजोर

कमजोर घरेलू और वैश्विक रुख के बीच वित्तीय और वाहन कंपनियों के शेयरों में भारी बिकवाली से बाजार में गिरावट आई है। कारोबारियों के मुताबिक, कमजोर वृह्द आर्थिक आंकड़ों और अगस्त में वाहन कंपनियों की बिक्री घटने से शेयर बाजार में गिरावट का रुख देखने को मिल रहा है।

# सोना 538 और चांदी 1080 रुपए उछली

## सोना बढ़कर 38,987 रु. प्रति दस ग्राम



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बहुमूल्य धातुओं में वैश्विक स्तर पर तेजी के बीच दिल्ली सर्राफा बाजार में सोना 538 रुपए उछल कर 38,987 रुपए प्रति दस ग्राम पर बंद हुआ। आंकड़ों के अनुसार चांदी की कीमतों में भी तेजी का रुख रहा यह 1,080 रुपए चमक कर 47,960 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। बाजार सूत्रों के अनुसार स्थानीय आभूषण कारोबारियों की ओर से कमजोर मांग थी अन्यथा वैश्विक बाजारों ने सोने के बाजार में उछाल और अधिक हो सकता था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस), तपन पटेल ने कहा, 'अमेरिका और चीन के बीच व्यापार में नये आयात शुल्क एक सितंबर से प्रभावी होने से दोनों के बीच व्यापार वार्ता को लेकर अनिश्चितताएं बढ़ गयी हैं। इससे वैश्विक बाजार में मंगलवार को सोने के भाव में तेजी दिखी।'

न्यूयॉर्क में सोने का भाव 1,530 डॉलर प्रति औंस हो गया जबकि चांदी का भाव 18.50 डॉलर प्रति औंस था। उन्होंने कहा, 'अंतरराष्ट्रीय हाजिर बाजार में सोने में सुबह का नुकसान दिन में बराबर हो गया और बाजार बंद होने के समय भाव चढ़ कर 1,530 डॉलर प्रति औंस हो गया।'

■ चांदी में आभूषण कारोबारियों की मांग

### डॉलर के मुकाबले रुपया कमजोर

बैंकों और आयातकों की मजबूत डॉलर मांग के बीच घरेलू शेयर बाजार की कमजोर शुरुआत को देखते हुए आरंभिक कारोबार के दौरान अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया 67 पैसे लुढ़ककर 72.09 रुपये प्रति डॉलर पर चल रहा था।

# हुवावेई ने प्रौद्योगिकी चुराने के आरोपों को किया खारिज

**पेरिस ।** चीन की दिग्गज दूरसंचार कंपनी हुवावेई ने अमेरिकी अखबार वॉल स्ट्रीट जर्नल में प्रकाशित इस आरोप को अस्वीकार किया है कि उसने एक पुर्तगाली आविष्कारक की प्रौद्योगिकी चुराई है। हुवावेई ने पुर्तगाली आविष्कारक रुई पेड्रो ओलिवेइरा मौजूदा इस समय उत्पन्न 'भूराजनीतिक परिस्थितियों का फायदा ' उठाने के लिए यह आरोप लगा रहे हैं। वॉल स्ट्रीट जर्नल ने पिछले हफ्ते कहा था कि अमेरिका का न्याय विभाग दावे पर विचार कर रहा है। पुर्तगाली आविष्कारक ओलिवेइरा ने दावा किया था कि हुवावेई ने उनसे




मुलाकात की थी और हुवावेई इनविजन 360 पैनारोमिक कैमरे के विकास के लिए उसकी एक डिजाइन चुरा ली। हुवावेई ने बयान में ओलिवेरा के पेटेंट उल्लंघन के आरोपों को खारिज करते हुए कहा , 'ये आरोप झूठे हैं।' कंपनी ने कहा , 'पिछले कई महीनों से अमेरिकी सरकार हुवावेई के उपकरणों पर रोक लगाने के लिए अपनी राजनीतिक और राजनयिक शक्ति का इस्तेमाल कर रही है।

■ अमेरिकी अखबार ने लगाए आरोप को हुवावेई ने नकारा

### ओलिवेरा ने हुवावेई की छवि खराब की

हुवावेई ने कहा , ओलिवेरा ने हुवावेई की छवि को खराब करने के लिए मीडिया में झूठी कहानी गडने की कोशिश की। वह वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों के जरिए हुवावेई पर दबाव बनाने का प्रयास कर चुके हैं। हुवावेई ने माना है कि उसके लोग 2014 में ओलिवेइरा से मिले थे।

### इनविजन कैमरा उसके हुवावेई के कर्मियों ने बनाया

लेकिन उसका दावा है कि इनविजन360 कैमरा उसके कर्मचारियों ने ही विकसित किया है जो ओलिवेइरा की तकनीक के बारे में कोई सूचना नहीं रखते थे।



**नई दिल्ली।** डॉ. नलिन सिंघल अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक भारत हैवी इलैक्ट्रिक्लस लिमिटेड (बीएचईएल) को राष्ट्र के प्रति उनके उत्कृष्ट योगदान हेतु इंडियन चैंबर ऑफ कामर्स द्वारा उनकी नौवी वार्षिक सार्वजनिक क्षेत्र के क्नकलेव और एक्सीलैंस अवार्ड समारोह में सम्मानित किया गया।

# सऊदी अरब ने आईपीओ से पहले अरामको के चेयरमैन को बदला

**रियाद।** सऊदी अरब ने अपने सरकारी संपत्ति कोष के प्रमुख को दिग्गज तेल कंपनी अरामको का चेयरमैन नियुक्त किया। उनकी नियुक्ति ऊर्जा मंत्री खालिद अल फालिह की जगह हुई है। प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) की तैयारियों के बीच यह कदम उठाया गया है। फालिह ने ट्वीट् में कहा , मैं सार्वजनिक निवेश कोष के गवर्नर यासिर अल - रुमयान को सऊदी अरामको के निदेशक मंडल का चेयरमैन नियुक्त होने पर बधाई देता हूं। यह आईपीओ के लिए कंपनी को तैयार करने की दिशा में अहम कदम है। रुमयान पहले से अरामको के निदेशक मंडल के सदस्य हैं। वह सऊदी के सरकारी संपत्ति कोष के प्रमुख है। ऊर्जा मंत्री फालिह लंबे समय से अरामको और ऊर्जा मंत्रालय दोनों की अगुवाई कर रहे थे। कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के बीच उनके पोर्टफोलियो में कमी की गई है। सऊदी अरब ने शुक्रवार को उद्योग एवं खनिज संसाधन को ऊर्जा मंत्रालय से अलग करके नया मंत्रालय बनाने की घोषणा की। सऊदी तेल के अलावा अन्य स्त्रोतों से राजस्व बढ़ाने के लिए कदम उठा रहा है।

■ सरकारी संपत्ति कोष के प्रमुख को चेयरमैन किया नियुक्त



# इस्पात के भाव और नीचे आ सकते हैं: फिच

**नई दिल्ली।** फिच सोल्यूशंस मैक्रो रिसर्च ने 2019 में इस्पात की वैश्विक कीमतों के बारे में अपने पहले अनुमान को और नरम कर दिया है। एजेंसी का मानना है कि अमेरिका-चीन के बीच व्यापार तनाव तथा वैश्विक अर्थव्यवस्था में के कमजोर पड़ने का खतरा बढ़ने से उत्साह में कमी का असर इस्पात की वैश्विक कीमतों पर पड़ सकता है।

■ रिसर्च में पहले अनुमान को और नरम कर दिया गया




### चीन में मांग मजबूत बनी हुई

बुनियाद के संदर्भ में बयान में कहा गया है कि चीन में मांग मजबूत बनी हुई है। बुनियादी ढांचा क्षेत्र और निर्माण क्षेत्रों से अच्छी मांग है। इसका कारण लक्षित प्रोत्साहन उपाय हैं। पर इसके साथ इस्पात का उत्पादन भी बढ़ा है।

# इंडियन बैंक का इलाहाबाद में विलय 31 मार्च तक होगा पूरा

## दोनों बैंकों के निदेशक मंडल प्रक्रिया को पूरा करेंगे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र के इंडियन बैंक को उम्मीद है कि इलाहाबाद बैंक के साथ उसका विलय चालू वित्त वर्ष के अंत तक यानी 31 मार्च, 2020 तक पूरा हो जाएगा। इंडियन बैंक की प्रबंध निदेशक पद्मजा चुंदरू ने यह जानकारी दी। सरकार ने पिछले सप्ताह सार्वजनिक क्षेत्र के दस बैंकों के एकीकरण के जरिये चार बैंक बनाने की घोषणा की थी। इसी घोषणा के तहत इलाहाबाद बैंक का इंडियन बैंक के साथ विलय होना है।

चुंदरू ने कहा, 'पहले हमें बोर्ड में जाना होगा। एक प्रक्रिया का पालन करना होगा। अगले कुछ माह के दौरान दोनों बैंकों के निदेशक मंडल प्रक्रिया को पूरा करेंगे। मुझे लगता है कि यह प्रक्रिया 31 मार्च तक पूरी हो जाएगी।' इंडियन बैंक को पिछले सप्ताह वित्त मंत्रालय से सूचित किया गया है कि वैकल्पिक व्यवस्था ने रिजर्व बैंक के साथ विचार विमर्श के बाद विलय के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। यह पूछे जाने पर कि विलय के लिए बैठक कब होगी, उन्होंने कहा कि यह जल्द होगी। उन्होंने कहा कि इस बारे में बैठक इसी सप्ताह या अगले सप्ताह के शुरू में हो सकती है। उन्होंने इंडियन बैंक और इलाहाबाद बैंक के विलय से ऐसा बैंक अस्तित्व में आएगा जिसकी अखिल भारतीय स्तर पर उपस्थिति होगी।

■ सरकार ने पिछले सप्ताह दस बैंकों के एकीकरण की घोषणा की




### कर्मचारियों की छंटनी से किया इंकार

अभी इंडियन बैंक की दक्षिण भारत में मजबूत उपस्थिति है जबकि इलाहाबाद बैंक की उपस्थिति उत्तरी और पूर्वी भारत में है। उन्होंने शाखाओं को बंद करने और कर्मचारियों की छंटनी से इनकार किया। उन्होंने कहा कि विलय के बाद हमारी प्रमुख प्राथमिकता कारोबार और मुनाफा वृद्धि के अलावा कर्मचारी प्रबंधन और कल्याण की होगी।

## केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बैंक के कायाकल्प के लिए दी पूंजी की मंजूरी

# आईडीबीआई बैंक के लिए 9,300 करोड़ रु. का पैकेज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार ने आईडीबीआई बैंक में 9,300 करोड़ रुपए की पूंजी डालने की मंजूरी दे दी। इसका मकसद बैंक का पूंजी आधार बढ़ाना और इसे मुनाफे में लाना है। मंत्रिमंडल के निर्णयों के बारे में मीडिया से बातचीत करते हुए सूचना एवं प्रसारण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने कहा कि इससे आईडीबीआई बैंक का कायाकल्प करने की प्रक्रिया पूरी होगी। बैंक को वापस लाभ में लाने के साथ ही बैंक सामान्य तौर पर कर्ज वितरण कार्य कर सकेगा।

वहीं सरकार को उपयुक्त समय पर अपना निवेश वापस लेने का विकल्प भी इसमें होगा। उन्होंने कहा कि कुल 9,300 करोड़ रुपये की पूंजी जरूरत में भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) अपनी 51 प्रतिशत हिस्सेदारी के अनुरूप 4,743 करोड़ रुपये का निवेश करेगा। शेष 49 प्रतिशत 4,557 करोड़ रुपये की राशि एक बारगी आधार पर सरकार इसमें डालेगी।

■ पूंजी डालने का मकसद बैंका का पूंजी आधार बढ़ाना

### सरकार की हिस्सेदारी घटकर 46.46 फीसदी

उल्लेखनीय है कि आईडीबीआई बैंक में एलआईसी ने अपनी हिस्सेदारी जनवरी में बढ़ाकर 51 प्रतिशत कर दी। इसके बाद बैंक में सरकार की हिस्सेदारी 86 प्रतिशत से घटकर 46.46 प्रतिशत पर आ गयी। एलआईसी बैंक में 51 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ नियंत्रक भागीदार बन गया।




### पूंजी डालने के बाद बैंक खुद पूंजी जुटाने में सक्षम

पूंजी डालने के बाद आईडीबीआई बैंक खुद धन जुटाने में सक्षम होगा। इससे उसके अगले साल तक भारतीय रिजर्व बैंक के त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई (पीसीए) के दायरे से बाहर आने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, " पूंजी डालने का यह काम एकदम नकदी रहित होगा।

### पूंजी पुनर्पूंजीकरण बॉड के जरिये डाली जाएगी

यह पूंजी पुनर्पूंजीकरण बॉड के जरिये डाली जायेगी। सरकार बैंक में पूंजी डालेगी और बैंक उसी दिन उस पूंजी से सरकार के पुनर्पूंजीकरण बांड की खरीदारी करेंगे। इसका तरलता और चालू वर्ष के बजट पर भी कोई असर नहीं होगा।"

### जून 2018 तक एनपीए 18.8 फीसदी था

आईडीबीआई बैंक में एक बारगी पूंजी डालने की जरूरत है ताकि उसके पुराने फंसे हुए कर्ज के हिसाब-किताब को साफ सुथरा किया जा सके। जून 2018 में इसका शुद्ध फंसा कर्ज 18.8 प्रतिशत था जो जून 2019 में घटकर आठ प्रतिशत रह गया है। इसके लिए पूंजी शेयरधारकों से आएगी।

## खबर संक्षेप



**मुंबई।** पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह और उनकी पत्नी गीता बसरा ने मुंबई में टीवी शो 'लागो बोलि' के सेट पर एक तस्वीर खिंचवाई।

### एशेज टेस्ट के लिए स्मिथ टीम में लौटे

**मैनचेस्टर।** इंग्लैंड के खिलाफ बुधवार से शुरू हो रहे चौथे एशेज टेस्ट के लिये स्टीव स्मिथ की आस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम में वापसी हुई है जबकि जेम्स पेटिंसन को बाहर कर दिया गया है।



दूसरे टेस्ट में जोफ्रा आर्चर की गेंद गले पर लगने के कारण स्मिथ तीसरा टेस्ट नहीं खेल सके थे। श्रृंखला फिलहाल 1-1 से बराबरी पर है। स्मिथ चौथे नंबर पर उतरेंगे और तीसरे नंबर पर उस्मान ख्वाजा की जगह मार्नस लाबुशेन को बरकरार रखा जायेगा।

### चेन्नइयिन एफसी ने क्रिवेलारो से किया करार



**चेन्नई।** चेन्नइयिन एफसी (सीएफसी) ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के आगामी सत्र के लिए ब्राजील के मिडफील्डर राफेल क्रिवेलारो को 'फ्री ट्रांसफर' पर टीम के साथ जोड़ने की घोषणा की। तीस साल का यह खिलाड़ी पुर्तगाल की शीर्ष स्तरीय फ्रेंचाइजी सीडी फेइरेंस का दो साल तक प्रतिनिधित्व करने के बाद सीएफसी से जुड़ेगा। क्रिवेलारो ने कहा, 'मैं चेन्नइयिन एफसी के साथ जुड़कर बहुत खुश हूं, एक नए देश में बहुत सारी नई उम्मीदों के साथ यह एक नया अनुभव होगा। उम्मीद है कि नए साथियों के साथ यह सत्र शानदार होगा।

### महिला विश्वकप फुटबाल की मेजबानी में 8 देश

**लुसाने।** फीफा ने कहा कि 2023 में होने वाले महिला विश्व कप की मेजबानी की दावेदारी में आठ देश शामिल हैं जिसमें पहली बार 32 टीमें भाग लेंगी। इस दौड़ में पहले बेल्जियम और बोलीविया भी शामिल थे लेकिन दो सिंतबर को दावेदारी जमा करने की आखिरी तारीख से पहले उन्होंने नाम वापस ले लिया। मेजबान देश के नाम का फैसला मई में होगा। अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कोलंबिया, जापान, दक्षिण कोरिया, न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका मेजबानी की दौड़ में शामिल हैं। दक्षिण कोरिया ने संकेत दिया है कि वे उत्तर कोरिया के साथ इस आयोजन की सह-मेजबानी करना चाहेंगे।

### रिया चीनी ताइपे ओपन के मुख्य ड्रा में पहुंची



**ताइपे।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी रिया मुखर्जी चीनी ताइपे ओपन के क्वालीफाइंग मुकाबले में हांगकांग की चेउंग यिंग मेई को क्वालीफाइंग दौर में हराकर मुख्य ड्रा में जगह बनाई। स्विस ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली रिया ने चेउंग को 34 मिनट तक चले मुकाबले में 9-21, 21-16, 23-21 से हराया। मुख्य ड्रा में 20 साल की रिया का मुकाबला थाईलैंड की सुपनिदा काटेथोंग से होगा। सुपनिदा ने भी क्वालीफायर के जरिए मुख्य ड्रा में जगह पक्की की है। इस बीच, स्टार शटलर और पूर्व चैंपियन साइना नेहवाल ने टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया है। समीर वर्मा और एचएस प्रणय यहां दावेदारी पेश नहीं करेंगे। पूर्व चैंपियन सौरभ वर्मा विश्व टूर सुपर 300 टूर्नामेंट में भारतीय अभियान का नेतृत्व करेंगे।

# मनु और सौरभ को स्वर्ण, भारत का ऐतिहासिक प्रदर्शन

एजेंसी ▶▶| रियो दि जिनेरियो

युवा मनु भाकर और सौरभ चौधरी ने शानदार वापसी करते हुए 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता जिससे भारत ने आईएसएसएफ विश्व कप (राइफल / पिस्टल) में अभूतपूर्व प्रदर्शन किया। भारत के ही अभिषेक वर्मा और यशस्विनी देसवाल ने रजत पदक जीता। आखिरी दिन भारत ने अधिकतम संभावित पदक अपने नाम किए। इस नतीजे के बाद भारत इस साल आईएसएसएफ विश्व कप के सभी चार चरण में शीर्ष पर रहा जिसमें जूनियर विश्व कप शामिल है। भारत ने कुल नौ में से पांच स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य अपने नाम किए। किसी और देश ने यहां एक से अधिक स्वर्ण पदक नहीं जीता है।

## विश्वकप निशानेबाजी में भाकर और चौधरी की शानदार वापसी

### चंदेला और कुमार का चौथा स्वर्ण

महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल में दुनिया की नंबर एक निशानेबाज अपूर्वी चंदेला और दीपक कुमार ने मिश्रित एयर राइफल में चौथा स्वर्ण जीता। अंजुम मुद्गिल और दिव्यांश सिंह पंवार ने कांस्य पदक अपने नाम किया।





### यशस्विनी और वर्मा को हराया

एयर पिस्टल में मनु भाकर और सौरभ चौधरी ने यशस्विनी और वर्मा को 17.15 से हराकर पीला तमगा जीता। सत्रह बरस के मनु और सौरभ चारों विश्व कप चरण में आईएसएसएस मिश्रित टीम एयर पिस्टल का स्वर्ण जीत चुके हैं। उन्होंने क्वालीफिकेशन के दूसरे दौर में 400 में से 394 अंक बनाए जिसमें आखिरी 10 शाट में 100 शामिल है।

### अपूर्वी-दीपक की एकतरफा जीत

यशस्विनी और वर्मा का स्कोर 386 रहा। चीन को कांस्य पदक मिला। इससे पहले अपूर्वी और दीपक ने एकतरफा फाइनल में चीन के यांग कियान और यू हाओनान को 16.6 से मात दी। दोनों ने दूसरे क्वालीफिकेशन दौर में शीर्ष स्थान हासिल किया। उनका योग 419.1 रहा जिससे सीधे स्वर्ण पदक के मुकाबले में प्रवेश मिला। अंजुम और दिव्यांश ने 418.0 स्कोर करके चौथा स्थान हासिल किया। कांस्य पदक के मुकाबले में उन्होंने हंगरी के एस्टर मेसजारोस और पीटर सिडि को 16.10 से हराया।

## यूएस ओपन : 2014 के क्रोएशिया के चैंपियन मारिन को हराया नडाल ने

# 40वीं बार ग्रैंड स्लैम के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे राफेल नडाल

एजेंसी ▶▶| न्यूयार्क

दुनिया के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल ने 2014 के चैंपियन मारिन सिलिच को हराकर यूएस ओपन के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। वहीं एलेक्जेंडर ज्वेरेव का सफर इस टूर्नामेंट में खत्म हो गया। नडाल ने क्रोएशिया के सिलिच को 6-3, 3-6, 6-1, 6-2 से हराया। अब उनका सामना अर्जेंटीना के डिएगो श्वार्ज़मैन से होगा, जिन्होंने ज्वेरेव को 3 -6, 6-2, 6-4, 6-3 से हराया।

2010, 2013 और 2017 में यूएस ओपन के विजेता नडाल 40वीं बार ग्रैंड स्लैम के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे हैं।

**खास बातें**

- एलेक्जेंडर ज्वेरेव का सफर इस टूर्नामेंट में खत्म हो गया
- नडाल का सामना अब अर्जेंटीना के डिएगो से होगा

### नडाल का 9वां क्वार्टरफाइनल

यूएस ओपन में यह उनका 9वां क्वार्टरफाइनल होगा। जीत के बाद नडाल ने कहा कि वह भाग्यशाली है कि अभी भी यहां पर टेनिस खेल रहे हैं। अपने क्वार्टरफाइनल मुकाबले को लेकर नडाल ने कहा कि श्वार्ज़मैन इस दौर के बेहतरीन खिलाड़ियों में से एक हैं।

### बेरित्तिनी पहुंचे क्वार्टरफाइनल

वहीं मतेओ बेरेत्तिनी ने रूस के आंद्रेइ रूबलेवन को 6-1, 6-4, 7-6 से हराकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया है। मतेओ बेरेत्तिनी 42 बरस में यूएस ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले दूसरे इतालवी खिलाड़ी बन गए हैं। अब उनका सामना फ्रांस के 13वीं वरीयता प्राप्त गाएल मोंफिल्स से होगा। मोंफिल्स ने पाब्लो को 6-1, 6-2, 6-2 से मात दी।



### ओसाका को हराकर बेंचिच क्वार्टर फाइनल में, मर्टेंस भी जीती



शीर्ष वरीयता प्राप्त गत चैम्पियन नाओमी ओसाका को हराकर स्विटजरलैंड की बेलिंडा बेंचिच ने अमेरिकी ओपन क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया जबकि क्रोएशिया की डोन्ना वेकिच भी अंतिम आठ में पहुंच गई। बेंचिच ने 7-5, 6-4 से जीत दर्ज की। इस हार के बाद जापान की ओसाका अगले सप्ताह विश्व रैंकिंग में शीर्ष से खिसक जाएगी। इस साल बेंचिच ने इंडियन वेल्स और मैड्रिड के बाद तीसरी बार ओसाका को हराया है। फ्रेंच ओपन चैम्पियन आस्ट्रेलिया की एशले बार्टी सोमवार को रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच जाएगी। ओसाका की हार के मायने है कि लगातार तीसरे साल चारों ग्रैंडस्लैम में अलग अलग महिला चैम्पियन होगी जो ओपन युग में पहली बार होगा। एक अन्य मैच में 23वीं वरीयता प्राप्त वेकिच ने जर्मनी की 26वीं वरीयता प्राप्त जूलिया जार्जेस को 6-7, 7-5, 6-3 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई।

### द. कोरिया को हराकर भारत एशियाई जूनियर टेबल टेनिस के फाइनल में

**उलानबटोर (मंगोलिया)।** भारतीय लड़कों ने 22वें एशियाई जूनियर एवं कैडेट टेबल टेनिस चैम्पियनशिप में दक्षिण कोरिया को 3-2 से हराकर फाइनल में जगह पक्की की। टीम ने इसके साथ ही नवंबर में थाईलैंड में होने वाली विश्व जूनियर चैम्पियनशिप का टिकट भी कटा लिया। फाइनल में भारत का सामना चीन से होगा जिसने एक अन्य मुकाबले में चीनी ताइपे को 3-0 से हराया। दूसरी वरीयता प्राप्त भारत के लिए देश के नंबर एक खिलाड़ी मानुष शाह ने पहला मुकाबला जीता लेकिन दूसरे मुकाबले में रेगन अल्बुकर्क को हार का सामना करना पड़ा। तीसरे मुकाबले में अनुक्रम जैन ने जीत दर्ज कर स्कोर को 2-1 कर दिया। इसके बाद मानुष ने अपना मुकाबला गंवा दिया जिससे स्कोर 2-2 होगा। आखिरी मुकाबले में दारोमदार रेगन पर था जिन्होंने जीत दर्ज कर टीम को फाइनल का टिकट दिला दिया।



### श्रीहरि नटराज को राष्ट्रीय तैराकी चैंपियनशिप में दो स्वर्ण पदक

**भोपाल।** किशोर तैराक श्रीहरि नटराज ने मंगलवार को यहां सीनियर राष्ट्रीय एक्वाटिक चैंपियनशिप में पुरुष 100 मीटर फ्रीस्टाइल का खिताब जीतने के बाद 50 मीटर बैकस्ट्रोक में अपने ही राष्ट्रीय रिकार्ड में सुधार किया। प्रतियोगिता के चौथे दिन चार नए राष्ट्रीय रिकार्ड बने। कर्नाटक के तैराक श्रीहरि ने पुरुष 50 मीटर बैकस्ट्रोक में 25.58 सेकेंड के समय के साथ नया राष्ट्रीय रिकार्ड बनाया। पुरुष 100 मीटर फ्रीस्टाइल में 18 साल के श्रीहरि ने 50.59 सेकेंड के साथ सोने का तमगा अपने नाम किया। पिछले साल उन्होंने इस स्पर्धा में रजत पदक जीता था। दिल्ली के कुशाग्र रावत ने पुरुष 800 मीटर फ्रीस्टाइल में आठ मिनट 9.47 सेकेंड के समय के साथ नया प्रतियोगिता रिकार्ड बनाया। महिला 200 मीटर फ्रीस्टाइल में हरियाणा ने शिवानी कटारिया ने स्वर्ण पदक जीता और इस दौरान अपने ही राष्ट्रीय रिकार्ड में सुधार किया। दिन का अंतिम रिकार्ड मिश्रित चार गुणा 50 मीटर स्पर्धा में बना। मिहिर आंब्रे, केनिशा गुप्ता, वीरधवल खाड़े और रुतुजा खाड़े की टीम महाराष्ट्र ने एक मिनट 39.69 सेकेंड के समय के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

## धोनी को पीछे छोड़ सबसे सफल कप्तान बने कोहली

**कोहली ने 48 टेस्ट मैचों में 28वीं जीत दर्ज की**



एजेंसी ▶▶| किंगस्टन

वेस्टइंडीज को दूसरे क्रिकेट टेस्ट में 257 रन से हराकर विराट कोहली टेस्ट क्रिकेट में महेंद्र सिंह धोनी को पछाड़कर सबसे सफल कप्तान बन गए जिनकी अगुवाई में भारत की यह 28वीं जीत थी।

कोहली ने 48 मैचों में 28वीं जीत दर्ज की। धोनी ने अपनी कप्तानी में 60 टेस्ट मैचों में भारत को 27 में जीत दिलाई थी। कोहली ने नया रिकार्ड अपने नाम होने पर कहा, 'कप्तानी का मतलब आपके नाम के आगे कप्तान लिखा होना भर है। यह टीम प्रयास का नतीजा है। यह दिखाता है कि हमारी टीम कितनी मजबूत है।' कोहली ने कहा, 'मोहम्मद शमी, जसप्रीत बुमराह, ईशांत शर्मा, रविंद्र जडेजा ने जिस तरह गेंदबाजी की। हमारे पास ऐसे गेंदबाज नहीं होते तो यह नतीजे नहीं निकलते।' सबसे सफल भारतीय टेस्ट कप्तानों की सूची में सौरव गांगुली तीसरे और मोहम्मद अजहरूद्दीन चौथे स्थान पर है जिन्होंने 21 और 14 मैचों में जीत दिलाई। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान ग्रीम स्मिथ सबसे कामयाब टेस्ट कप्तान है जिन्होंने 53 टेस्ट जीते। आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने टीम को 48 टेस्ट में जीत दिलाई। भारत दोनों टेस्ट जीतकर टेस्ट चैम्पियनशिप की तालिका में 120 अंक के साथ शीर्ष पर है।

- धोनी ने 60 टेस्ट मैचों में 27 जीत दर्ज करवाई

### इस साल आस्ट्रेलिया में पहली श्रृंखला जीती

पाकिस्तान, बांग्लादेश और दक्षिण अफ्रीका ने अभी चैम्पियनशिप की द्विपक्षीय श्रृंखलाओं में शुरूआत नहीं की है। कोहली की कप्तानी में भारत ने इस साल की शुरूआत में आस्ट्रेलिया में पहली टेस्ट श्रृंखला जीती थी।

### दलीप ट्राफी फाइनल में किशन पर होगी नजर

**बेंगलुरु।** इंडिया ग्रीन और इंडिया रेड के बीच बुधवार से चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेल जाने वाले दलीप ट्राफी फाइनल मुकाबले में लय में चल रहे विकेटकीपर बल्लेबाज इशान किशन के प्रदर्शन पर चयनकर्ताओं की नजरें होंगी। दिन-रात्रि प्रारूप में गुलाबी गेंद से खेले जाने वाले इस पांच दिवसीय मुकाबले में किशन इंडिया रेड का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस मुकाबले का सीधा प्रसारण भी होगा। झारखंड का 21 साल का यह खिलाड़ी हाल के दिनों में लय में है। उन्होंने भारत ए के लिए खेलते हुए दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया।

### फुटबॉल...



**गुवाहाटी।** भारतीय फुटबॉल टीम के खिलाड़ी 2022 फीफा विश्व कप क्वालीफायर मैच से पहले अभ्यास सत्र के दौरान ओमान के खिलाफ, गुवाहाटी के इंदिरा गांधी एथलेटिक्स स्टेडियम सुरसुजई में।

## मिताली ने 32 टी20 मैचों में टीम की कप्तानी की

# पूर्व कप्तान मिताली ने टी20 क्रिकेट को कहा अलविदा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सीमित ओवरों के क्रिकेट में भारत की पूर्व कप्तान मिताली राज ने टी20 क्रिकेट को अलविदा कह दिया ताकि 2021 में होने वाले 50 ओवरों के विश्व कप के लिए वनडे क्रिकेट पर फोकस कर सके। छत्तीस बरस की मिताली ने 32 टी20 मैचों में टीम की कप्तानी की है जिसमें तीन महिला टी20 विश्व कप (2012, 2014 और 2016) शामिल हैं। मिताली ने कहा, 2006 से टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भारत का प्रतिनिधित्व करने के बाद अब मैं इस प्रारूप से संन्यास ले रही हूं ताकि 2021 वनडे विश्व कप पर ध्यान केंद्रित कर सकूं।



### बीसीसीआई का किया धन्यवाद

मैं बीसीसीआई को लगातार सहयोग के लिए धन्यवाद देती हूं और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी श्रृंखला के लिए भारतीय टी20 टीम को शुभकामना देती हूं। ऐसी संभावन थी कि मिताली मार्च में इंग्लैंड के खिलाफ खेली गई टी20 श्रृंखला के दौरान संन्यास लेंगी। उन्होंने पिछले सप्ताह कहा था कि वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 के लिए उपलब्ध है।

### कोच पर करियर खत्म करने का लगाया था आरोप

मिताली ने हालांकि बाद में अपना मन बदल लिया। मिताली के भविष्य पर उसी समय से कयास लगाए जाने लगे थे जब पिछले साल टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल मुकाबले में अंतिम 11 में उन्हें जगह नहीं मिली थी। उनके बाहर होने पर काफी विवाद हुआ था और मिताली ने कोच रमेश पवार पर उनके करियर को खत्म करने का आरोप लगाया था।

### विश्वकप 2021 में खेला जाना है

संन्यास की घोषणा के बाद मिताली अब 50 ओवर के प्ररूप पर ज्यादा ध्यान दे सकेंगी जिसका विश्व कप 2021 में खेला जाना है। उनकी कप्तानी में भारतीय टीम 2017 में खेले गए विश्व कप के फाइनल में पहुंची थी। मिताली ने कहा, देश के लिए विश्व कप जीतना मेरा सपना है और मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहती हूं।

### टी-20 में 2364 रन बनाए

मिताली ने टी20 क्रिकेट में 89 मैचों में 37.5 की औसत से भारत के लिये सर्वाधिक 2364 रन बनाये हैं। उनका सर्वोच्च स्कोर नाबाद 97 रन रहा। उन्होंने 1999 में इंग्लैंड के खिलाफ गुवाहाटी में टी20 क्रिकेट में पदार्पण किया था। मिताली टी20 क्रिकेट में 2000 रन बनाने वाली पहली भारतीय महिला क्रिकेटर थी।

## खबर संक्षेप

### न्यूजीलैंड के शिष्टमंडल ने नड्डा से की मुलाकात

**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड के विपक्ष के नेता सिमोन ब्रिजेस के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल ने मंगलवार को भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष जे पी नड्डा से मुलाकात की एवं दोनों देशों के संबंधों पर चर्चा की। बैठक के बाद नड्डा ने ट्वीट किया कि न्यूजीलैंड में विपक्ष के नेता सिमोन ब्रिजेस के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय राजनीतिक शिष्टमंडल से मुलाकात की। न्यूजीलैंड के शिष्टमंडल के साथ भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष जे पी नड्डा की यह मुलाकात भाजपा मुख्यालय में हुई। इस दौरान नड्डा के साथ भाजपा महासचिव भूपेन्द्र यादव, अरूण सिंह आदि मौजूद थे।

### अमेरिका में आग लगने से नौका डूबी, 25 की मौत

**सांता बारबरा (अमेरिका)।** अमेरिका के दक्षिण कैलिफोर्निया तट के नजदीक द्वीप नौका 'कांसेप्शन' में सोमवार तड़के लगी आग में 25 लोगों की मौत हो गई और अन्य नौ अब भी लापता हैं। नौका पर शौकिया स्कूबा डाइविंग करने वाले सवार थे। नौका पर सवार चालक दल के पांच सदस्य पानी में कूद कर जान बचाने में कामयाब रहे हैं। बचाव दल को चार शव लॉस एंजिलिस के पश्चिमोत्तर में 145 किलोमीटर दूर सांता क्रूज द्वीप के पास मिले हैं। तटरक्षक ने बताया कि पांच शव दुर्घटनाग्रस्त नौका के नीचे दबे हैं, लेकिन खतरा होने की वजह से उन्हें निकाला नहीं जा सका है।

### बंगाल में जेएमबी के दो आतंकवादी गिरफ्तार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मालदा जिले से मंगलवार को आतंकवादी संगठन जमात-उल-मुजाहिदीन बांग्लादेश (जेएमबी) के दो संदिग्ध सदस्यों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि इन दो संदिग्ध सदस्यों की गिरफ्तारी के साथ ही गत 26 अगस्त से इस प्रतिबंधित समूह के पकड़े गये सदस्यों की संख्या चार हो गई है। उन्होंने बताया कि कासीम से मिली गोपनीय सूचना पर कोलकाता पुलिस के विशेष कार्यबल (एसटीएफ) ने मालदा के साम्सी क्षेत्र से अब्दुल बारी और निजामुद्दीन खान को गिरफ्तार किया।

### दुश्मन को अंधेरे में भी खत्म करने में है सक्षम

# वायुसेना के बेड़े में शामिल हुए आठ अपाचे हेलीकॉप्टर

एजेंसी/हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भारतीय वायुसेना ने मंगलवार को अपने बेडे. में अमेरिका निर्मित आठ स्टेल्थ लड़ाकू हेलीकॉप्टरों को अपने बेड़े में शामिल किया। इससे बल की मारक क्षमता में ऐसे समय महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है जब भारत सीमा पार आतंकवाद समेत जटिल सुरक्षा चुनौतियों का सामना कर रहा है। स्टेल्थ हेलीकॉप्टर रेडार की पकड़ में नहीं आते हैं। एरोस्पेस क्षेत्र की दिग्गज कंपनी बोइंग निर्मित ये आठ हेलीकॉप्टर भारत द्वारा अमेरिका के साथ लगभग चार साल पहले 22 अपाचे एएच-64ई हेलीकॉप्टरों के लिए किए गए समझौते का हिस्सा हैं। इन हेलीकॉप्टरों को बेड़े में शामिल किए जाने के बाद वायुसेना प्रमुख बी एस धनोआ ने अपने संक्षिप्त संबोधन में कहा कि नवीनतम प्रौद्योगिकी से लैस हेलीकॉप्टरों की खरीद भारतीय वायुसेना के आधुनिकीकरण की दिशा में एक 'महत्वपूर्ण कदम' है। उन्होंने सामरिक रूप से महत्वपूर्ण पठानकोट वायुसेना स्टेशन में कहा कि अपाचे हेलीकॉप्टर भारतीय वायुसेना की अभिनयानगत क्षमताओं में वृद्धि करेंगे।

### एक मिनट में 128 लक्ष्यों पर लगाएगा निशाना

- भारत अपाचे हेलिकॉप्टर को जंगी बेड़े में शामिल करने वाले दुनिया का 14वां देश बना
- विश्व के अत्याधुनिक बहुउद्देश्यीय लड़ाकू हेलीकॉप्टरों में से एक, अमेरिकी सेना इस्तेमाल करती है



### भारतीय वायु सेना की मारक क्षमता बढायेगा: धनोआ



वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल बीएस धनोआ ने मंगलवार को कहा कि आधुनिक तकनीक से लैस अपाचे 64-ई लड़ाकू हेलीकॉप्टर भारतीय वायुसेना की अभियान और मारक क्षमताओं में वृद्धि करेगा। पठानकोट वायुसेना स्टेशन में औपचारिक रूप से आठ अपाचे लड़ाकू हेलीकॉप्टर को भारतीय वायुसेना में शामिल किए जाने के लिए आयोजित एक समारोह में उन्होंने यह बयान दिया। धनोआ ने कहा कि अपाचे 64-ई लड़ाकू हेलीकॉप्टर पुराने हो रहे एमआई-35 बेड़े की जगह लेंगे। कुल 22 अपाचे लिए जाने है और इसकी आखिरी खेप मार्च 2020 में मिलेगी। उन्होंने कहा कि हेलीकॉप्टर आधुनिक तकनीक से लैस हैं।

### 'भारत के पश्चिमी क्षेत्र में की जाएगी बेड़े की तैनाती'

धनोआ ने कहा कि बेड़े की तैनाती भारत के पश्चिमी क्षेत्र में की जाएगी। पाकिस्तान के बालाकोट स्थित आतंकी शिविर पर भारत के हमले के छह महीने से अधिक समय बाद तथा किसी भी बाह्य सुरक्षा खतरे से निपटने के लिए लड़ाकू क्षमताओं में वृद्धि की वायुसेना की मांग के बीच इन अपाचे हेलीकॉप्टरों को बेड़े में शामिल किया गया है। एएच-64 ई अपाचे हेलीकॉप्टर विश्व के अत्याधुनिक बहुउद्देश्यीय लड़ाकू हेलीकॉप्टरों में से एक है और इसे अमेरिकी सेना इस्तेमाल करती है।

### दुनिया का सर्वश्रेष्ठ हथियार

वायुसेना के वरिष्ठ सेवानिवृत अधिकारी एयर वाइस मार्शल कपिल काक ने कहा कि वायुसेना को काफी लंबे वक्त से लड़ाकू हेलिकॉप्टरों की आवश्यकता थी। 8 अपाचे हेलिकॉप्टरों के आने के बाद इसकी पूर्ति की शुरुआत हुई है। वर्तमान आधुनिक युग के हिसाब से अपाचे दुनिया का सर्वश्रेष्ठ लड़ाकू हथियार यानि हेलिकॉप्टर है। अमेरिकियों ने इसे टाइम टेस्टेड मशीन कहा और माना भी है।

### पाक का पक्ष रखने वाले वकील ने कहा

# हमारे पास कश्मीर में नरसंहार के सबूत नहीं



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने दो हफ्ते पहले ही कश्मीर मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में उठाने की बात कही थी। हालांकि, इमरान सरकार की इन कोशिशों को झटका लगा है। आईसीजे में पाक के ही वकील खवर कुरैशी ने कहा है कि दुनिया कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग मानती है। साथ ही पाक के पास कश्मीर में नरसंहार के कोई पुख्ता सबूत नहीं हैं। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में कश्मीर का मुद्दा उठाना पाक के लिए काफी मुश्किल साबित हो सकता है। खवर कुरैशी वही वकील हैं जिन्होंने कुलभूषण जाधव मामले में हेग स्थित अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में पाकिस्तान की तरफ से पक्ष रखा था। लाहौर स्थित पाक के एक चैनल को दिए इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि यहां कश्मीर को लेकर स्थिति काफी साफ है।

### हमारी परमाणु नीति में कोई बदलाव नहीं हुआ: पाक

पाकिस्तान के विदेश विभाग ने कहा कि देश की परमाणु नीति में कोई बदलाव नहीं किया गया है। यह बयान प्रधानमंत्री इमरान खान के बयान के बाद आया है जिसमें उन्होंने कहा था कि कश्मीर मुद्दे पर बढ़ते तनाव के मद्देनजर पाकिस्तान, भारत के साथ कभी युद्ध की शुरुआत नहीं करेगा। लाहौर स्थित गवर्नर हाउस में सोमवार शाम को सिख समुदाय के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए इमरान खान ने कहा था कि भारत और पाकिस्तान दोनों परमाणु संपन्न देश हैं।

### सिख श्रद्धालुओं को ऑन एराइवल वीजा जारी करेंगे: इमरान

*पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने कहा है कि सिख समुदाय के लिए करतारपुर 'मदीना' और ननकाना साहिब 'मक्का' है। उन्होंने आश्वासन दिया कि उनकी सरकार भारत और अन्य देशों से आने वाले सिख श्रद्धालुओं को बहु-प्रवेश वीजा और 'ऑन एराइवल' वीजा जारी करेगी। न्यूज इंटरनेशनल की रिपोर्ट के अनुसार खान ने कहा कि सरकार पाकिस्तान के धार्मिक स्थलों की यात्रा के दौरान सिख श्रद्धालुओं को अधिकतम संभव सुविधाएं उपलब्ध कराएगी। खान ने यहां सोमवार को गवर्नर हाउस में एक सिख सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि मैं विश्वास दिलाता हूं कि आपको बहु-प्रवेश वीजा जारी किए जाएंगे। यह हमारी जिम्मेदारी है। हम आपको हवाईअड्डे पर वीजा देंगे। उन्होंने कहा कि करतारपुर आपका मदीना है।*

### भारत, जापान ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र की स्थिति की समीक्षा की

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की दो दिवसीय तोक्यो यात्रा के दौरान भारत और जापान ने दक्षिण चीन सागर के ताजा घटनाक्रम सहित हिंद-प्रशांत क्षेत्र की सुरक्षा स्थिति की व्यापक समीक्षा की। राजनाथ सिंह ने सोमवार को तोक्यो में अपने जापानी समकक्ष ताकेशी इवाया के साथ विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की थी। मंगलवार को जारी एक संयुक्त बयान में कहा गया है कि दोनों मंत्रियों ने इस साल के अंत में भारत-जापान वार्षिक शिखर सम्मेलन से पहले 'टू-प्लस-टू' ढांचे के तहत पहली विदेश और रक्षा मंत्रिस्तरीय वार्ता आयोजित करने के इरादों की पुष्टि की। इसमें कहा गया है कि जापान-भारत-अमेरिका त्रिपक्षीय समुद्री अभ्यास 'मालाबार' इस साल सितंबर के अंत से अक्टूबर के शुरू तक आयोजित किया जाएगा। दोनों पक्षों ने जापान भारत-अमेरिका त्रिपक्षीय अभ्यास 'माइनेक्स' जारी रखने का भी संकल्प व्यक्त किया।

### ब्रिटेन के पीएम जॉनसन को झटका

## ब्रेग्जिट पर वोट से पहले संसदीय बहुमत खोया

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने मंगलवार को होने वाले महत्वपूर्ण ब्रेग्जिट पर वोट से पहले संसदीय बहुमत को खो दिया। उनकी कंजर्वेटिव पार्टी सांसद फिलिप ली ने यूरोपियन यूनियन समर्थक लिबरल डमेक्रेट्स में शामिल हो गए। बोरिस जॉनसन 24 जुलाई को ब्रिटेन के पीएम बने थे। उन्होंने थेरेसा मे के बाद ब्रिटेन के पीएम का पद संभाला था। लिब डिम्स ने एक बयान में कहा कि बिरल डेमोक्रेट्स की इस बात की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि ब्रेकनेल के सांसद फिलिप ली ने पार्टी ज्वाइन कर लिया है। इससे पहले, बोरिस जॉनसन ने कहा कि किसी भी हाल में किसी भी स्थिति में वे ब्रेक्जिट मे देरी नहीं चाहते हैं। उन्होंने चेताते हुए कहा, 'मैं चाहता हूं कि सब यह जान लें – किसी भी हाल में मैं ब्रेक्जिट में देर नहीं होने दूंगा। हम 31 अक्टूबर को निकल रहे हैं, इसमें किंतु परंतु नहीं। हम अपने वादों या उस जनमत संग्रह को वापस लेने से संबंधित कियी भी प्रयास को स्वीकार नहीं करेंगे। ऐसे कयास लगाए जा रहे थे कि ब्रिटेन में ब्रेग्जिट मसले पर संसद में सरकार समर्थन नहीं जुटा पाई तो प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन मध्यावधि चुनाव कराने पर विचार कर सकते हैं।



### अमेरिका के साथ किसी भी द्विपक्षीय वार्ता से ईरान का इनकार

**तेहरान।** ईरान के राष्ट्रपति हसन रूहानी ने अमेरिका के साथ किसी भी तरह की द्विपक्षीय वार्ता करने से इनकार कर दिया। उनका कहना है कि ईरान सिद्धांततः इस तरह की वार्ता का विरोध करता है। ईरान का कहना है कि वह परमाणु समझौते को लेकर अपनी प्रतिबद्धताओं में आने वाले दिनों में कटौती करेगा। रूहानी ने संसद को संबोधित करते हुए कहा कि अमेरिका के साथ किसी भी तरह की बातचीत 2015 में महाशक्ति देशों के एक समूह के साथ हुए ऐतिहासिक परमाणु समझौते की रूपरेखा के अनुसार होगी। उन्होंने कहा कि अगर यूरोपीय देशों के साथ मौजूदा वार्ता में बृहस्पतिवार तक कोई परिणाम नहीं आता है तो ईरान 'आने वाले दिनों' में 2015 के ऐतिहासिक परमाणु समझौते को लेकर प्रतिबद्धताओं में और कमी लाने के लिए तैयार है। पिछले साल मई में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका को 2015 के परमाणु समझौते से एकतरफा अलग कर लिया था।

## घाटी में 29 हजार से अधिक युवाओं ने सेना में भर्ती के लिए करवाया पंजीकरण

एजेंसी ⏭ जम्मू

जम्मू क्षेत्र के रियासी में मंगलवार को सेना में भर्ती की सात दिवसीय रैली शुरू हुई जिसमें विभिन्न जिलों के 29,000 से अधिक युवाओं ने पंजीकरण करवाया है। जम्मू कश्मीर के विशेष राज्य के दर्जे से संबंधित अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को निरस्त करने के बाद यह पहली ऐसी भर्ती रैली है। जम्मू स्थित जनसंपर्क अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल देवेंद्र आनंद ने कहा कि यह उत्साह शांति और प्रगति को गले लगाने की स्थानीय युवाओं की इच्छा का संकेत है। भारतीय सेना का उग्रवाद निरोधक बल (वर्दी) जम्मू क्षेत्र के सात जिलों-डोडा, किश्तवाड़, राजौरी, पुंछ, उधमपुर, रामबन और रियासी के युवकों को रोजगार देने के लिए जम्मू भर्ती कार्यालय के मार्फत यह रैली कर रहा है।



### महाराष्ट्र सरकार की जम्मू कश्मीर में पर्यटन रिजार्ट बनाने की योजना

महाराष्ट्र के मंत्री जयकुमार रावल ने मंगलवार को कहा कि राज्य सरकार की जम्मू कश्मीर और लद्दाख में दो पर्यटन रिजार्ट बनाने की योजना है। राज्य के पर्यटन मंत्री रावल ने कहा कि राज्यपाल और सीएम देवेन्द्र फडणवीस के माध्यम से जम्मू कश्मीर के राज्यपाल को एक पत्र भेजा जायेगा।

### हमारी जम्मू-कश्मीर में होटल बनाने की योजना: कर्नाटक सरकार

**बेंगलुरु।** कर्नाटक सरकार ने मंगलवार को कहा कि उसने जम्मू-कश्मीर में एक होटल और पर्यटन केन्द्र बनाने की योजना तैयार की है। कर्नाटक के पर्यटन मंत्री सी टी रवि ने कहा कि कर्नाटक सरकार इसके लिये जम्मू-कश्मीर सरकार से जमीन मांगेगी।

### मुलाकात...



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता शिक्षकों से मुलाकात की और पठन पाठन में प्रौद्योगिकी के महत्व को रेखांकित किया एवं रचनात्मकता की भावना को धार देने की जरूरत बताई।

## युद्धाभ्यास करेंगी भारत और अमेरिका की सेनाएं

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भारत-अमेरिका के द्विपक्षीय संबंधों को 5 सितंबर से होने वाले युद्ध अभ्यास-2019 से और अधिक मजबूती मिलेगी। इस वर्ष इसका आयोजन वॉशिंगटन स्थित संयुक्त बेस लेविस मेक कॉर्ड में किया जाएगा। सेना द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक दोनों देशों की सेनाओं के बीच हर साल वैकल्पिक रुप से होने वाले इस सैन्य अभ्यास का यह 15वां एडीशन होगा। जिसका समापन 18 सितंबर को होगा। इसे भारत और अमेरिकी थलसेनाओं के बीच जारी सैन्य प्रशिक्षण और रक्षा सहयोग का एक अहम बिंदु भी माना जाता है।

### अभ्यास की खास बातें

युद्धाभ्यास के जरिए दोनों देशों की सेनाएं अलग-अलग प्रकार के खतरों और चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए संयुक्त प्रशिक्षण के साथ एक मजबूत योजना बनाकर उस पर अमल करती हुई नजर आएंगी। इसके अलावा समान हितों से जुड़े हुए विषयों पर सैन्य और अकादमिक विशेषज्ञों के बीच चर्चा के जरिए अपने-अपने अनुभव भी साझा किए जाएंगे। अंत में संयुक्त राष्ट्र के आदेश के तहत दोनों बल अभ्यास में अपनी मारक क्षमता को भी बढ़-चढ़कर प्रदर्शित करेंगे। युद्धाभ्यास के जरिए भारत-अमेरिकी सेनाओं को बटालियन से ब्रिगेड स्तर पर एकजुटता से लड़ने की नीति-निर्माण करने, सैन्य ढांचे, युद्ध प्रक्रिया जैसे बिंदुओं को बारीकी से समझने में मदद मिलती है।

### केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्द्धन ने दी जानकारी

# भारत करेगा एड्स, टीबी और मलेरिया उन्मूलन में करोड़ों डॉलर का योगदान

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत ने एड्स, टीबी और मलेरिया के उन्मूलन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के तहत वैश्विक एड्स, ट्यूबरकुलोसिस और मलेरिया कोष (जीएफटीएएम) के लिए 2.2 करोड़ डॉलर के योगदान की घोषणा की है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्द्धन ने मंगलवार को यह बात कही। भारत दान प्राप्तकर्ता और दानदाता के रूप में 2002 से ही इस कोष से जुड़ा है। हर्षवर्द्धन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदृष्टि और उनके नेतृत्व में भारत ने 2020-22 के छठे चक्र के लिए वैश्विक एड्स, ट्यूबरकुलोसिस और मलेरिया कोष (जीएफटीएएम) के लिए 2.2 करोड़ डॉलर के योगदान की घोषणा की है जो चौथे चक्र में हमारे योगदान से दस फीसद अधिक है। उन्होंने कहा कि भारत इस वैश्विक कोष के साथ अपनी दीर्घकालिक साझेदारी तथा एड्स, टीबी एवं मलेरिया के उन्मूलन के प्रति अपनी कटिबद्धता पर अडिग है। उन्होंने कहा कि इस वैश्विक कोष के प्रति भारत का संकल्प सार्वभौमिक स्वास्थ्य हासिल करने तथा इन तीन महामारियों से लड़ने के लिए सीमापार काम करने और हाथ बंटाने की उसकी समान दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाता है।



- भारत दान प्राप्तकर्ता और दानदाता के रूप में 2002 से ही इस कोष से जुड़ा

### काबुल विस्फोट में 16 लोगों की मौत, 100 से अधिक घायल

**काबुल।** अफगानिस्तान की राजधानी काबुल के मध्य में सोमवार रात को हुए भीषण धमाके में मरने वालों की संख्या बढ़कर 16 हो गई है जबकि 100 से अधिक अन्य घायल हुए हैं। सोमवार देर रात हुए इस हमले की जिम्मेदारी तालिबान ने ली है। गृह मंत्रालय के प्रवक्ता नसरत रहीमी ने मंगलवार को कहा कि सोमवार रात हुए हमले में 16 लोग मारे गए और अन्य 119 लोग घायल हुए हैं। विस्फोट से लदे एक ट्रैक्टर के जरिए यह हमला किया गया। यह हमला ऐसे समय में हुआ जब अमेरिकी विशेष दूत ज़लमय खलीलजाद तालिबान के साथ बातचीत के लिए अफगानिस्तान की राजधानी काबुल पहुंचे हैं।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ.हिमांशु द्विवेदी द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़ रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, सी-11, रिंग रोड़, राजौरी गार्डन, नई दिल्ली-110027 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109